संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 17 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 166 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


दिल्ली में भीषण जल संकट को लेकर बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# विपक्ष ने फिर उठाया ईवीएम पर सवाल

● इलॉन मस्क बोले- ईवीएम हैक हो सकती हैः पूर्व मंत्री का जवाब- यह भारत में संभव नहीं; राहुल बोले- ये ब्लैक बॉक्स है

**विवाद**

**ईवीएम को ठीक उसी तरह डिजाइन किया जा सकता है, जैसा कि भारत ने किया है**






**नई दिल्लीः** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फिर बहस छिड़ गई है। दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन इलॉन मस्क ने 15 जून को लिखा- ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसे इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का खतरा है। हालांकि ये खतरा कम है, फिर भी बहुत ज्यादा है। अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए। इस पर भाजपा नेता और पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा- मस्क के मुताबिक, कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता, ये गलत है। उनका बयान अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है - जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूटर प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। भारतीय ईवीएम सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं। कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट नहीं। यानी कोई रास्ता नहीं है। फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर जिन्हें दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। ईवीएम को ठीक उसी तरह डिजाइन किया जा सकता है, जैसा कि भारत ने किया है। भारत में इसे हैक करना संभव नहीं है। इलॉन, हमें ट्यूटोरियल (सिखाने वाला संस्थान) चलाकर खुशी होगी। वहीं, राहुल गांधी ने मस्क की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कहा- भारत में ईवीएम ब्लैक बॉक्स की तरह है। किसी को भी इसकी जांच की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है।

**राहुल गांधी ने उत्तर-पश्चिम मुंबई की घटना का जिक्र किया, यहां शिवसेना सांसद 48 वोट से जीतेः** राहुल गांधी ने मस्क की पोस्ट में खबर के साथ रीपोस्ट किया। इसमें मुंबई की घटना का जिक्र है। दरअसल, मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से एनडीए और शिवसेना (शिंदे) प्रत्याशी रविंद्र वायकर के साले मंगेश पंडिलकर 4 जून को पाबंदी के बावजूद एक चुनाव अधिकारी का मोबाइल लेकर गोरेगांव के काउंटिंग सेंटर के अंदर गए थे। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग के एक अधिकारी के पास मोबाइल फोन था, जिससे मतगणना के दौरान ओटीपी जनरेट होता है। इससे एश्ट अनलॉक किया जा सकता है। इस फोन का इस्तेमाल सांसद के रिश्तेदार पंडिलकर कर रहे थे। पुलिस को संदेह है कि फोन का इस्तेमाल सुबह से शाम 4.30 बजे तक किया गया, जब काउंटिंग के दौरान कांटे की टक्कर चल रही थी। आखिरकार, वायकर शिवसेना उद्धव गुट के अमोल कीर्तिकर से सिर्फ 48 वोट के अंतर से जीते। 2024 लोकसभा चुनाव में यह जीत का सबसे छोटा अंतर है।

## सपा और शिवसेना ने भी सवाल उठाए

**राहुल** के बाद सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा- टेक्नोलॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

**इलॉन मस्क की पोस्ट**
मस्क ने यह बात अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर की एक पोस्ट को रीपोस्ट करके कही। कैनेडी जूनियर ने प्यूर्टो रिको के चुनावों में ईवीएम से जुड़ी अनियमितताओं के बारे में बताया था और पेपर बैलेट पर लौटने की बात कही थी। अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होंगे।

**रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर बोले- पेपर बैलेट पर लौटना होगा**
अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने पोस्ट में लिखा था- प्यूर्टो रिको के प्राइमरी इलेक्शन में ईवीएम से वोटिंग के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई थीं। सौभाग्य से यह एक पेपर ट्रेल था, इसलिए समस्या की पहचान की गई और वोटों की गिनती को सही किया गया।

## जम्मू-कश्मीरः शाह ने की उच्चास्तरीय बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य पर नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसकी अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है, लेकिन हम इसको भी जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इनोवेटिव तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर एक मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है।

**रोडमैप तैयार**

**जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी सरकारः शाह**

उन्होंने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय पर जोर देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और उनकी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को भारत सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारत सरकार के प्रयासों से कश्मीर घाटी में आतंकी घटनाओं में महत्वपूर्ण कमी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं।

## धारावी की जमीन महाराष्ट्र सरकार के विभागों को होगी हस्तांतरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबईः** करोड़ों रुपये की धारावी झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास परियोजना में अडाणी समूह को भूमि का हस्तांतरण शामिल नहीं होगा। सूत्रों ने इस बारे में स्थिति साफ करते हुए कहा है कि परियोजना में भूमि का हस्तांतरण महाराष्ट्र सरकार के विभागों को किया जाएगा और अदाणी समूह सिर्फ एक परियोजना डेवलपर के रूप में मकान बनाएगा जो उन्हीं विभागों को सौंपे जाएंगे। बाद में इन घरों का आवंटन एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी के निवासियों को किया जाएगा।

**जमीन हड़पने के आरोपों से किया इनकारः** कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने इस मामले में जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। इन आरोपों पर परियोजना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि जमीन के टुकड़े सिर्फ राज्य सरकार के आवास विभाग के धारावी पुनर्विकास परियोजना/स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (डीआरपी/एसआरए) को हस्तांतरित किए जाने हैं। अडाणी समूह ने खुली अंतरराष्ट्रीय बोली में धारावी झुग्गी झोपड़ी पुनर्विकास परियोजना हासिल की थी।

## लोकसभा स्पीकर पद को लेकर सियासी घमासान

**सियासत**

**विपक्षी गठबंधन ने इस पद के लिए चुनाव से पहले बड़ी मांग की है, केसी त्यागी ने विपक्षी को फटकारा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुआई वाली एनडीए की फिर से केंद्र में सरकार बनी है। नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बाद प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभाली है। अब 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष कौन होगा? यह सवाल सबकी जुबान पर है। इसको लेकर सियासत शुरू हो गई है। विपक्षी गठबंधन ने इस पद के लिए चुनाव से पहले बड़ी मांग की है। वहीं एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भाजपा के प्रमुख सहयोगियों टीडीपी और जदयू की नजरें लोकसभा स्पीकर की कुर्सी पर हैं। इन सबके बीच जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रवक्ता केसी त्यागी ने इंडी गठबंधन की आलोचना की और बताया कि कुर्सी का हकदार कौन हैं।

**सदन का सबसे गरिमापूर्ण पदः** लोकसभा स्पीकर के चुनाव पर केसी त्यागी ने कहा, 'लोकसभा स्पीकर का पद सदन का सबसे गरिमापूर्ण पद होता है।

## अमृतपाल के समर्थक राष्ट्रपति से मिलने पहुंचे, रिहाई देने की मांग उठाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद "वारिस पंजाब दे" के प्रमुख अमृतपाल सिंह के समर्थक राष्ट्रपति से मिलने दिल्ली पहुंचे। शिरोमणि अकाली दल फतेह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर अमृतपाल को जेल से रिहाई देने की मांग की, ताकि वह बतौर सांसद के रूप में शपथ ले सकें और संसदीय प्रक्रिया में शामिल हो सकें। इस पर राष्ट्रपति ने उन्हें आश्वासन दिया कि मामले में न्यायपूर्वक उचित कदम उठाया जाएगा।


केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्धः ट्रूडो



**टीम एक्शन इंडिया**
**रोमः** भारत और कनाडा के रिश्ते तनावपूर्ण चल रहे हैं। इस बीच जी7 शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात हुई और दोनों देशों ने साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने भी दोनों नेताओं की हाथ मिलाते हुए एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की, जिसके कैप्शन में लिखा गया था कि 'जी7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की।'

**संबंध तनावपूर्ण होने के बाद पहली मुलाकातः** खालिस्तानी चरमपंथियों को लेकर तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के बीच पीएम मोदी और जस्टिन ट्रूडो के बीच यह पहली बैठक है। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए ट्रूडो ने कहा कि 'मैं इस अहम और संवेदनशील मुद्दे के विवरण में नहीं जाऊंगा, जिस पर हमें आगे काम करने की जरूरत है, लेकिन हमने आने वाले समय में अहम मुद्दों पर साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।' दोनों नेताओं के बीच इससे पहले भारत में हुए जी20 सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई थी। मुलाकात में ट्रूडो ने प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर निर्वाचित होने की बधाई दी।

**प्रतिबद्धता**

**पीएम मोदी से मुलाकात में महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात हुई साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई**

**निज्जर की हत्या के बाद बिगड़े थे दोनों देशों के संबंधः** बीते साल कनाडा में एक खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ने इसका आरोप भारत पर लगाया था।

## एनटीए में सुधार की जरूरत, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगाः प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** नीट मुद्दे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सख्ती दिखाते हुए दोषियों को न बख्शने की बात कही है। प्रधान ने छात्रों को आश्वासन दिया है कि जो भी इस अपराध में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, शिक्षा मंत्री ने एनटीए में सुधार की जरूरत पर चिंता व्यक्त की है।

**दो जगहों पर पाई गई अनियमितताः** शिक्षा मंत्री ने कहा, "सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा पर 1,563 अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा का आदेश दिया गया है। दो जगहों पर कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं। मैं छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त करता हूं कि सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है।" प्रधान ने मामले की गंभीरता को समझते हुए छात्रों को आश्वासन दिया है कि यदि कोई अधिकारी भी इसमें संलिप्त पाया जाएगा तो उसे भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, "एनटीए के बड़े अधिकारी भी दोषी पाए गए तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। एनटीए में बहुत सुधार की जरूरत है।

सरकार इस बारे में चिंतित है, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलेगी।"



**कार्यवाही**

**जो भी इस अपराध में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगीः धर्मेंद्र प्रधान**

## किसानों ने लाडोवाल टोल प्लाजा को कराया फ्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**लुधियाना (पंजाब)**
**भारतीय** किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने रविवार को नेशनल हाईवे पर बने लाडोवाल टोल प्लाजा को फ्री करा दिया है। यूनियन के नेताओं का कहना है कि यह पंजाब का सबसे महंगा टोल हैं और यहां पर एक कार के एक साइड के 220 रुपये वसूल किए जा रहे हैं, जोकि कतई तर्कसंगत नहीं है। किसानों ने साफ किया है कि जब तक इस टोल के रेट कम नहीं किए जाते, धरना जारी रहेगा और सभी वाहन बिना टोल के ही यहां से गुजरेंगे। भारतीय किसान यूनियन ने कई दिन पहले ही नेशनल हाई वे अथारिटी आफ इंडिया को टोल की दरें कम करने का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन प्रबंधन ने दरों को कम नहीं किया। नतीजतन अल्टीमेटम खत्म होने के बाद ही बड़ी संख्या में किसान टोल पर पहुंच गए और उन्होंने वहां पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** गंगा दशहरा के अवसर पर प्रयागराज, वाराणसी, हरिद्वार, गढ़मुक्तेश्वर सहित विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। बड़ी संख्या में लोग रविवार तड़के ही स्नान के लिए घाटों पर पहुंचे। गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी। लोग सवेरे से ही स्नान के लिए घाटों पर पहुंचे जिसका सिलसिला देर सुबह तक जारी रहा। गंगा दशहरा के मौके पर वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या और हरिद्वार के गंगा घाटों पर भारी भीड़ जुटी।

**कांग्रेस ने घेरा** संसद परिसर के भीतर मूर्तियों को स्थानांतरित करने का निर्णय सत्तारूढ़ शासन द्वारा 'एकतरफा' लिया गया था

## गांधी, अंबेडकर ... संसद भवन परिसर से मूर्तियां हटाने पर भड़की कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि संसद परिसर के भीतर मूर्तियों को स्थानांतरित करने का निर्णय सत्तारूढ़ शासन द्वारा 'एकतरफा' लिया गया था और इसका एकमात्र उद्देश्य महात्मा गांधी और बीआर अंबेडकर की मूर्तियों को उस स्थान पर नहीं रखना था। विपक्षी दल का यह हमला उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा 'प्रेरणा स्थल' का उद्घाटन करने से पहले आया है, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों और अन्य नेताओं की सभी मूर्तियां रखी जाएंगी, जिन्हें पहले संसद परिसर में विभिन्न स्थानों पर रखा गया था। कांग्रेस ने मूर्तियों को उनके मौजूदा स्थान से हटाने के फैसले की आलोचना की है, जबकि लोकसभा सचिवालय ने कहा है कि उन्हें अलग-अलग स्थानों पर रखने से आगंतुकों के लिए उन्हें ठीक से देखना मुश्किल हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा की वेबसाइट के अनुसार, चित्र और प्रतिमाओं पर संसद की समिति की आखिरी बैठक 18 दिसंबर, 2018 को हुई थी और 17वीं लोकसभा (2019-2024) के दौरान इसका पुनर्गठन भी नहीं किया गया था, जो पहली बार उपसभापति के संवैधानिक पद के बिना काम कर रही थी। उन्होंने कहा, "आज संसद परिसर में प्रतिमाओं के बड़े पुनर्गठन का उद्घाटन किया जा रहा है। स्पष्ट रूप से यह सत्तारूढ़ शासन द्वारा एकतरफा लिया गया निर्णय है।" इसके अलावा अब अंबेडकर जयंती समारोह भी उस तरह से भव्य रूप से नहीं होगा। उसका उतना महत्व नहीं रह जाएगा, क्योंकि उनकी प्रतिमा अब संसद परिसर में विशिष्ट स्थान पर नहीं होगी। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "इसका एकमात्र उद्देश्य महात्मा गांधी और डॉ अंबेडकर की प्रतिमाओं को संसद की वास्तविक बैठक के ठीक बगल में नहीं रखना है - जो शांतिपूर्ण, वैध और लोकतांत्रिक विरोध के पारंपरिक स्थल हैं।"



**आलोचना**

**कांग्रेस ने मूर्तियों को उनके मौजूदा स्थान से हटाने के फैसले की आलोचना की है**

# ब्रजघाट पर मिला कभी न भूलने वाला गम: गंगा दशहरे पर स्नान के दौरान 11 लोग डूबे

**टीम एक्शन इंडिया**
**गढ़मुक्तेश्वर :** ज्येष्ठ गंगा दशहरे पर स्नान करने के लिए हापुड़ स्थित ब्रजघाट और कच्चे घाट लठीरा पर आए एक बच्चे समेत 11 श्रद्धालु गंगा के गहरे जल में डूब गए। जिनमें से नौ श्रद्धालुओं को सकुशल बचा लिया गया। जबकि एक युवक का कुछ पता नहीं चल सका। वहीं बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है। जनपद मेरठ के माधवपुरम निवासी संजय त्यागी का 18 वर्षीय बेटा वंश परिजनों के साथ कार्तिक पूर्णिमा मेला स्थल पर ज्येष्ठ गंगा दशहरे पर गंगा स्नान करने के लिए आया था। स्नान के दौरान तेज बहाव में बहने के चलते वंश डूबने लगा। परिजनों और अन्य श्रद्धालुओं के शोर मचाने पर स्थानीय मल्लाहों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। इसके अलावा मेरठ के मोदीपुरम निवासी विजय कुमार का 10 वर्ष का बेटा आदि अपनी नानी के साथ ब्रजघाट में स्नान करने आया था, जो अचानक तेज बहाव में बह गया। नाविक और गोताखोर तुरंत ही मोटरबोट लेकर उसकी तलाश में गंगा में उतर गए, करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आदि को बाहर निकाला और चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दिल्ली निवासी कपिल, अरुण, मेरठ निवासी सोनू, बबलू, शनि, बागपत निवासी विष्णु, मवाना निवासी हरीशंकर भी गहरे जल में जाने से डूब गए, हालांकि समय रहते सभी लोगों को बचा लिया गया। इसके अलावा ब्रजघाट में भी दीपक कुमार गजरौला और अमित कुमार राजेंद्र नगर दिल्ली डूबने लगे, दोनों को गंगा किनारे मौजूद श्रद्धालुओं ने बचा लिया। सीओ आशुतोष शिवम का कहना है कि लठीरा घाट पर डूबे युवक के शव की तलाश कराई जा रही है।




**दुखद**

**संजय त्यागी का 18 वर्षीय बेटा वंश परिजनों के साथ कार्तिक पूर्णिमा मेला स्थल पर ज्येष्ठ गंगा दशहरे पर गंगा स्नान करने के लिए आया था**

# जालसाज ने एटीएम कार्ड बदल एक लाख से ज्यादा रुपये निकाले

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** मसूरी क्षेत्रांतर्गत एक रिटायर्ड अध्यापक ईद की खरीदारी के लिये एनएच नौ मसूरी स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गये। पैसे नहीं निकलने पर वहां पहले से मौजूद एक व्यक्ति ने हेरफेर कर वृद्ध अध्यापक का एटीएम कार्ड बदल दिया और 60 हजार की शापिंग तथा खाते से पांच बार में 50 हजार निकाल लिये। अध्यापक को घर जाकर पता चला तो उन्होंने बैंक एकाउंट बंद कराकर पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाई करने की गुहार लगाई है। साईबर सैल में भी शिकायत दी गई है।

जनपद हापुड़ के ग्राम पिपलैड़ा निवासी अरशद अली पुत्र अब्दुल कय्यूम शिक्षा विभाग से रिटायर्ड अध्यापक हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार रात 9:30 बजे वे मसूरी एनएच नौ स्थित बिन्दल पेन्ट के पास एक्सिस बैंक के एटीएम मशीन से ईद की खरीदारी के लिये पैसे निकालने गये थे। उन्होंने अपना एटीएम कार्ड मशीन में डाला मगर कार्ड से पैसे नहीं निकले तो वहां पहले से मौजूद एक व्यक्ति ने अध्यापक को बातों में उलझाकर हेर फेरकरके वृद्ध अध्यापक का एटीएम कार्ड बदल दिया और वहां से चला गया। अध्यापक भी वहां से अपने घर चले गए। मगर कुछ देर बाद ही फोन पर मैसेज आया तो पता चला कि उनके कार्ड से आन लाइन 60 हजार की शापिंग किसी पूरन सिंह निवासी गुडगांव के नाम से की गई तथा 10-10 हजार रूपए 5 बार में सिर्फ पांच मिनट में ही 50 हजार रूपए निकाले गये।



# ट्रेन की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत, जांच में जुटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** लोनी बार्डर थाना क्षेत्र के नहर रेलवे अंडरपास के पास दिल्ली से सहारनपुर जा रही ट्रेन की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत हो गई है। सुबह करीब छह बजे हादसा हुआ। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस व थाना लोनी बार्डर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान आसिफ पुत्र अनीश, उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम निवाड़ा थाना कोतवाली बागपत, गुड्डू पुत्र हरपाल सिंह, उम्र करीब 20 वर्ष निवासी गली नंबर 13 चौकी संगम विहार थाना लोनी बॉर्डर, देवेश पुत्र वीरपाल, उम्र करीब 25 वर्ष निवासी दादरी ग्रेटर नोएडा के रूप में हुई है। मृतक गुड्डू की मां गुड्डो देवी ने बताया कि देवेश उनका दामाद है। गुड्डू और देवेश एक साथ ऑटो चलाते हैं। आज सुबह करीब चार बजे इन लोगों ने ऑटो को एक पार्किंग में खड़ा किया था।

**हादसा**

**मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस व थाना लोनी बार्डर पुलिस मामले की जांच में जुटी है**

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** गाजियाबाद के मुरादनगर इस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर रेवडी रेवड़ा गांव के पास रात दो बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। खड़े कैंटर में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है और करीब 24 लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, आईसर कैंटर गन्नौर हरियाणा भट्टे से हरदोई (यूपी) जा रहा था, इस गाड़ी में कुल 37 लोग सवार थे, इनमें महिला और बच्चे भी शामिल हैं। पेरीफेरल हाईवे के किनारे गांव रेवाड़ी रेवड़ा गांव के पास बाई तरफ चालक गाड़ी खड़ा करके लघुशंका कर रहा था। पीछे बागपत की तरफ से ट्रक ने सामने खड़ी आयशर कैंटर मैं टक्कर मार दी आयसर कैंटर में सवार चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान इरसाद उम्र 20 वर्ष पुत्र ईश्वर, नाजुमन उम्र 60 वर्ष पत्नी ईश्वर, सबीना उम्र 21 वर्ष पत्नी नौशाद, माया देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी महेंद्र सिंह के रूप में हुई है, सभी मृतक गांव मझला कुमरूआ थाना मझला जनपद हरदोई के हैं, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों का इलाज संजयनगर और जीटीवी दिल्ली में चल रहा है, घायल खतरे से बाहर हैं। यह सब भट्टे पर काम करने वाले लोग हैं। (1) शंकर उम्र 70 वर्ष पुत्र नन्हे हरदोई, सुनहरा उम्र 20 वर्ष पुत्री इरसाद हरदोई, महेंद्र उम्र 48 वर्ष पुत्र शंकर हरदोई, रुचि उम्र 16 वर्ष पुत्री महेंद्र हरदोई, हास्नूर उम्र 3 वर्ष पुत्र इरफान हरदोई, रूबी उम्र 22 वर्ष पत्नी इरफान हरदोई, शबनुर उम्र 5 वर्ष पुत्र इरफान हरदोई, सुलेमान 28 वर्ष पुत्र ताहिर शाहजहां, शाहिद 22 वर्ष पुत्र ताहर शाहजहांपुर, शाद मोहम्मद 34 वर्ष पुत्र फतेह शेर शाहजहांपुर, खुशनुमा 22 वर्ष पुत्री आबिद शाहजहांपुर, फलकनूर 03 वर्ष पुत्री सोनू शाहजहांपुर, अयान 05 वर्ष पुत्र सोनू शाहजहांपुर, फैजान 01 वर्ष पुत्र सोनू शाहजहांपुर, चुन्नू 30 वर्ष पुत्र इरशाद शाहजहांपुर, रासना 25 वर्ष पुत्री शाहिद शाहजहांपुर, अंसिका 12 वर्ष पुत्री याकूब याकूब शाहजहांपुर (19) चांद बाबू 01वर्ष पुत्र याकूब शाहजहांपुर।





# युवक की हरकत पर जज ने डांटकर बाहर निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल:** हरियाणा के पलवल में तलाक के मुकदमे की सुनवाई के दौरान ही पति ने पत्नी के साथ गाली-गलौज कर धमकी दी। अदालत ने आरोपी को कोर्ट रूम से बाहर निकाला तो आरोपियों ने पार्किंग में पत्नी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। कैंप थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जांच अधिकारी सुखबीर के अनुसार, गीता कॉलोनी निवासी श्वेता जैन ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पति ईवान जैन से उसका तलाक का मुकदमा चल रहा है। अदालत में पेशी के दौरान वह और उसका पति ईवान कोर्ट रूम में मौजूद थे। इसी दौरान ईवान ने उससे बुरा-भला कहते हुए चरित्र पर सवाल उठाकर बेइज्जत किया। जज ने आरोपियों को डांटकर कोर्ट रूम से बाहर निकाला तो बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी दी।

आरोपी के डर से उसने अपनी शिकायत वापस ले ली और बाहर आ गई। जैसे ही वह पार्किंग में पहुंची तो आरोपियों ने उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गंगा में पांच लाख से ज्यादा ने लगाई आस्था की डुबकी, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर :** हापुड़ जिले के ब्रजघाट गंगा में ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रविवार की सुबह ब्रह्म मुहूर्त आरंभ होते ही चार बजे से गंगा स्नान करना प्रारंभ कर दिया। वहीं कार्तिक पूर्णिमा मेला स्थल लठीरा घाट और पुष्पावती पूठ के गंगा तट पर भी स्नानार्थियों का सैलाब उमड़ा। सुबह से शुरू हुआ स्नान देर शाम तक निरंतर चलता रहा। भक्ति, मोक्ष और पुण्य के तट पर ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए ब्रजघाट गंगानगरी का कोना कोना भक्ति के सागर में डूबा रहा। सडकों से लेकर गंगा तट तक सिर ही सिर नजर आए। पुलिस ने हादसों से बचाव के लिए गंगा को आने वाले रास्तों को बंद कर दिया।

जिसके चलते हाईवे से लेकर गंगा तट तक पहुंचने के लिए लाखों श्रद्धालुओं को करीब दो किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा। इस दौरान गंगा तट पर बैठे पुजारियों से श्रद्धालुओं ने पूजा पाठ कराई, साथ ही हवन पूजन भी कराया गया। जिससे गंगानगरी में रौनक देखने को मिली। प्रशासन के अनुसार ब्रजघाट, पुष्पावती पूठ और खादर के कच्चे घाटों पर करीब पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई है।

**गंगा पूजन भी कराया:** गंगा तट पर नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद समेत अन्य स्थानों से पहुंचे परिवार के लोगों ने गंगा पूजन भी कराया। इस दौरान गंगा तट पर ढोल ताशों के साथ कुआं पूजन कराया और घाट किनारे बैठने वाले पुजारियों को दान भी किया।

**बच्चों का कराया मुंडन:** श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर ज्येष्ठ गंगा दशहरा के शुभ अवसर बच्चों का मुंडन भी कराया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गंगा मैया से विश्व शांति और बच्चों के उज्जवल भविष्य की मन्नत मांगी। शनिवार की रात एडीजी मेरठ जोन ध्रुवकांत ठाकुर, एसपी अभिषेक वर्मा, एएसपी राजकुमार अग्रवाल, सीओ आशुतोष शिवम के साथ गंगानगरी पहुंचे। एडीजी ने गंगा के स्नानघाट, पार्किंग स्थल, हाईवे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी तरह की भी चूक होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं हाईवे पर जाम न लगने देने का निर्देश दिया। शनिवार की देर रात और रविवार की सुबह गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमडना शुरू हो गई। जिसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिल्ली से मुरादाबाद वाले रूट पर जाम की स्थिति बननी शुरू हो गई। अल्लाबख्शपुर टोल प्लाजा पर स्थिति और भी विकट हो गई। जिसके चलते चार घंटे से अधिक समय तक श्रद्धालुओं और राहगीरों को जाम झेलना पड़ा। वहीं लठीरा घाट को जाने वाले कच्चे रास्ते पर व्यवस्था न होने के चलते जाम की स्थिति बनी रही। एसपी अभिषेक वर्मा, एएसपी राजकुमार अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी लगतार निरीक्षण करते रहे।



**आस्था**

**श्रद्धालुओं ने रविवार की सुबह ब्रह्म मुहूर्त आरंभ होते ही चार बजे से गंगा स्नान करना प्रारंभ कर दिया**

# सात हजार अभ्यर्थियों ने छोड़ दी लोक सेवा आयोग की परीक्षा

**नोएडा।** जिले में रविवार को सात हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने लोक सेवा आयोग की परीक्षा छोड़ दी। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के 43 सेंटरों पर 13 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। केंद्रों से बाहर निकल रहे अभ्यर्थियों ने बताया कि इस बार परीक्षा सामान्य रही। ऐसे में कटऑफ अधिक रह सकती है। सेक्टर- 51 होशियारपुर बालिका इंटर कॉलेज, डीपीएस वर्ल्ड स्कूल, आईआईएमटी कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक, एस्टर पब्लिक स्कूल, होली पब्लिक स्कूल, गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज, महामाया बालिका इंटर कॉलेज, गगन पब्लिक स्कूल, मॉडर्न स्कूल समेत कई सेंटरों पर 20,544 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी।

# ट्रक ने साइड में खड़े कैंटर को मारी टक्कर, 4 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादनगर:** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर रेवड़ी-रेवड़ा गांव के पास शनिवार रात तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े कैंटर में टक्कर मार दी। हादसे में कैंटर सवार तीन महिला समेत चार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 24 लोग घायल हो गये। घायलों को गाजियाबाद व दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनमें आठ की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में मां-बेटा भी शामिल हैं। सभी लोग हरियाणा के गनौर में ईट-भट्टे पर काम करते थे, हादसे के समय उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर व हरदौई लौट रहे थे। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। शनिवार रात करीब 1:15 बजे हरियाणा के गन्नौर स्थित ईंट-भट्टे पर काम करने वाले 37 मजदूर कैंटर में सवार होकर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे के रास्ते अपने घर शाहजहांपुर व हरदोई लौट रहे थे। जिसमें महिला, पुरूष व बच्चे सवार थे। रेवड़ी-रेवड़ा गांव के पास कुछ मजदूर लघुशंका के लिए कैंटर से उतर गये। चालक राजेंद्र ने कैंटर को सड़क किनारे अपनी साइड लगा लिया। इसी बीच हरियाणा की तरफ से तेजगति से आ रहे ट्रक ने पीछे से खड़े कैंटर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के अगले हिस्से व कैंटर के पिछले हिस्से के परखच्चे उड़ गये। कैंटर में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। कैंटर में पीछे खड़ी महिला नाजुमन (60) पत्नी ईश्वर अली, इरशाद (20) पुत्र ईश्वर अली, शबीना (21) पुत्री नौशाद व माया देवी (40) पत्नी महेंद्रपाल निवासी मझला कमरुआ गांव जनपद हरदोई की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को सीएचसी, गाजियाबाद संजयनगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत होने पर मुरादनगर से गाजियाबाद रेफर किया गया, इसके बाद घायलों को दिल्ली रेफर किया गया। बताया गया है कि हादसे में 24 लोग घायल हुए है। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सभी घायलों को उपचार दिल्ली गाजियाबाद में चल रहा है, घायल खतरे से बाहर हैं, ट्रक चालक की तलाश जारी है, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

**हादसे के बाद ट्रक व कैंटर के बीच फंस गए थे मृतक**
कैंटर सवार लोग लघुशंका के लिए कुछ लोग सड़क किनारे फुटपाथ पर खड़े थे, जबकि मृतक चारों लोग कैंटर के पीछे खड़े होकर अंदर बैठ लोगों से बातचीत कर रहे थे। इसी बीच तेजगति से आता ट्रक दिखाई दिया, ट्रक साइड से गुजरने की बजाय कैंटर से जा टकराया।




# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# वन-मित्रों की भर्ती की जाएगी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## पौधों की ड्रोन से नियमित मैपिंग के दिए निर्देश, आग बुझाने में देरी पर नपेंगे फॉरेस्ट -गॉर्ड से लेकर उच्चाधिकारी तक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बताया कि जल्द ही वन-मित्र स्कीम के तहत वन-मित्रों की भर्ती की जाएगी जिनको पौधों की देखभाल करने के लिए मानदेय दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन विभाग द्वारा वन -क्षेत्र में पहले से लगे हुए तथा हर वर्ष पौधारोपण अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों की ड्रोन से नियमित मैपिंग की जाए। वन भूमि पर आग लगने पर बुझाने में देरी होने पर फोरेस्ट -गॉर्ड से लेकर उच्चाधिकारी तक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ाज चंडीगढ़ में वन एवं वन्य जीव विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने " प्राण वायु देवता स्कीम " का ब्रॉशर का विमोचन भी किया। बैठक में पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव राज्यमंत्री संजय सिंह भी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वन -क्षेत्र से अवैध कटाई को कतई सहन नहीं किया जाएगा, अगर इसमें किसी कर्मचारी की सहभागिता पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रति वर्ष वन विभाग द्वारा बरसात के मौसम में चलाए जाने वाले वृक्षारोपण अभियान की विस्तार से समीक्षा की और कहा कि इन पौधों की जियो -टैगिंग की जाए तथा ड्रोन की मदद से पांच साल तक उनकी ग्रोथ पर नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जंगलों में होने वाली

**बैठक**

**बुझाने में देरी होने पर फोरेस्ट -गॉर्ड से लेकर उच्चाधिकारी तक की जिम्मेदारी तय की जाएगी**

आगजनी की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं से जीव जंतु तो मरते ही हैं , करोड़ों रुपए की लकड़ी का नुकसान होता है और प्रदूषण भी फैलता है। उन्होंने कहा कि अगर आगजनी की घटना होने पर आग बुझाने में अनावश्यक देरी हुई तो वन विभाग के फारेस्ट गॉर्ड से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी नपेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलेसर , सुल्तानपुर जैसे नेशनल पार्क और अन्य गहरे जंगलों में नहरों या ट्यूबवैलों से पानी पहुँचाने की व्यवस्था की जाए ताकि ज्यादा गर्मी में वन्य जीवों के लिए यह पानी पीने के काम आ सके और इससे आगजनी की घटना होने पर आग बुझाने में सहयोग मिल सकेगा। मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि इस वर्ष 2024 -25 में 150 करोड़ रुपए का बजट पौधारोपण के लिए आवंटित किया गया है जबकि हर्बल पार्क के लिए 10 करोड़ खर्च किये जाएंगे। मुख्यमंत्री को अवगत करवाया गया कि 75 वर्ष से अधिक उम्र के स्वस्थ पेड़ों की देखभाल करने वालों को राज्य सरकार द्वारा "प्राण वायु देवता" स्कीम के तहत 2750 रुपए प्रति वर्ष पेंशन देने की योजना चलाई गई है।

# 30 जून को चरखी दादरी में होगी आप की महारैली: अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

**आम आदमी** पार्टी ने राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल के 30 जून को हरियाणा दौरे को चलते बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने बताया कि आम आदमी पार्टी की महारैली चरखी दादरी में होगी। राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल विधानसभा चुनावों की तैयारियों का शंखनाद करेगी। प्रदेश की 90 विधानसभाओं में आम आदमी पार्टी के संगठन मंत्री आगामी महा रैली की तैयारियों को लेकर बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि 17 और 18 जून को प्रदेश के सभी विधानसभा हलकों में कार्यकर्ता सम्मेलन होंगे। हिसार विधानसभा रूरल और अर्बन और सिरसा की बैठक आयोजित की जाएगी। इनकी अध्यक्षता संगठन मंत्री अश्विनी दुल्हेड़ा करेंगे। फरीदाबाद में होने वाली बैठक राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में होगी। फतेहाबाद और जींद विधानसभा की बैठक की अध्यक्षता संगठन मंत्री रणदीप राणा करेंगे। महेंद्रगढ़ की बैठक की अध्यक्षता रविंद्र मटरू करेंगे। वहीं 18 जून को कुरूक्षेत्र में बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं में आगामी 30 जून की महारैली को लेकर उत्साह है। पूरे प्रदेश से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता रैली में पहुंचने का काम करेंगे। वहीं आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए बूथ स्तर तक अपने संगठन को मजबूत करने का काम करेगी। लोकसभा चुनावों में मिले वोटों के बाद आम आदमी पार्टी प्रदेश में तीसरा बड़ा विकल्प बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि 30 जून को होने वाली महारैली हरियाणा में आम आदमी पार्टी का विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर बिगुल बजाएगी। पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल का संदेश जनता तक लेकर जाएंगे।



**चुनाव का शंखनाद**

**राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल करेंगी विधानसभा चुनाव का शंखनाद: अनुराग**

# ईको ग्रीन का टेंडर किया कैंसिल: राव इंद्रजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था में बहुत जल्द सुधार देखने को मिलेगा। गुरुग्राम का कूड़ा उठाने वाली कंपनी ईको ग्रीन का टेंडर प्रदेश सरकार की ओर से रद्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मैंने प्रदेश सरकार से उक्त मांग रखी थी। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जिला प्रशासन व नगर निगम अधिकारियों को संयुक्त टीम बनाकर आमजन को बेहतर पर्यावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। वहीं संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि सफाई व्यवस्था को लेकर आमजन की जो भी शिकायतें मिलें उनका प्राथमिकता के साथ निवारण करने उपरांत उसका फीडबैक भी लें। केंद्रीय मंत्री आज गुरुग्राम के सेक्टर 10 में जाट कल्याण सभा द्वारा बनाए जाने वाले जाट भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सुभाष बराला द्वारा की गई। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुरूग्राम में जाम से निजात दिलाने के लिए एक ओर जहां सड़को व अंडरपास का निर्माण किया गया है। वहीं पुराने गुरूग्राम को मेट्रो से जोड़ने का कार्य भी धरातल पर प्रगति पर है। केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि वैश्विक स्तर पर मिलेनियम सिटी की पहचान रखने वाले गुरूग्राम शहर को अगले पांच वर्षों में एक अंतर्राष्ट्रीय शहर की सुविधाएं भी मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने इस अवसर पर भवन निर्माण में आर्थिक रूप से सहयोग करने वाले गणमान्य को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि इस प्रकार की संस्थाएं हमारी वसुधैव कुटुम्बकम् की विचारधारा को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं के इन्ही प्रयासों से समाज निश्चित रूप से आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि देश मे हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जहां सामाजिक समरसता के प्रतीक सभी वर्गों के महापुरुषों की जयंती को सरकार के स्तर पर मनाया जाता हैं।

**सफाई व्यवस्था**

**लोक सभा चुनाव से पूर्व प्रदेश सरकार से रखी थी मांग, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता**

# ग्रामीणों ने मिट्टी से भरे ओवरलोड डंफरों को फाटक पर रोका

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद: सफीदों** उपमंडल के गांव बहादुरगढ़ की रेलवे फाटक के पास रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव में से होकर गुजर रहे ओवरलोड मिट्टी के डंफरो को अवरोधक डाल कर रोक लिया। ग्रामीणों ने ओवरलोड़ डंफरों के द्वारा गांव की गलियों व लिंक सड़कों को बुरी तरह से तोडने तथा अवैध खनन के आरोप लगाए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर डायल 112 को दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव के खेतों से पिछले काफी समय से अवैध खनन का कार्य चल रहा है। इस कार्य के लिए बड़े-बड़े डंफरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये डंफर ओवरलोड होकर चलते हैं और इनके ऊपर कोई तिरपाल वगैरह भी ढका हुआ नहीं होता। जिसके कारण पूरे गांव में चारो ओर मिट्टी फैल गई है और धूल के गुबार उड़ रहे हैं। ओवरलोड़ डंफरों के कारण गांव की तमाम गलियां क्षतिग्रस्त हो गई है। गांव में अनेक स्थानों पर पानी सप्लाई की लाईनें टूट गईं है और घरों की दीवारों में दरारें आ गई हैं। इसके अलावा हाल ही में नई बनी मलार-बहादुरगढ़ तथा सिल्लाखेड़ी-रोझला सड़कों को भी इन ओवरलोड़ डंफरों ने तोड़ दिया है। ग्रामीणों का कहना था कि खेतों से दो से तीन फूट मिट्टी उठाने की इजाजत है लेकिन सभी नियमों को ताक पर रखकर पांच से छह मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। जब वे इन डंफर चालकों को आराम से चलाने व मिट्टी के ऊपर तिरपाल वगैरह लगाने की बात कहते हैं तो वे उन्हे भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं। इन डंफरों के कारण उनका व उनके परिवारों विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों का जीना दूभर हो गया है। गांव की इस समस्या की ओर शासन व प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। ग्रामीणों ने साफ किया कि वे अब उनके जीवन को संकट में झोंकने वाले इन ओवरलोड़ डंफरों को गांव में नहीं चलने देंगे। अगर खेतों से मिट्टी उठाई भी जानी है तो उन्हे हल्के वाहनों के द्वारा उठाया जाए। अगर यह सिलसिला यूं ही जारी रहा तो गांव की बची गलियां व सड़के पूरी तरह से तहस-नहस हो जाएंगी। ग्रामीणों ने इस मामले में प्रशासन से दखल देने की गुहार लगाई।

**अवैध खनन**

**अगर खेतों से मिट्टी उठाई भी जानी है तो उन्हे हल्के वाहनों के द्वारा उठाया जाए**

# पलवल पुलिस ने ट्रक से पकड़ा 50 लाख का चूरापोस्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल: पल**वल पुलिस ने ट्रक में पंजाब ले जाया जा रहा 50 लाख रुपए कीमत का नशीला पदार्थ बरामद करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने रविवार को ट्रक को कब्जे में लेकर उसके कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया। ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। सीआईए हथीन की टीम ने मुंडकटी थाने में केस दर्ज कराकर कार्रवाई शुरूकर दी है। हथीन सीआईए प्रभारी दीपक गुलिया ने बताया कि बताया कि उनको सूचना मिली की आगरा की तरफ से एक ट्रक में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लाया जा रहा है। ट्रक नेशनल हाईवे-19 से पलवल होता हुआ पंजाब के लिए जाएगा। सूचना पर उनकी टीम ने नेशनल हाईवे-19 पर मुंडकटी थाना के निकट नाकाबंदी कर दी। ट्रक को आता देख उसे रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने ट्रक को दूर रोक दिया और कूद कर भाग गया। कंडक्टर ने भागे का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। डीएसपी नरेश कुमार की देखरेख में ट्रक की तलाशी ली तो ट्रक में रखी पुरानी बैट्रियों व प्लास्टिक के कट्टों में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ चूरा पोस्त भरा हुआ था।

# घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

पलवल: पलवल जिले में तेज गाड़ी चलाने का विरोध करने पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने घर पर आकर जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से घर में घुसकर कई राउंड गोली भी चलाई। पुलिस ने घायल की शिकायत पर 8 नामजद सहित 15 आरोपियों के खिलाफ रविवार को हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर सिंह ने बताया कि टहरकी गांव निवासी चेतन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह और उसके ताऊ का बेटा दीपक अपने खेतों से घर लौटकर आ रहे थे। उसी दौरान पीछे से एक गाड़ी तेज रपफ्तार से आई। जिससे उसके ताऊ का बेटा बाल-बाल बचा गया, तो उसने गाड़ी देखकर चलाने के लिए कह दिया। इसी बात पर गाड़ी चालकने गाड़ी रोकी और उसमें से टहरकी गांव निवासी संदीप, धतीर निवासी साहिल व दो अन्य व्यक्ति उतरे तथा उनके साथगाली-गलौच कर धमकी दी, कि अभी रूको देखते है। उसके आधे घंटे बाद पीडित व उसके ताऊ का बेटा दीपक अपने गेट के सामने बैठे हुए थे। उसी दौरान पांच बाइक पर10-15 व्यक्ति आए। जिनमें से टहरकी गांव निवासी संदीप और धतीर गांव निवासी साहिल, कुनाल और सोनु ने हारथों मेंली हुई देशी पिस्तौल व कट्टों से उन पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। लेकिन वे इथर-उधर लेट कर गोलियोंसे बच गए। गोली की आवाज सुनकर वहां पर रवि, पीड़ित के चाचा का बेटा हरेंद्र और चाचा बिजेंद्र भी वहां आ गए।

# भाजपा पिछले तीन सालों से टालती आ रही है निकाय चुनाव: कुमारी सैलजा

**साधा निशाना**

**समय पर निकाय और पंचायती चुनाव न करवाना नागरिकों के अधिकारों का हनन**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की विजयी सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार चुनाव के नाम पर डरी हुई, निकाय चुनाव पिछले तीन वर्षो से टाले जा रहे हैं, लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद से भाजपा के पैरों तले की जमीन ही खिसक गई है, अब वह कोई न कोई बहाना बनाकर इन चुनाव को विधानसभा चुनाव से पहले करवाने में कतरा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि तुरंत निकाय चुनाव करवाएं और राजीव गांधी द्वारा लाए गए पंचायती राज बिल के अनुसार नगरों का विकास शहरों के हवाले करें। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में कई निकाय ऐसे है, जिनका कार्यकाल खत्म हुए कई साल गुजर चुके है। इतना ही नहीं हरियाणा के चुनाव आयुक्त की ओर से इस बारे में 31 मई 2024 को प्रदेश सरकार को पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कुल 35 स्थानीय निकायों के चुनाव होने है। इनमें 08 नगर निगम, चार नगर परिषद और 23 नगर पालिका शामिल है। इनमें केवल मानेसर नगर निगम के चुनाव जून 2026 में होने है। प्रदेश के शेष निकायों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इनमें फरीदाबाद नगर निगम का कार्यकाल 12 फरवरी 2022 को खत्म हो चुका है, जबकि गुरुग्राम निगम का 02 नवंबर 2022, हिसार निगम का 08 जनवरी 2024, करनाल निगम का 03 जनवरी 2024, पानीपत और रोहतक निगम का 03 जनवरी 2024 और यमुनानगर नगर निगम का कार्यकाल 06 जनवरी 2024 को पूरा हो चुका है। इसके अलावा सिरसा नगर परिषद का कार्यकाल 19 अक्टूबर 2021, अंबाला सदर का 10 सितंबर 2020, थानेसर का 24 जुलाई 2021 और पटौदी जाटोली मंडी का कार्यकाल जून 2023 में पूरा हो चुका है।

इसके अलावा 23 नगर पालिका का कार्यकाल भी पूरा हो चुका है, जिसमें बराड़ा, बवानीखेड़ा, लोहारू, सिवानी, फारुख नगर, आदमपुर, नारनौंद, बेरी, जुलाना, कलायत, सिवान, पुंडरी, इंद्री, नीलोखेड़ी, अटेली मंडी, कैनाना, तावडू, हथीन, कलानौर, खरखोदा, कालांवाली, रादौर और जाखल मंडी की नगर पालिका शामिल है।

# सीएम 19 जून को जींद से एक लाख पंजीकृत श्रमिकों को देंगे योजनाओं की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित डा. हरिचंद मिढ्ढा सभागार में 19 जून को सुबह दस बजे पंजीकृत श्रमिकों के सम्मान में श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे तथा श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। स्थानीय विधायक डा. कृष्ण लाल मिढ्ढा विशेष रूप से मौजदू रहेंगे। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह भवन एवं अन्य सन्निमार्ग कर्मकार कल्याण बोर्ड के प्रदेशभर के करीब एक लाख पंजीकृत श्रमिकों को उनकी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके खातें में जारी करेंगे। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री अपने संबोधन के माध्यम से प्रदेशभर के श्रमिकों को अपना शुभ संदेश भी देंगे। यह जानकारी श्रम विभाग के आयुक्त मनीराम शर्मा ने दी। रविवार को उन्होंने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर के डा. हरिचंद मिढ्ढा सभागार में व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान दी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह सम्मान समारोह श्रम विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रदेश के अन्य जिलों में भी सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें श्रमिकों की बेटियों की शादी में कन्यादान राशि, छात्रवृति योजना, ई-श्रमकार योजना, साइकिल, स्कूटी व सिलाई मशीन आदि मुहैया करवाना मुख्य रूप से शामिल हैं। हर पात्र पंजीकृत श्रमिक को उनका हक मिले, इसके लिए सभी योजनाओं को उनके आधार कार्ड से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जींद में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में प्रदेशभर से 200 से 250 पंजीकृत श्रमिकों को शामिल किया जाएगा। कुछ श्रमिकों को मुख्यमंत्री स्वयं अपने हाथों से योजनाओं का लाभ प्रदान करेंगे। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केवल आमंत्रित पंजीकृत श्रमिकों को ही कार्यक्रम में प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा पहचान पत्र के बिना कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी।



**तैयारी**

**पहचान पत्र के बिना कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। पंजीकृत श्रमिकों को ही कार्यक्रम में प्रवेश मिलेगा**

# पानी की समस्या को लेकर बिफरे लोग, पुलिस चौकी के समक्ष लगाया जाम

**टीम एक्शन इंडिया**

फरीदाबादः फरीदाबाद के सोहना रोड पर संजय कॉलोनी के लोगों ने रविवार को पानी न आने की समस्या को लेकर रोड सडक पर जाम लगा दिया और जोरदार प्रदर्शन किया। बता दें कि दिल्ली की तरह फरीदाबाद के लोग भी पानी के संकट से जूझ रहे हैं। कई इलाकों के लोगों को मजबूरन पानी के टैंकरों से महंगे दामों पर न केवल पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है, बल्कि उन्हें मूलभूत सुविधाओं में इस्तेमाल करने के लिए भी पानी खरीद कर ही इस्तेमाल करना पड़ रहा है।



प्रदर्शन कर रहे संजय कॉलोनी गली नंबर 31 के लोग पिछले दो महीने से पानी न आने की समस्या से जूझ रहे हैं इसके बाद लोग नाराज होकर आज संजय कॉलोनी चौकी के रोड को जाम कर प्रशासन से पानी देने की मांग की। स्थानीय निवासी गीता ,सुनीता ,कमलेश और उमेश ने बताया कि पिछले दो महीने से संजय कॉलोनी के गली नंबर 31-32-33 और 34 में पानी नहीं आ रहा, जिसकी शिकायत वह लोग स्थानीय नेताओं से लेकर अधिकारी तक कर चुके हैं, लेकिन उनकी इस समस्या की तरफ कोई भी ध्यान नहीं दे रहा। इस भीषण गर्मी में एक तरफ जहां गर्मी से लोग परेशान हैं, वहीं पानी न आने की वजह से काफी लोग भी परेशान है लोगों को पानी खरीद कर घर का गुजारा करना पड़ रहा है। लोगों ने कहा बड़े-बड़े अधिकारियों के सामने भी इस समस्या को रख चुके हैं, लेकिन अधिकारी भी कोई ठोस समाधान नहीं निकलवा पा रहे हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सीट के लिए ब्राह्मण, जाट और दलित चेहरों पर मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में भाजपा जहा लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए समीकरण साधने में जुटी है वही राज्यसभा की खाली सीट पर काबिज होने के लिए भी लाबिंग की जा रही है। साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए भी माकूल चेहरे की तलाश है। लोकसभा चुनाव में खफा रहे किसान, जाट, ब्राह्मण और दलित मतदाताओं को खुश करने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा की एक सीट के लिए इन समाज के दावेदारों में से चयन किया जा सकता है। हरियाणा की रोहतक लोकसभा सीट से कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा के चुनाव जीतने से राज्यसभा सीट खाली हुई है, जबकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का पद पिछले कई माह से खाली है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के नाते नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ही लोकसभा चुनाव लड़ा गया लेकिन अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार के काम को गति देने में व्यस्त हैं। इसके चलते भाजपा संगठन को स्वतंत्र प्रदेश अध्यक्ष की जरूरत महसूस हो रही है।मुख्यमंत्री नायब सैनी हर रोज प्रशासनिक सचिवों व प्रधान सचिवों के साथ दो से चार बैठकें कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद लोकसभा स्तर पर कार्यकताओं का आभार व्यक्त करने के लिए भी नायब सैनी को ही जाना पड़ रहा है।भाजपा की सभी संगठनात्मक बैठकें नायब सैनी द्वारा ली जा रही हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने रोहतक से डा. अरविंद शर्मा और सोनीपत से मोहन लाल बडौली के रूप में दो ब्राह्मण नेताओं को मैदान में उतारा था लेकिन दोनों ही हार गए। सरकार और संगठन में भी ब्राह्मणों का उनकी जनसंख्या के हिसाब से उचित प्रतिनिधित्व नहीं है।भाजपा के इन दोनों उम्मीदवारों की हार को पार्टी के प्रति ब्राह्मणों की नाराजगी के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर किसी ब्राह्मण नेता को दायित्व सौंपा जा सकता है। भाजपा की निगाह ऐसे ब्राह्मण नेता पर है, जो सरकार और संगठन में समन्वय बनाकर चल सके। गुरुग्राम में राव इंद्रजीत और फरीदाबाद में कृष्णपाल गुर्जर के रूप में दो ओबीसी चेहरों ने लोकसभा चुनाव जीत में हासिल की है। दोनों मोदी सरकार में मंत्री बनाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वयं ओबीसी समुदाय से हैं। अंबाला में बंतो कटारिया और सिरसा में डा. अशोक तंवर दोनों दलित चेहरे चुनाव हार गए हैं। हिसार में जाट चेहरे के रूप में रणजीत चौटाला चुनाव हारे हैं। करनाल लोकसभा सीट पर पंजाबी चेहरे के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल चुनाव जीतकर केंद्र में मंत्री बने हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ में चौधरी धर्मबीर सिंह (जाट) चुनाव जीते हैं। भाजपा राज्यसभा की सीट पर किसी दलित अथवा जाट चेहरे को भेज सकती है।

इसके लिए पार्टी में दलित व जाट चेहरों को चिन्हित किया जा रहा है, ताकि जातीय समीकरण साधते हुए विधानसभा चुनाव की तैयारी की जा सके। इसके लिए पार्टी में व्यापक स्तर पर मंथन चल रहा है। उम्मीद की जा रही है कि अगले एक सप्ताह के भीतर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा की एक सीट के लिए नामों पर मुहर लग सकती है।

**टिकट की होड़**

**अगले एक सप्ताह के भीतर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा की एक सीट के लिए नामों पर मुहर लग सकती है**

# श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का प्रकाश उत्सव समागम शुरू

## पहली लड़ी के साथ श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का प्रकाश उत्सव समागम रविवार सुबह शुरू हो गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** ; धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के साथ श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का प्रकाश उत्सव समागम रविवार सुबह शुरू हो गया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में आरंभ हुए सात दिवसीय इस समागम में पहले दिन उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत हरियाणा के कई जिलों से यहां पहुंची संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष हाजिरी भरी। सबसे पहले गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी के पूर्व हैड ग्रंथी एवं कथावाचक भाई गुरदास सिंह ने सरबत के भले की अरदास गुरु चरणों में की। तत्पश्चात श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी



का शुभारंभ हुआ और संगत ने गुरबाणी सिमरन करते हुए स्वयं को पुण्य का भागी बनाया। भीषण गर्मी के बावजूद गुरुद्वारा साहिब पहुंची भारी तदाद में पहुंच संगत ने अपने धैर्य का परिचय देते हुए श्री अखंड पाठ साहिब का श्रवण किया। कार्यक्रम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना ने संस्था के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की ओर से संगत का यहां पहुंचने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा

**समागम**

**पूर्व हैड ग्रंथी एवं कथावाचक भाई गुरदास सिंह ने सरबत के भले की अरदास गुरु चरणों में की**

मैनेजमैंट कमेटी द्वारा दूसरी बार यह समागम करवाया जा रहा है। उन्होंने संगत से कार्यक्रम के दौरान बढ़-चढ़ कर सहयोग करने की अपील की। हरियाणा कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार समागम में श्री दरबार साहिब श्री हरमंदिर साहिब अमृतसर के चार हजूरी रागी पहुंच रहे। इलाकावासी व दूर-दराज से इस समागम में आने वाली संगत की मांग पर श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई शुभदीप सिंह, भाई अमनदीप सिंह, भाई ओंकार सिंह, भाई कर्मजीत सिंह को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबर एवं प्रसिद्ध कथावाचक भाई साहब सिंह चक्कू भी संगत का मार्गदर्शन करेंगे, जबकि ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं पंचकूला के हैड ग्रंथी भाई जगजीत सिंह भी संगत से रूबरू होंगे। यहीं नहीं, हरियाणा कमेटी की धर्म प्रचार विंग के कविशरी जत्था भाई गुरमीत सिंह दनौली, भाई लखविंदर सिंह पारस का ढाडी जत्था भी संगत को गुरु इतिहास से जोड़ेगा। उधर समागम के दौरान दस्तार प्रशिक्षण शिविर भी शुरू किया गया।

# भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल का किया अभिनंदन

**प्रकोष्ठ**

**तीसरी बार भाजपा सरकार बने इसके लिए बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने योजना बनाकर कार्य प्रारंभ कर दिया है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री श्री मनोहर लाल जी (ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री) के हरियाणा के आगमन पर बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। डॉ ऋषिपाल मथाना ने बताया कि हमें पूरा विश्वास है कि जिस प्रकार से हरियाणा में उन्होंने बिजली की व्यवस्था को ठीक किया है वैसे ही वह केंद्र में भी बिजली की व्यवस्था ठीक करेंगे क्योंकि जब श्री मनोहर लाल जी 2014 में मुख्यमंत्री बने थे तो उस समय बिजली कंपनियां 37000 करोड रुपए के घाटे में थी और आज बिजली कंपनियां हजारों करोड़ के मुनाफे में चल रही है ।इसी प्रकार परिवार पहचान पत्र हरियाणा में लागू करके प्रत्येक नागरिक की सही आए सुनिश्चित करके पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया है, इसी प्रकार देश में भी सभी गरीब लोगों को योजनाओं का सही लाभ मिल पाएगा । डॉ मथाना ने बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के द्वारा लोकसभा चुनाव में किए हुए कार्यों का विवरण किया और कहा कि विधानसभा में भी तीसरी बार भाजपा सरकार बने इसके लिए बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने योजना बनाकर कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस अवसर पर घरौंडा के विधायक श्री हरविंदर सिंह कल्याण जी, करनाल जिला के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ बलवंत सिंह जी, प्रोफेसर कलीराम जी, डॉ बलबीर चौधरी जी, श्री सूरजभान जी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

# नशीला पदार्थ मंगवाने के दो आरोपी गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशा तस्करों पर बड़ी करवाई करते हुए नशीला पदार्थ मंगवाने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ मंगवाने के आरोप में गुरजीत सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी निसिंग जिला करनाल व गुरविंद्र सिंह उर्फ गिन्दर पुत्र बलबीर वासी समाना जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 12 जून को एन्टी नारकोटिक सैल के उप निरीक्षक जगपाल सिंह की टीम अपराध की तलाश में थर्ड गेट कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय पर मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अंग्रेज सिंह उर्फ गेजा पुत्र दलीप सिंह वासी गुमथालागढू जिला कुरुक्षेत्र को कैन्टर नंबर एचआर-65-ए-6971

**काबू किया**

**कुरुक्षेत्र ने नशा तस्करों पर बड़ी करवाई करते हुए नशीला पदार्थ मंगवाने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया**

सहित मिजार्पुर रेलवे फाटक के पास काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी श्री परमजीत सिंह नायब तहसीलदार थानेसर के सामने कैंटर की तलाशी लेने पर कैन्टर से 23 कट्टो में भरा हुआ 4 किवंटल 64 किलोग्राम डोडा/चूरापोस्त बरामद हुआ था। आरोपी के खिलाफ थाना केयूके में मामला दर्ज करके एन्टी नारकोटिस सैल की टीम ने गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 10 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

# पंजोखरा साहिब में चार दिवसीय गुरमत कैम्प का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** खालसा कॉलेज में हरियाणा सिख गुरद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा लगाए गए चार दिवसीय गुरमत कैंप का समापन गुरद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में हुआ। इस कैंप में ज्ञानी साहिब सिंह जी शाहाबाद मारकंडा ने विद्यार्थियों के साथ गुरबाणी विचार किया। इस कैंप में विद्यार्थियों को गुरबाणी पाठ ,गतका ,दस्तार सिखलाई , पंजाबी की शिक्षा दी गयी। फ्री मेडिकल चैकअप कैंप का आयोजन किया जिसमें जनरल आंखों तथा दांतों का मेडिकल चेकअप किया तथा आवश्यक दवाईयों का वितरण भी किया गया। कैंप दौरान गुरुमुखी गुर इतिहास, गतका व दसतार मुकाबले करवाये गए। लंगर, रिफरेशमैंट व छबील का प्रबंध मनेजर गुरद्वारा श्री पंजोखरा



साहिब की तरफ से संगत के सहयोग से किया गया कैंप समापति के समय जहां सारे प्रीतिभागिओ को प्रमाणपत्र , शील्ड व पोधे देकर सन्मानित किया गया वहीं चारों इवेंट्स में पहले पांच विद्याथिओ को स्पोर्ट्स किटस देकर सन्मानित किया व खेलों के प्रति उतसाहित किया गया। इस मौके पर पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने

**चेकअप कैंप**

**फ्री मेडिकल चैकअप कैंप का आयोजन किया जिसमें जनरल आंखों तथा दांतों का मेडिकल चेकअप किया**

का सन्देश दिया गया। कमेटी प्रधान जथेदार भूपेंद्र सिंह असंध व प्रवक्ता कंवलजीत सिंह अजराणा भी बच्चों को आशीर्वाद दे कर गए। सीनियर मीत प्रधान सुदर्शन सिंह सहगल, कार्यकारी सदस्य तरविंदर पाल सिंह (टी पी सिंह), व भूपिंदर सिंह बिंद्रा के दिशानिर्देश में लगाये गये इस कैंप में बाबा हरबंस सिंह जी रवालो, डा० राजेश्वरानंद जी, प्रोफेसर रतन सिंह ढिल्लों, प्रौं० गुरचरण सिंह जोगी ने भी बच्चों को गुरबाणी तथा पंजाबी प्रसार का महत्व बताया व बहुमुल्य सुझाव भी कमेटी को दिये।कमेटी द्वारा आए मेहमानो बच्चों के माता पिता व सभी सेवादारो का सिरपाओ स्मृति चिन्ह व पोधे दे कर सनमान किया।

सचिव कुलदीप सिंह, मैनेजर हरविंदर सिंह ,ग्रंथी बूटा सिंह, प्रचारक मनप्रीत सिंह रणजीत सिंह, अमरिंदर सिंह, गुरजोत सिंह , बलतेज सिंह, केवल सिंह, जसवंत सिंह बढ़ाना , , गुरसेवक सिंह चमकारा , दिलप्रीत सिंह, प्रदीप सिंह रिंकू, परमजीत सिंह गतका मास्टर,परविंदर सिंह काकरु व खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ सुखदेव सिंह ० समूह टीचिंग ,नॉन टीचिंग स्टाफ ने कैंप की सफलता में पूरा सहयोग किया।

# अपरा एकादशी को चुलकाना आम में उमड़ी भक्तों की भीड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**समाज** कल्याण शिक्षा समिति द्वारा चलाए जा रहे वृद्ध आश्रम में आज बेसहारा बुजुर्गों के साथ फादर्स डे मनाया गया। उनके साथ के काटकर सबको के खिलाया गया। इस अवसर पर वृद केयर से सतबीर रमन तनेजा व शुभम शामिल रहे। प्रधान आनंद कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले 35 वर्षों से वृदो की सेवा की जा रही है अब तक करीब 470 बुजुर्ग संस्था में सेवा ले चुके हैं वह यहां आने के



उपरांत बुजुर्ग जो कमी महसूस करते हैं संस्था कोशिश करती है कि बुजुर्गों को किसी प्रकार की कोई कमी महसूस ना हो इसलिए उनके रहने खानै पीने दवाई आदि पर ध्यान रखा जाता है।

# 2018 में लगा सुपर 100 का पौधा होने लगा फलीभूत: जे ई में 62 और नीट में 90 बच्चों का हुआ सलेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** इस बार नीट और आईआईटी एडवांस जे.ई. की परीक्षाओं में कुरुक्षेत्र स्थित "सुपर 100" के परीक्षार्थियों का दबदबा देखने को मिला। सुपर 100 हरियाणा सरकार एवं विकल्प फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही एक बहतरीन स्कीम है जो केवल सरकारी स्कूल में पढने वाले बच्चों के लिए है, अनेकों गरीब परिवार इस योजना का लाभ उठा चुके हैं।इस बार के परिणाम पर सुपर 100 के संस्थापक श्री नवीन मिश्रा ने कहा कि सुपर 100 के विद्यार्थी निरंतर मेहनत कर रहे हैं और आने वाले वर्षों में इसके सुखद परिणाम देखने को मिलेंगे। समायोजित करते हुए उन्होंने कहा कि सुपर 100 के जरिए आईआईटी एडवांस जे.ई. परीक्षा के लिए 126 विद्यार्थियों ने आवेदन किया जिनमें से 62 ने अडवांस पास किया जो अब देश के विभिन्न इंजिनियरिंग संस्थानों में पढ़ाई करेंगे एवं जो मेंस पास कर पाये वे ठक्ळ२ में शिक्षा ग्रहण करेंगे. वहीं कुल 90 विद्यार्थियों ने नीट के लिए आवेदन किया था और सभी उत्तीर्ण हुए।इन में से 25 विद्यार्थियों ने 720 में से 600 + अंक प्राप्त किए राज्य स्तर पर सुपर 100 कैंपस से आईआईटी एडवांस खएए कोर्स के लिए हिसार के ब्लॉक आदमपुर




स्थित लाडवी गांव की तमन्ना सुपुत्री श्री राम सिंह ने रैंक 26 , ब्लॉक पिंजौर (पंचकुला) के गांव अभयपुर के विपुल सुपुत्र श्री छोटे लाल ने रैंक 60, ब्लॉक डबवाली (सिरसा) के गांव भारू खेड़ा की वीरमती सुपुत्री श्री महेंद्र कुमार ने रैंक 77, ब्लॉक चरखी दादरी के गांव गोफरा के दीपांशु सुपुत्र श्री संजीव कुमार ने रैंक 338 एवम ब्लॉक उचाना (जींद) के गांव काकड़ोद से अजय सुपुत्र श्री लाजपत राय ने रैंक 362 हासिल किए जबकि ठएएळ में फरुग्राम शृ 62 जिला गुरुग्राम के मनीष कुमार सुपुत्र श्री मिथिलेश मिस्त्री एवम गांव सैनीपुरा ब्लॉक हांसी (हिसार) के गोविंद सुपुत्र श्री राम निवास दोनो ने 695/720 अंक गांव पाबरा ब्लॉक उकलाना (हिसार) के ही अंकुश सुपुत्र श्री रामनिवास 686/720 के साथ , फरीदाबाद के रितंभर सुपुत्र श्री मनोज कुमार एवम रटौली (रोहतक) की रवीना सुपुत्री श्री नवीन कुमार दोनों ने 680/720 अंक हासिल किए।वहीं आईआईटी एडवांस खएए में ही जिला जिला कुरूक्षेत्र के गांव बेहली ब्लॉक थानेसर की ज्योति श्री शमशेर सिंह ने 5360वीं रैंक हासिल करके जिले का नाम रोशन किया।दूसरी तरफ कुरुक्षेत्र के गांव बबैन की दीक्षा सुपुत्री कृष्ण लाल ने 580 और गांव मुगुरपुर ब्लॉक लाडवा की वंदना सुपुत्री श्री रमेश ने 571 अंक लेकर ठएएळ पर मोहर लगाई.श्री मिश्रा ने इस सुखद परिणाम का श्रेय छात्रों एवं उनको शिक्षित करने वाले अधयापकों को दिया। कुल मिलाकर सभी अभिभावक व बच्चे प्रसन्न नजर आए।

# नशे के विरुद्ध चलाया जा रहा है विशेष पखवाड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध 12 जून से 26 जून तक एक विशेष पखवाड़ा चलाया हुआ है। इस कड़ी में आज कुरुक्षेत्र ब्यूरो की इकाई के साथ विभिन्न स्थानों पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कुरुक्षेत्र ब्यूरो इकाई के प्रधान सिपाही विनय, प्रधान सिपाही संत लाल और प्रयास संस्था के सदस्य कर्म चंद को साथ लेकर रतगल गाँव और सेक्टर 5 में विभिन्न स्थानों पर नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों को




एकत्रित कर नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत कराया और बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो एवं हरियाणा पुलिस हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए कृतसंकल्प है लेकिन जनता के सहयोग के अभाव में पूर्ण रूप से सफलता नहीं मिल सकती। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन नशे के तस्करों को सलाखों के पीछे भेज रही है। इसके साथ ही नशे की लत में पड़ चुके लोगों को प्रत्येक जिले के नागरिक अस्पताल में निःशुल्क उपचार हो रहा है। ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर कोई भी व्यक्ति गुप्त सूचना देकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम में सभी स्थानों पर उपस्थित लोगों से जीवन में नशा न करने की शपथ ग्रहण करवाई गई।

# कालीरामणा वासियों ने दादा खेड़ा पर लगाया भंडारा

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**समालखा** के कालीरामणा मोहल्ला के निवासियों ने रविवार को दादा नगर खेड़ा के जीर्णोद्वार के उपलक्ष्य में सभी के सहयोग से हवन यज्ञ व भंडारा का आयोजन किया गया। ज्येष्ठ मास के गंगा दशहरा पर राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए मीठे पानी की छबील भी लगाई। इस अवसर पर समाजसेवी एवं भाजपा किसान मोर्चा के नेता राजकुमार कालीरामणा ने बताया की हर वर्ष ऐसे ही गांव वासियों के सहयोग से नगर वासियों की सुख-शांति के लिए दादा खेड़ा पर भंडारे का आयोजन किया जाता है।

# दी अंबेडकर एजुकेशनल सोसायटी सोनीपत की आम सभा की हुआ बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** दी अंबेडकर एजुकेशनल सोसायटी सोनीपत की आम सभा की बैठक ककरोई रोड़ स्थित डॉ. अंबेडकर भवन में आयोजित की गई। जिसमें वर्ष 2023 – 2024 में आय व व्यय का ब्योरा प्रस्तुत कर पास करवाना था। दी अम्बेडकर एजुकेशनल सोसाइटी के प्रधान सत्यवान भाटिया ने बताया कि आम सभा की सुबह 10 बजे बुलाई गई थी। आम सभा में 25 प्रतिशत कोरम पूरा ना होने की वजह आम सभा की बैठक स्थगित कर दी गई है। अगली आम सभा की बैठक 30 जून 2024 को प्रातः 10 बजे ककरोई रोड़ स्थित डॉ. अम्बेडकर



भवन में होनी निश्चित हुई है। इस अवसर पर उपप्रधान संजय कुमार अहलावत, सचिव जगमिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष महेन्द्र पाल सिंह, कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप राज, सुरेन्द्र कुमार, नरेन्द्र राणा, रविन्द्र भाटिया तथा सोसायटी के आजीवन सदस्य प्रेमसिंह सभरवाल, सुबेसिंह सिंगल, ओमप्रकाश, विरेन्द्र नरवाल, विरेन्द्र राठी, महावीर बाल्याण, जयकिशन मेहरा आदि भी उपस्थित रहे।

# बच्चों को कराएं शास्त्र व शस्त्र का ज्ञान : विशालमणि दास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र,** : गुदगुदी जंक्शन समूह के धर्म एवं राष्ट्रवादी ग्रुप सनातन धर्म समाज की तृतीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार सांय दर्रा खेड़ा स्तिथ प्राचीन ठाकुरद्वारा नाभिकमल मंदिर में धर्मचर्चा का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि कार्यक्रम में आचार्य राजेश वत्स मुख्य वक्ता और स्थानीश्वर महादेव मंदिर से महंत लक्ष्मीनारायण पुरी,बड़ा अखाड़ा उदासीन से संत देवीशरण दास और जूना अखाड़ा हरिद्वार से साध्वी मीरा गिरि विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत विशालमणि दास ने की। समूह अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ और कार्यक्रम अधिकारी ललित चावला ने सभी संतो का स्वागत




किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्राह्मण बटुकों द्वारा शंख ध्वनि के साथ स्वस्तिवाचन से हुआ।तत्पश्चात मंच संचालन करते हुए संरक्षक जितेंद्र बंसल ने सभी आगंतुकों का परिचय बताते हुए आज के दौर में धर्मचर्चा की आवश्यकता बताई।अपने संबोधन में महंत विशालमणि दास ने कहा कि आज वह समय आ गया है जब हमें अपने बच्चों को बचपन से ही किताबी ज्ञान के साथ साथ-साथ शास्त्र व शस्त्र का ज्ञान भी कराया जाए जिससे वे स्कूली पढ़ाई के साथ-साथ अपने धर्म के प्रति भी जागरुक होंगे और विषम परिस्थितियों में अपनी आत्मरक्षा कर सकेंगे। आचार्य राजेश वत्स ने कहा कि हमें सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। आज हमारे धर्म पर चारों ओर से हमले हो रहे हैं। हम अपने धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। महंत

**धर्म चर्चा**

**सनातन धर्म समाज द्वारा ठाकुरद्वारा नाभिकमल मंदिर में धर्म चर्चा आयोजित**

लक्ष्मीनारायण पुरी ने कहा कि रामायण में हमें धर्म से संबंधित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर मिलता है और समाज के हर रिश्ते का आदर कैसे किया जाए,ये भी रामायण हमें सिखाती है। विश्व हिंदू परिषद हरियाणा प्रान्त के अर्चक पुरोहित सह प्रमुख प्रेम नारायण अवस्थी ने सभी आगंतुकों से संकल्प कराया कि वे परिवार सहित आसपास के मन्दिरों में प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में अवश्य पहुंचें जिससे बच्चों में सनातन संस्कार पोषित हो सकें।विश्व हिंदू परिषद् के नगर मंत्री प्रो.विवेक शर्मा,पूण्डरी(कैथल) से महाकाल सेना हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सिंह बैरागी,महंत दर्शन दास,गोपाल दास और महंत विजय दास आदि वक्ताओं ने धर्म परिवर्तन,लव जेहाद,धार्मिक असहिष्णुता,धर्म की अज्ञानता और गोहत्या पर वार्ता करते हुए सभी सनातनियों को एकजुट रहने का आह्वान किया। ललित चावला ने समूह की गतिविधियों में बताया कि बालक- बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ-साथ सनातन धर्म का ज्ञान भी दिया जा रहा है। इस दौरान जय श्री राम और हर हर महादेव के जयकारे लगातार लगते रहे।

## न्यूज फ्लैश

### गृहस्थ की छत है पिता

मुझे आज भी वो समय याद है जब 4:00 बजे
उठकर 5:00 वाली ट्रेन पकड़ते थे पिता
धूप में जलकर रिक्शा तक के पैसे बचाकर हमारे
सपनों को पूरा करते हैं पिता
निस्वार्थ होकर अपने वर्तमान की खुशियों को हमारे
भविष्य पर न्योछावर कर देते हैं पिता
बिना बताए बच्चों की हर बात को पढ़ लेते हैं
पिता
जीवन की हर सच्चाई से रूबरू कराते हैं पिता
जब भी मेरे हाथ से कोई चीज टूट जाती तो केवल
यही पूछते कि तुम्हें चोट तो नहीं आई मेरी
राजकुमारी...
ऐसे होते हैं पिता
हर फर्ज निभाने के लिए जीवन भर कर्ज चुकाते हैं
पिता
बेटी की विदाई पर दिल की गहराई से रोता है पिता
ऐसे पिता को मेरा कोटि-कोटि नमन
यह कविता मैं अपने पिता को समर्पित करती हूं



लेखिका एडवोकेट रजनी जैन

### मैगी के साथ 10 महिलायें लिखेंगी कामयाबी की कहानी

**गुरुग्राम। मैगी** ने मैगी अपना फूड बिजनेस के दूसरे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की है। इसका लक्ष्य फूड कंटेंट क्रिएटर बनने की चाह रखने वाली महिलाओं को कौशल और ज्ञान प्रदान कर सशक्त करना है, ताकि वे अपना खुद का फूड चैनल खोलने में सक्षम हो सकें और अपने कंटेंट से पैसे कमा सकें। इस संस्करण में, इस कार्यक्रम ने 20 मिलियन से अधिक आकांक्षी कलनरी कंटेंट क्रिएटर्स तक पहुंच बनाई। साथ ही इसने 50,000 से अधिक प्रतिभागियों को अपना ऑनलाइन फूड चैनल शुरू करने के लिये कौशल और अनुभव भी उपलब्ध कराया। इस पहल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये रजत जैन, डायरेक्टर, फूड्स बिजनेस, नेस्ले इंडिया ने कहा, मैगी अपना फूड बिजनेस कुक्स अथवा रसोईयों को सम्मानित करने और उनका साथी बनने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। उनके सपनों को हकीकत में बदलने में मदद करके हमें बहुत खुशी होती है। भारत के कुछ बेहद जाने-माने फूड इंफ्लुएंसर्स जैसे कि कबिता सिंह (कबिताज किचन), मधुरा बाचाल (मधुराज रेसिपीज), तेजा परूचुरी (विस्मई फूड), तनिष्का मुखर्जी (तन्हीर पाकशाला) और यूट्यूब एवं मेटा के एक्सपर्ट के साथ दो महीनों के गंभीर प्रशिक्षण के बाद, 10 योग्य विजेताओं का चयन किया गया। इन सभी को 5-5 लाख रुपए सीड कैपिटल के रूप में प्रदान किये गये, ताक वे अपना कंटेंट बिजनेस बना सकें। इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने वाली फूड एन्टरप्रेन्योर्स में शामिल हैं- मुंबई से सोफिया मचादो, श्रेया राव, त्रशिका डेसना, अश्नीत कौर आनंद और शीतल पेडनेकर, कोलकाता से प्रियंका कुंडु बिस्वास, त्रिवेंद्रम से शैलजा नायर, पुणे से पिंकी दासवानी, गुरूग्राम से वंदना जैन और मुंबई/हैदराबाद से बेनिशा मार्टिन।

### दो बदमाश बुजुर्ग के ढाई लाख रुपये छिनकर हुए फरार

**महेंद्रगढ़। यादव धर्मशाला** के पास शनिवार को दो बदमाशों ने एक बुजुर्ग के ढाई लाख रुपये छिनकर फरार हो गए।

# भगवान वाल्मीकि करुणा के सागर: डॉ रजनी

## कुवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : हरियाणा साहित्य** एवं संस्कृति अकादमी व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ भीम राव अम्बेडकर अध्ययन केंद्र, के संयुक्त तत्वाधान में महर्षि वाल्मीकि उनकी कथा और वाल्मीकि समाज विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ जिसमें मुख्यतिथि के रूप में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रजनीकांत शर्मा रहे, कार्यक्रम के अध्यक्ष हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो कुलदीप चन्द अग्निहोत्री और विशिष्ट अतिथि हरियाणा साहित्य एवं संस्कृत अकादमी के संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ चितरंजन दयाल सिंह कौशल रहे, मनोज कुमार द्वारा उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ रजनीकांत शर्मा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि का व्यक्तित्व बहुत ऊंचा है उसके बारे में जितनी चर्चा की जाए उतनी कम पड़ती है भगवान राम के जीवन को लेकर अनेक टिकाए लिखी गई हैं किंतु प्रमाणिक वाल्मिकी जी की रामायण है, वाल्मिकी रामायण में करुणा का भाव समाहित है इसलिए वाल्मिकी जी को करुणा का सागर कहा जाता है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समुदाय की स्वतंत्र संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका रही है और मातादीन वाल्मिकी 1857 की क्रांति के प्रमुख नेता रहे है इसके साथ ही गंगू मेहतर जिसने अकेले ही दो सौ से अधिक ब्रिटिशों को मौत के घाट उतारा, इसलिए वाल्मिकी समाज के योगदान को भुलाया नही जा सकता। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ कुलदीप चन्द अग्निहोत्री ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने हमे धर्म का रास्ता दिखाया किंतु क्या हम उस रास्ते को देख सकते है धर्म का रास्ता कठिन है लेकिन कलम के द्वारा इस रास्ते को प्राप्त किया जा सकता है महर्षि वाल्मीकि में धर्म की व्याख्या गहराई से की गई हैं दरसल धर्म का अर्थ कर्तव्य है किंतु समाज में लोगों द्वारा कर्तव्य के त्याग के कारण धर्म का पतन हुआ हैं उन्होंने कहा जो धर्म को छोड़ता हैं धर्म उसे छोड़ देता हैं रिलीजन का अर्थ ईश्वर से जोड़ना हैं मगर धर्म का ईश्वर से कोई संबंध नहीं है इसलिए भगवान वाल्मीकि ने संसार को धर्म का रास्ता दिखाया है जो शाश्वत है अगर उस रास्ते पर चलेंगे तो समाज निरंतर उन्नति करेगा। कार्यक्रम के अंत में डॉ भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केंद्र के सह निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद प्रकट किया और कहा कि संत जो आचार व्यवहार करता है उसका अनुसरण आने वाली पीढ़ियां करती है आशा है इस कार्यशाला का लाभ युवा पीढ़ी को मिलेगा।

# सुप्रीम कोर्ट में होगा स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**





**अम्बाला: सुप्रीम कोर्ट द्वारा** आगामी 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त 2024 तक उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्याय दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण प्रवीण ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस जो जिला अम्बाला से संबंधित पार्टियां हैं तथा विशेष लोक अदालत के माध्यम से अपने केस को निपटाना चाहती हैं तो वे 28 जुलाई से पहले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। सीजेएम प्रवीण ने बताया कि स्पेशल लोक अदालत में श्रम मामले, चैक बाउंस मामले (सेक्शन-138 एन.आई. एक्ट), दुर्घटना क्लेम मामले (मोटर दुर्घटना क्लेम), उपभोक्ता संरक्षण मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं (सिविल एवं अपराधिक), धन-वसूली से संबंधित मामले, आपराधिक मिश्रित मामले, अन्य मुआवजा संबंधी मामले, पारिवारिक कानूनी मामले सेवाओं से संबंधित मामले, किराया संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले, भरण-पोषण संबंधित मुद्दे, बंधक मामले, भूमि विवाद मामले, अन्य सिविल मामले शामिल किए जाएंगे।

# सीएट स्पेशलिटी ने लांच किए भविष्य के टायर

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** सीएट स्पेशलिटी ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्की 2898 ए.डी. के साथ एक दिलचस्प साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत प्रभास अभिनीत इस फिल्म में दिखाए जाने वाले रोबोटिक वाहन बुज्जी के लिए अत्याधुनिक टायर विकसित एवं लांच किए जाएंगे। कल्की 2898 ए.डी. को नाग अश्विन ने निर्देशित किया है, इसमें भविष्य की दुनिया की कहानी दर्शाई गई है जहां तकनीक बेहद उन्नत है और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस दैनिक जीवन का हिस्सा है। इस फिल्म में काम कर रहे अभिनेताओं में शामिल हैं- प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन। इस फिल्म एक और खास किरदार है बुज्जी यह ए.आई. से चलने वाली कार है। बुज्जी को हॉलीवुड के हाइसु वांग ने डिजाइन किया है जो इससे पहले ब्लैक पैंथर के लिए भी वाहन डिजाइन कर चुके हैं। बुज्जी नाम की यह कार ऑटोमोटिव डिजाइन व टेक्नोलॉजी के भविष्य में एक लम्बी छलांग है। फिल्मकार एक ऐसी कार




चाहते थे जो वांग के डिजाइन को जीवंत बना दे और सीएट स्पेशलिटी ने इस चुनौती को पूरा किया, और ऐसे टायरों की रचना की जो इस अभूतपूर्व वाहन को पूर्णता प्रदान करते हैं। सीएट स्पेशलिटी के मुख्य कार्यकारी अमित तोलानी ने कहा, बुज्जी के लिए कल्की 2898 ए.डी. के साथ जुड़ना हमारे लिए एक अतुलनीय अवसर था। इससे हमें अपनी सीमाओं को विस्तार देने और नई तकनीकों व सामग्री का जायजा लेने का मौका मिला। द्युतिमान चैटर्जी और उनकी आर एंड डी टीम ने अपनी रचनात्मकता एवं इंजीनियरिंग कौशल से इस विजन को जीवंत कर दिया। इस प्रोजेक्ट ने टायर इनोवेशन में हमारे भविष्य का मंच का स्थापित कर दिया है।

# भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। यादव धर्मशाला** में भूतपूर्व सैनिक विकास संघ अध्यक्ष सूबेदार रामस्वरूप यादव की अध्यक्षता में सैनिक विकास संघ की मासिक बैठक आयोजित की गई। संघ उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया की मासिक बैठक में भूतपूर्व सैनिक विकास संघ के संरक्षक कर्नल आरके यादव विशेष तौर पर उपस्थित थे। कर्नल आरके यादव ने निर्विरोध नई कार्यकारिणी का गठन करने पर सभी को बधाई दी। कार्यकारिणी को मिलकर काम करने की अपील की। नई कार्यकारिणी के गठन के पश्चात यह पहली मासिक बैठक थी। बैठक में अध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा। सभा के नए सदस्य ओडिट रिपोर्ट एवं कार्यकारिणी के चुनाव को डीआईसी नारनौल में चढ़ने के लिए संघ महासचिव सूबेदार ब्रह्मदेव आर्य को नियुक्त किया जाए। इसमें होने वाले खर्च को पास किया जाए तथा उनको खर्च करने की शक्ति प्रदान की जाए। प्रस्ताव को सर्व सहमति से पास किया गया। पूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा, कप्तान सुरेंद्र सिंह, कप्तान मामराज, कोषाध्यक्ष सूबेदार हवा सिंह, महासचिव सूबेदार ब्रह्मदेव आर्य, सहसचिव हवलदार भागमल, हवलदार शेर सिंह, लेफ्टिनेंट राम सिंह, नायक सूबेदार सोमवीर सिंह, नायक सूबेदार राम सिंह, सूबेदार मेजर सज्जन सिंह, सूबेदार मेजर युद्धवीर, सूबेदार होशियार सिंह, नायक रामकिशन खेड़ा, हवलदार सतपाल, नायक सूबेदार रघुवीर सिंह, सूबेदार संतोष कुमार, नायक सूबेदार सूरत सिंह, नायक नायक सुमेर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण के कारण दिन-प्रतिदिन सिकुड़ती जा रही हैं शहर की सड़कें

## सब्जी मंडी रोड व शॉपिंग कॉम्पलैक्स में अतिक्रमण की भरमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। अतिक्रमण के** कारण दिन-प्रतिदिन शहर की सड़कें सिकुड़ती जा रही हैं। शहर की सड़कों पर दुकानदारों व रेहड़ी चालकों का कब्जा है। कुछ जगह बचती भी है तो उस जगह पर लोग गलत तरीके से वाहन खड़ा कर देते हैं। जिसके बाद सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लगती है तथा पैदल राहगीरों के गुजरने के लिए भी रास्ता शेष नहीं बचता। जिसके कारण शहर के हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं।

**शहर में अतिक्रमण से भी होती है जाम की समस्या**

शहर में रेलवे रोड, आईटीआई रोड व सिनेमा रोड हो या फिर बाजार, हर जगह अतिक्रमण से जाम की समस्या है। दुकानदार सामान को दुकान के कई फुट बाहर तक लगा लेते हैं। इसके बाद जब ग्राहक दुकान पर खड़ा होता है, वह भी स्थान घेरता है। मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण के चलते सड़क काफी संकरी हो जाती है। ऐसे में राहगीरों एवं वाहनों के निकलने को स्थान नहीं मिलता और जाम के हालात बन जाते हैं। शहर के सब्जी मंडी रोड व शॉपिंग कॉम्पलैक्स में अतिक्रमण की भरमार है। ऐसे में यहां राहगीरों को चलने के लिए भी रास्ता नहीं मिल पाता। कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए गए। अभियान के दौरान तो अतिक्रमण हट जाता है लेकिन अभियान थमते ही फिर से अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो जाता है। शहर में सिनेमा रोड, रेलवे रोड, 11 हट्टा बाजार, सब्जी मंडी रोड, आईटीआई रोड, सराफा बाजार, माता मसानी चौक सहित अन्य स्थानों पर भी यही स्थिति रहती है।

**जुमार्ना भी किया, फिर सुधार नहीं हुआ**

शहर की शायद ही ऐसी कोई सड़क मार्ग होगा, जहां अतिक्रमण न हो। इससे यातायात बाधित होता है। त्योहार के समय तो हालत यह हो जाते हैं, कि सड़कें संकरी हो जाती हैं और लोग पैदल भी नहीं निकल पाते। कई बार प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सड़क पर सामान रखने वालों पर जुमार्ना भी किया, फिर सुधार नहीं हुआ। शहर के सब्जी मंडी रोड, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, रेलवे रोड, 11 हट्टा बाजार इत्यादि सड़क मार्गों पर दुकानदारों ने धड़ल्ले से सामान लगाया हुआ है। जिसके बाद रोड सिकुड़ कर आधा भी नहीं बचा है। शेष जगह पर रेहड़ी चालक व गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं। जिसके कारण ट्रैफिक के दौरान जाम लग जाता है।

**शहर में पार्किंग व्यवस्था न होना भी बड़ी समस्या**

सड़कों पर गाड़ी खड़ी करना लोगों की लापरवाही नहीं बल्कि मजबूरी है। क्योंकि शहर में नगर पालिका के पास पार्किंग के लिए जमीन नहीं है। अब सवाल ये उठता है कि यदि लोग बाजारों में गाड़ियों को खड़ी ना करें तो कहां करें।

शहर में पार्किंग की सुविधा ही उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग अपने वाहनों को खरीददारी के दौरान सड़कों पर खड़ा कर चले जाते हैं। जिसके कारण आधी से ज्यादा सड़क वाहनों के कारण अवरूध हो जाती है।

# एनएसई ने एसएसई पर आयोजित किया अपना दूसरा बड़ा कार्यक्रम



**नोएडा ।** स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया एनएसई) ने आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) पर अपना दूसरा बड़ा कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, सेबी और एनएसई प्रतिनिधियों, सामाजिक उद्यमों, प्रभावशाली निवेशकों और विभिन्न गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। गणमान्य लोगों में श्री तरुण कपूर, माननीय प्रधान मंत्री के सलाहकार; डॉ. आर बालासुब्रमण्यम, सलाहकार समिति के अध्यक्ष, सोशल स्टॉक एक्सचेंज, सेबी; श्री कमलेश चंद्र वार्ष्णेय, पूर्णकालिक सदस्य, सेबी; श्री वेद मणि तिवारी, सीईओ, एनएसडीसी; श्री अजय यादव, आईएएस, संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार; सुश्री लीना कुमार, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार; और श्री श्रीराम कृष्णन, चीफ बिजनेस डवलपमेंट ऑफिसर (सीबीडीओ) ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।सेबी के सोशल स्टॉक एक्सचेंज की सलाहकार समिति के अध्यक्ष चीफ गेस्ट डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम के विशेष संबोधन से सेमिनार की शुरूआत हुई, जिन्होंने समावेशी विकास और वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में एसएसई की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए दिन की चचाओं की शुरूआत की।

# गंगा दशहरे पर चुलकाना के श्रीश्याम मंदिर में उमड़ा हजारो भक्तों का सैलाब

**समालखा( कुलदीप सिंह )**



**मां गंगा के अवतरण दिवस** गंगा दशहरा पर चुलकाना धाम में रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंच कर श्रीश्याम बाबा के दर्शन किए। गंगा दशहरा पर चुलकाना धाम को आने वाले सभी रास्तों पर व आस पास के गावों में लोगों ने श्रीश्याम भक्तो के लिए मीठे पानी की छबील लगाई गई। चुलकाना धाम में गंगा दशहरे से भक्तों की भीड़ शुरू हो गई जो एकादशी व द्वादशी को भी रहेगी। पूरे भारतवर्ष से श्री श्याम बाबा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु यहां आते हैं और बाबा के दर्शन करके परिवार की सुख-शांति की दुआ मांगते हैं। श्री श्याम रसोई चुलकाना धाम और शिव मंदिर सेवा दल माजरी की संस्था द्वारा भी पिछले काफी वर्षो की तरह यहां पानी की छबील लगाई गई।

# योग शिक्षकों ने गांव-गांव जाकर निकाली योग जागरण यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला: 10वें अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस को लेकर आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के अधिकारियों, कर्मचारियों, योग सहायकों व योग शिक्षकों द्वारा गांव-गांव जाकर योग जागरण यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के दौरान उन्होंने आमजन को योग करने को लेकर आमजन को जागरूक किया और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिकांत शर्मा ने बताया कि भारत ही नहीं बल्कि विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। अम्बाला में 21 जून को जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अम्बाला शहर की पुलिस लाईन में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला के सभी 6 ब्लॉक में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज, आईटीआई के बच्चे, सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, भारतीय योग संस्थान से जुड़े लोग, पतंजलि योग पीठ से जुड़े लोग व बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे और योग करेंगे।

जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि 16 जून को योग जागरण यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का सीधा संदेश आमजन को योग के प्रति जागरूक करना था, ताकि लोग स्वस्थ दिनचर्या को अपने जीवन में धारण कर सकें।

# सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 15 सितंबर तक करें आवेदन

## गणतंत्र दिवस पर की जाएगी पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**




**सोनीपत: उपायुक्त डॉ० मनोज** कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2024 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल ६६६.६१ि.ङ्क५.ल्ल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। उन्होंने बताया कि नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र (अधिकतम 800 शब्द) भी जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अनन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाए।उपायुक्त ने बताया कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किये जाये, जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में सम्मान की हकदार हैं। उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छोडकर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं।

# कालीरामना पन्ना में दादा नगर खेड़ा पर लगा विशाल भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , कमाल हुसैन**



**रविवार को समालखा** के कलीरामना पान्ना स्थित नगर दादा खेड़ा पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भंडारा से पहले दादा नगर खेड़े की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद आयोजन समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रमुख समाज सेवी राजकुमार कलीरामना ने बताया कि कालीरामना मोहल्ला में नगर दादा खेड़ा पर जीर्णोद्वार के अवसर पर सभी के सहयोग से हवन भंडारा एवं मीठे पानी की छबील लगाई गई। उन्होंने बताया कि हर वर्ष ऐसे ही गांव वासियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विकास पटवारी, पवन कालीरामना,
केवल सिंह, जोगिंदर, ईश्वर सिंह आनंद गिल, साहब सिंह, मनोज, सुनील, सुरेंदर, कपिल, कंवरभान आदि मौजूद थे।

## संपादकीय

# सनातन की शुभ मंगल वेला !!

**अट्ठारहवीं** लोकसभा का गठन पूरा हुआ और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने शपथ लेकर अपना काम काज भी आरम्भ कर दिया। यद्यपि लोकसभा में संख्याबल कुछ कम पड़ जाने के कारण भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थक कुछ उदास रहे किन्तु उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की विधान सभाओं ने इस उदासी को उत्सव में बदलने का अवसर दे दिया। उड़ीसा और आंध्र प्रदेश के चुनाव परिणाम सनातन की मंगल वेला का संकेत हैं। उड़ीसा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी को 147 सीटों में से 78 सीटों पर विजय मिली और वर्ष 2000 से 2024 तक लगातार मुख्यमंत्री रहे नवीन पटनायक जी को पराजय का मुंह देखना पड़ा। यह उड़ीसा में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय है । प्रदेश में भाजपा ने मोहन चरण मांझी, जिनका राज्य में राजनैतिक संघर्ष का लम्बा समय रहा है तथा जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निष्ठावान कार्यकर्ता रहे हैं को मुख्यमंत्री पद की बागडोर सौंपी है। मांझी 1997 से राजनीति सक्रिय हैं, एक मजबूत तेजतर्रार आदिवासी नेता हैं जिनका व्यापक प्रभाव है। मोहन चरण मांझी सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यापक भी रहे हैं । माझी की जनसाधरण से जुड़ने की असीम क्षमता ने आदिवासी क्षेत्रों में उन्हें विशेष लोकप्रियता दिलाई है। चार बार के विधायक के रूप मे उन्हें राज्य की शासन प्रणाली की गहरी समझ है और उन्होंने इस क्षेत्र के लिए भाजपा की नीतियों को आकार देने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।भारतीय जनता पार्टी ने मोहन चरण मांझी को मुख्यमंत्री बनाकर आदिवासी समाज को एक बडा संदेश दिया है । आगामी दिनों में झारखंड में भी विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं जहां पर भारतीय जनता पार्टी मांझी की लोकप्रियता व प्रभाव का उपयेग कर सकती है । मोहन चरण मांझी जी के मुख्यमंत्री बन जाने से ऐसा बहुत कुछ होने वाला है जो सनातन के लिए शुभ संकेत है। मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने पुरी में भगवान जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करने के वे तीन द्वार खुलवा दिये हैं जो कोविड काल में बंद कर दिये गये थे । ये बंद द्वार उड़ीसा विधानसभा चुनावों में एक बहुत बड़ा मुद्दा बनकर उभरे थे । अब मंदिर में जाने वाले भक्त चारों द्वार से प्रवेश कर सकते हैं। चारों द्वार खोले जाने के बाद यह प्रश्न उठ रहा है कि रहस्यों से भरे जगन्नाथ मंदिर के इन द्वारों को बंद क्यों किया गया था और इनको खोले जाने से क्या बदलाव आने वाला है ? जगन्नाथ मंदिर में कुल चार द्वार हैं और ये सभी कभी बंद नहीं रहे, कोविडकाल मे इनको बंद कर दिया गया था और श्रद्धालुओं की मांग के बाद भी इनको खोला नहीं जा रहा था। जिस द्वार से अभी भक्तों का प्रवेश था था उसका नाम सिंहद्वार है, जबकि एक द्वार का नाम व्याघ्र द्वार है जो पश्चिम दिशा में है और आकांक्षा का प्रतीक माना जाता है यहां से साधु संत प्रवेश करते हैं। हस्ति द्वार का नाम हाथी पर है और यह उत्तर दिशा में है, हाथी धन की देवी लक्ष्मी का प्रतीक है। इस द्वार के दोनों तरफ हाथी की आकृति बनी हुई है जिन्हें मुगलकाल में क्षतिग्रस्त कर दिया गया। दक्षिण दिशा में अश्व द्वार है। घोड़ा इसका प्रतीक है। इसे विजय का द्वार भी कहा जाता है और योद्धा इस द्वार का उपयोग विजय के लिए करते रहे हैं। जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार खुल जाने से अब भक्तो को आसानी से दर्शन हो सकेंगे।

# महंगाई और बेरोजगारी को फोकस करें मोदी सरकार

प्रेम शर्मा

“ पिछली दो सरकारों का अनुभव अच्छा नहीं रहा था। विपक्ष की संख्या कम होने की वजह से सरकार ने विपक्ष को कभी विश्वास में नहीं लिया। कृषि कानून जैसे कई विधेयक बिना चर्चा के पारित कराए गए। किसानों ने इसे अस्वीकार कर दिया और लगभग एक साल तक दिल्ली के बॉर्डर पर कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन किया। मजबूर होकर सरकार को इसे वापस लेना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार का गठन होने के बाद यह आवश्यक है कि जिन कारणों से भाजपा को बहुमत से कम सीटें हासिल हुई, उन पर गंभीरता से विचार किया जाए और भविष्य की नीतियां तय की जाएं। प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में तेलुगु देसम पार्टी और जनता दल-यू के सहयोग से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। फिलहाल सरकार के स्थायित्व को लेकर कोई खतरा नहीं है ”

**मोदी सरकार का** तीसरा कार्यकाल शुरू हो चुका है। पिछले दो कार्यकालों में मोदी सरकार द्वारा सबसे ज्यादा उपेक्षा महंगाई और बेरोजगारी की गई। जिसका परिणाम यह रहा कि भाजपा को पूर्ण बहुमत नही मिला। यह अलग बॉत है कि भाजपा इसके लिए हिन्दु समुदाय को कोस रही हो। लेकिन इसके ठीक इतर वह इस बॉत से अनजान नही है कि देश की आधी आबादी को वह स्वंय निःशुल्क राशन उपलब्ध कराकर यह सिद्ध कर रही है कि देश की आधी आबादी दो जून की रोटी के लिए मोहताज है, ऐसा में उसका विश्व की बड़ी आर्थिक शक्ति, विकास के नए आयाम गढ़ने और तरह तरह के दावे निःशुल्क अन्न वितरण के सामने बौने लगते है। लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली, पर्चा लीक होने तथा सरकारी सेवाओं में आउटसोर्सिंग के मायाजल ने युवा वर्ग को भाजपा से दूर करना शुरू कर दिया है। ठेका प्रणाली वाली नौकरियों से सरकारी संस्थानों की विश्वसनीयता कम हो रही है। भ्रष्टचार बढ़ रहा है। चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। गैर जिम्मेदारी बढ़ रही है। सरकार अगर इससे अंजान बनी रहेगी तो इसके बहुत गम्भीर परिणाम सामने आएगें। महंगाई चरम सीमा पर है। खुदरा बाजार सरकारों के नियंत्रण से बाहर हो चुका है। ऐसे में अगर गठबंधन का नेतृत्व कर रही भाजपा ने महंगाई और बेरोजगारी को तीसरे कार्यकाल में फोकस नही किया तो अगले कुछ समय में होने वाले कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसे इसका खमियाजा भुगतना पड़ सकता है। मतदाताओं ने आज फिर केंद्र में गठबंधन सरकार को चुना है। ऐसा लगता है कि मतदाताओं द्वारा मनमाने ढंग से सरकार चलाने से प्रभावित नहीं हुए। पार्टी के शीर्ष नेता लोगों की समस्याओं जैसे डेढ़ साल से अधिक समय तक चले किसान आंदोलनॉ महिला पहलवानों द्वारा महीनों तक विरोध प्रदर्शनॉ बेरोजगारी और महंगाई के प्रति पूरी तरह से असंवदेनशील रहे। पार्टी नेतृत्व का अहंकार सभी को दिखाई दे रहा हैॉ जिसमें उनके अपने कार्यकर्ता भी



शामिल हैं। मौजूदा एनड़ीए सरकार के सामने कई चुनौतियां हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व गठबंधन की प्रथाओं का आदी नहीं है। वे हमेशा एकतरफा नेतृत्व में विश्वास करते रहे हैं। जिसमें सहमति और संवेदनशील राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। इसलिए सत्तारूढ़ दल के लिए सामूहिक नेतृत्व प्रदान करना बड़ी चुनौती होगी। जो गठबंधन सरकार के लिए एक शर्त है। यद्यपि गठबंधन सरकारें लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में अधिक प्रभावी हो सकती हैॉ लेकिन चुनौतियों और कठिनाइयों को एक ऐसे नेता द्वारा दूर किया जा सकता है। गठबंधन का एक धर्म होता है। इस धर्म को जब तक निभाया जाता है तब तक तो गठबंधन की सरकार ठीक चलती रहती है। जैसे ही गठबंधन के दल इसका पालन करना बंद कर देते हैॉ समस्याएं पैदा होना शुरू हो जाती हैं। गठबंधन की सरकारों में बड़े.दल को बड़े. भाई जैसी भूमिका निभानी पड़ती है और हर पल छोटे दलों के सम्मान का ख्याल रखना पड़ता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार इसलिए जन कल्याण के बड़े. फैसले ले सकी थी क्योंकि उसने हमेशा गठबंधन धर्म का पालन किया। पुराने उदाहरण हमारे सामने हैं जब-जब भी दलों ने गठबंधन सरकार को छोड़ा है या दलों ने समर्थन वापस लिया है। उन्होंने यही आरोप लगाया है या पीड़ा जाहिर की है कि गठबंधन धर्म नहीं निभाया गया। पार्टी के नेताओं और मंत्रियों की पिछले दो कार्यकालों में बेअंदाजी भी भाजपा को महंगी पड़ी है उस पर भी नेतृत्व को अंकुश लगाना होगा। इस बार गठबंधन सरकार बनने से राजनीति के जानकार यह भी कहने लगे हैं कि अब गठबंधन का दौर शुरू हो गया है और एक दल को बहुमत वाली सरकारों के दिन फिर से लद गए हैं। इस बार यह भी अच्छा रहा है कि एनडीए और इंड़िया दोनों गठबंधन के सांसदों की लोक सभा में संख्या अच्छी है।

पिछली दो सरकारों का अनुभव अच्छा नहीं रहा था। विपक्ष की संख्या कम होने की वजह से सरकार ने विपक्ष को कभी विश्वास में नहीं लिया। कृषि कानून जैसे कई विधेयक बिना चर्चा के पारित कराए गए। किसानों ने इसे अस्वीकार कर दिया और लगभग एक साल तक दिल्ली के बॉर्ड़र पर कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन किया। मजबूर होकर सरकार को इसे वापस लेना पड़ा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार का गठन होने के बाद यह आवश्यक है कि जिन कारणों से भाजपा को बहुमत से कम सीटें हासिल हुईं, उन पर गंभीरता से विचार किया जाए और भविष्य की नीतियां तय की जाएं। प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में तेलुगु देसम पार्टी और जनता दल-यू के सहयोग से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। फिलहाल सरकार के स्थायित्व को लेकर कोई खतरा नहीं है और आशा है कि यह सरकार पहले की तरह मजबूती के साथ काम करती रहेगी और सहयोगी दल दलगत हितों अथवा अपने-अपने राज्य के हितों के बजाय राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देंगे।दस साल पहले के मुकाबले आज देश विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़ा है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। डीजीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां में बेरोजगारी और असमानता शामिल है। इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मौजूदा जनादेश की सबसे उपयुक्त व्याख्या यही हो सकती है कि कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए सरकार विकास के अजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करे।देश के प्रधानमंत्री से यह अपेक्षा रहेगी कि वे देशविरोधी विमर्श को भी नष्ट करेंगे और देश तोड़ने वाली शक्तियों को उचित दंड देंगे। दंड विधान न होने से अराजकता का विस्तार होता है, जैसा हमने शाहीन बाग और किसान आंदोलन के दौरान देखा था। देश अब उन घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं चाहेगा। देशवासी यह चाहते हैं कि सरकार हर उस विमर्श का समूल नाश करे, जो लगातार देश को कमजोर कर रहा है. क्योंकि अराजकता से देश के आर्थिक विकास पर प्रभाव पड़ता है और इसके कारण करोड़ों लोग प्रभावित होते हैं।

## कविता

### आओ उजालों से कुछ सीख लेते है’

आओ उजालों से कुछ सीख लेते है,
ताजी हवाओ से उमगें भर लेते हैं।

जमाने की तमाम बुराई रखे एक तरफ,
फूलों से दो पल,मुस्कुराना सीख लेते है।

पतझड़ में पत्तो को समेट देते है किनारे,
सावन की फुहारो से मन भिगो लेते है

कलिओ के साथ दो पल खिल लेते है,
भांवरों संग प्रेम गीत गुन-गुना लेते हैं।

क्या विलाप करे जिंदगी का भी,
नन्हो संग उन्मुक्त खिळखिला लेते है।

सुरज सुबह उगता, शाम अस्त होता हि है,
उजालों से कुछ मौज मना लेते है।

जीवन रहेगा ,कभी डाल कभी पात,
आओ जिंदगी से जीना सीख लेते हैं।

संसार में निराशा की गुंजाइश नहीं,
सूरज के संग चलो रौशन हो लेते है।

संजीव

## आत्म गौरव से उपजी देश की अखंडता

संजीव

**करीबन** आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवन का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस संघर्ष से प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है अब कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि "भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है"। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं।

## विचार

## साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार और माफिया गैंग

डॉ. सत्यवान सौरभ

कल केंद्रीय साहित्य अकादेमी द्वारा 2024 के युवा व बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की सोशल मीडिया पर खबर के बाद बधाईयों के साथ- साथ, जैसे अकादेमी पुरस्कारों को लेकर हर साल होता रहा है, कोई न कोई सवाल, विवाद तो उठता ही उठता है, इस बार भी कुमार सुशांत ने प्रविष्टि की अंतिम तिथि, और उसके बाद छपी पुस्तकों पर सवाल उठाते हुए पोस्ट लिखी तो जाहिर है मामला तूल पकड़ना ही था, कई प्रतिक्रियाएं, सवालों के रूप में सामने आ रही हैं। अकादमी के किसी भी नियम में अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किताबों पर विचार के लिए कहीं कोई विशेषाधिकार का जिक्र या प्रावधान नहीं है। नियम -३ के बिन्दु (६) में स्पष्ट लिखा है कि २४ भारतीय भाषाओं में प्राप्त सुयोग्य पुस्तकों की सूची संबध्द भाषा परामर्श मण्डल के (संयोजक सहित) सभी सदस्यों को इस अनुरोध के साथ भेजी जाएगी कि वे अकादेमी द्वारा निर्धारित तिथि तक दो पुस्तकों का अनुमोदित करें। नियम ७ - विविध के पहले पैराग्राफ में यह जरूर लिखा है कि यदि भाषा परामर्श मण्डल के किसी सदस्य या निर्णायक के द्वारा संस्तुति भेजने की समय सीमा की अनदेखी की जाती है तो अकादेमी यह मानकर चलेगी कि उसकी कोई संस्तुति नहीं है और तदनुसार अपनी पुरस्कार प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी सिवाय उस विशेष परिस्थिति के जिसमें अकादेमी समय- सीमा को बढ़ा पाने की स्थिति में हो तथा वास्तव में उसे बढ़ाती हो।

आश्चर्य की बात जिन तीन लोगों के बारे में सवालिया निशान हैं वे तीनों ज्यूरी के द्वारा रेकॉमेंडेड हैं यानी तीनों पुस्तकों की पैरवी की गई है। वाह रे साहित्य अकादमी। कमाल तो यह कि तीन पैरवी वाले लोगों में एक को पुरस्कार दिया गया है। अब ज्यूरी कितनी ईमानदार है यह सोचने वाली बात है। कहीं ऐसा तो नहीं कि लिस्ट में जितने नाम आये हैं वे सभी ज्यूरी द्वारा रेकॉमेंडेड ही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं रेकॉमेंडेड नाम पर ही केवल विचार हुआ और जो लेखक निर्धारित समय के भीतर अपनी पुस्तक जमा किये उनकी पुस्तक पर (रिकमेंड न होने के कारण) विचार ही नहीं किया गया। लिस्ट में शामिल किस किताब को किस ज्यूरी मेंबर ने रेकॉमेंड किया क्या साहित्य अकादमी यह बतलायेगी ? प्रसिद्ध आलोचक,कवि, लेखक नवनीत पांडेय के अनुसार सवाल यह है कि अगर अकादेमी अपनी विज्ञप्ति में घोषित अंतिम तिथि में परिवर्तन नहीं करती है या बिना पब्लिक सूचना तिथि केवल निर्णायक पैनल को ही व्यक्तिशः सूचित कर तिथि बढ़ा देती है तो बात अलग है, बावजूद इसके किसी नियम में यह कहीं लिखा है कि निर्णायक मण्डल या पैनल को अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या किसी व्यक्तिगत जानकारी,सोर्स से प्रकाशित किताब को सूची में शामिल कर, करा सकता है। यदि इन नियमों में कोई संशोधन नहीं हुआ है, यही हैं तो इनके प्रावधानों की जानकारी के बावजूद भी अगर निर्णायक मण्डल, पैनल तिथि के बाद प्राप्त, प्रकाशित किताबों पर विचार कर उसे अंतिम सूची में शामिल कर उन्हें पुरस्कार योग्य पाती है, पुरस्कार घोषित करती है तो अवश्य ही ये प्रतिभाए अप्रतिम और विलक्षण हैं, इस में संदेह नहीं होना चाहिए। याद दिला दूँ कि साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2024 हेतु आवेदन और प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2023 थी। साहित्य अकादमी ने पुरस्कार की घोषणा के साथ जिन 12 लेखकों का नाम प्रकाशित किया है उनमें दो लेखकों की पुस्तक आवेदन की तिथि के बाद आयी है। पहले लेखक हैं शहादत और दूसरे विहाग वैभव। शहादत की पुस्तक 'कर्फ़्यू की रात' लोकभारती प्रकाशन से 2024 में पब्लिश हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के 5 महीने बाद और विहाग वैभव की पुस्तक राजकमल प्रकाशन से सितम्बर 2023 में प्रकाशित हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के एक महीने बाद। पाठक दोनों पुस्तक के प्रकाशन का प्रमाण गूगल में देखें। ऐसी स्थिति में साहित्य अकादमी ने इन दोनों लेखकों की पुस्तकों पर विचार कैसे किया? इन दोनों पुस्तकों का नाम अंतिम सूची में कैसे है? नियमतः तो यह अमान्य और अनैतिक है।



## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com




**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

## नत्थू खैरा का सियासी सिलेबस

रामविलास जांगिड़

**राजनीतिक** विश्वविद्यालय का नाम सुनते ही मन में अज्ञान, कुतर्क-फुतर्क और विचारधारा के नाम पर नीचतम शिक्षा का ख्याल आता है। इस विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों की सूची देखते हैं, तो आपको भाड़ झौंकना, घास छीलना, मक्खियां मारना, तलवे चाटना और चमचा बनना जैसे यशस्वी कोर्स नजर आते हैं। ये हमारे राजनीतिक नेताओं और कार्यकताओं की नीचतम शिक्षा के अनिवार्य अंग हैं। भाड़ झौंकने के कोर्स में दलाल नेताओं को सिखाया जाता है कि कैसे राजनीति की भट्टी में अपनी महत्वाकांक्षाओं और वादों की लकड़ी डालकर भाड़ को तेज किया जाता है। यहां छात्र ये सीखते हैं कि बिना परिणाम की चिंता किए कैसे जनता को लुभाने के लिए गरमा-गरम भाषण दिए जाते हैं। संकल्प के नाम पर जितना झूठ बोला जा सकता है बोल दीजिए। फिर जनता को भाड़ में झोंक दीजिए। ये कोर्स हर नेता के लिए अनिवार्य है, क्योंकि भाषणों में आग लगाने की कला बिना किसी तथ्य या प्रमाण के पूरी करनी होती है ताकि उसे भाड़ में झोंका जा सके। घास छीलने के कोर्स में सिखाया जाता है कि कैसे बिना मेहनत करके दिखावा किया जा सकता है। राजनीति में अक्सर कुछ ना करते हुए भी व्यस्त रहने का नाटक करना पड़ता है। यह कोर्स इस कला में पारंगत करता है, जिससे छात्र सीखते हैं कि कैसे दिखावटी काम करके जनता की नजरों में सक्रियता बनाए रखी जा सके। मक्खियां मारना कोर्स में छात्रों को राजनीति की असली मक्खियों से लड़ना सिखाया जाता है। यहां मक्खियां वे मुद्दे हैं, जो जनता के वास्तविक समस्याओं की तरह उड़ती रहती हैं। सिखाया जाता है कि इन मुद्दों को कैसे इग्नोर करके टालना है, ताकि ध्यान असली समस्याओं से हटकर तुच्छ मुद्दों पर जाए। तलवे चाटना एक अनिवार्य कोर्स है। खासकर उन नेताओं के लिए जो अपने उच्च अधिकारियों या पार्टी प्रमुखों के प्रिय पात्र बने रहना चाहते हैं। इसमें सिखाया जाता है कि कैसे बिना किसी आत्मसम्मान के चाटुकारिता की जा सकती है? कैसे अपने स्वार्थ के लिए दूसरों के तलवे चाटे जाते हैं? कैसे बेशर्मी के साथ व्यवहार किया जाए ताकि उनका राजनीतिक करियर उन्नति की ओर बढ़ सके?

## सपनों का भारत

डॉ. सुरेश कुमार

**मुंशी जी,** जो कि एक छोटे से कस्बे में रहते थे, उनके मन में भारत को विकसित देश बनाने का सपना बसा था। उन्होंने हर सभा और संगोष्ठी में यही कहा, "हमारा भारत, स्वच्छ भारत, सशक्त भारत!" परंतु मुंशी जी के अपने घर के बाहर ही गंदगी का ढेर पड़ा रहता था, और सड़कें टूटी-फूटी थीं। एक दिन मुंशी जी ने सोचा कि क्यों न अपनी कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। उन्होंने बैनर और पोस्टर छपवाए, "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत।" उन्होंने कॉलोनी के सभी लोगों को एकत्र किया और जोशीले अंदाज में बोले, "हमें अपने आसपास की सफाई खुद करनी होगी। चलो, आज से ही शुरूआत करें।" मुंशी जी के उत्साह को देख लोग भी प्रेरित हुए। सबने अपने-अपने घरों से झाड़ू, फावड़ा, और कूड़ेदान निकाले। सफाई शुरू हुई, लेकिन एक घंटे के भीतर ही लोग थक गए और वापस अपने घरों में चले गए। मुंशी जी अकेले ही बचे थे, कूड़ा उठाते हुए। तभी एक सरकारी अफसर वहाँ से गुजरा और उसने मुंशी जी को देखा। उसने गाड़ी रोकी और पूछा, "अरे मुंशी जी, आप अकेले ही सफाई कर रहे हैं? क्या यहाँ सफाई कर्मचारी नहीं आते?" मुंशी जी ने निराश होकर कहा, "साहब, कर्मचारी तो हैं, पर उनका काम तो केवल कागजों पर ही होता है।" अफसर ने कुछ सोचते हुए कहा, "चलो, मैं कल ही सफाई कर्मचारियों की टीम भेजता हूँ।" मुंशी जी खुश हो गए और घर लौट गए। अगले दिन सचमुच सफाई कर्मचारियों की एक टीम आई। लेकिन वे केवल फोटो खिंचवाने आए थे। उन्होंने कुछ झाड़ू मारकर और फोटो खिंचवाकर वापस चले गए। कुछ दिनों बाद, मुंशी जी को एक समारोह में बुलाया गया। उन्हें "सर्वश्रेष्ठ नागरिक" का पुरस्कार दिया गया। मंच पर खड़े होकर मुंशी जी ने कहा, "मैं तो केवल अपना कर्तव्य निभा रहा था।" पुरस्कार पाकर मुंशी जी खुश तो थे, लेकिन भीतर से टूट चुके थे। उन्हें अहसास हो गया था कि केवल भाषणों और अभियानों से कुछ नहीं बदलता। असली बदलाव के लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा।

## न्यूज फ्लैश

### नवविवाहिता लापता, तीन माह पहले हुई थी शादी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। असंध थाना क्षेत्र** में एक नवविवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पति की शादी 3 महीने पहले ही पंजाब के पटियाला में हुई थी। महिला अपने साथ लाखों के जेवरात और तमाम दस्तावेज भी ले गई। पति की शिकायत के आधार पर असंध थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। पीडिता के पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 11 मार्च को पंजाब के पटियाला की रहने वाली एक महिला से हुई थी। शादी के बाद हम दोनों खुशी-खुशी रह रहे थे। किसी तरह का कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं था। पति ने बताया कि 14 जून की रात को हम एक साथ ही बैडरुम में सोए थे। सुबह जब उठा तो देखा की उसकी पत्नी घर पर नहीं थी। बाद में जब उसने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो रात को करीब 3 बजे उसकी पत्नी बैंग में घर में रखे सभी लाखों के आभूषण व अपने दस्तावेज लेकर जाते हुए दिख रही है। पति ने बताया कि उसने पत्नी की सभी जगह तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। वह अपने मायके भी नहीं पहुंची। उसे डर है कि उसके पत्नी के साथ कोई दुर्घटना ना जाए। सभी जगह तलाश करने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। असंध थाना के जांच अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने पति की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस नवविवाहिता की तलाश कर रही है।

### मनोहर लाल को विधानसभा चुनाव में चुनौती देने के लिए कांग्रेस ने कसी कमर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री और** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को विधानसभा चुनाव में चुनौती देने के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। जीटी रोड बेल्ट को साधने के लिए कांग्रेस ने रविवार को पूर्व सीएम खट्टर के गढ़ करनाल में कार्यकर्ता सम्मेलन किया। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। वहीं इस सम्मेलन में कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी (एसआरके) ग्रुप का कोई नेता नजर नहीं आया।कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हमें करनाल में कामयाबी नहीं मिली, लेकिन हरियाणा में उसका नतीजा जरूर आया। चुनाव हो चुका है। अब बैठना नहीं है। असली लड़ाई आगे है। विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर आगे बढ?ा है। मिशन को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 साल में हरियाणा को पीछे धकेल दिया। 2014 में हरियाणा देश में नंबर वन था, लेकिन आज भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अपराध में नंबर वन है। उन्होंने कहा कि कौशल रोजगार निगम बनाया गया, जिसका काम अस्थायी नौकरियां देना है। यह भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। दो लाख नौकरियां खाली पड़ी हैं। अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, फिर सरकार क्या कर रही है? जब सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य उपलब्ध नहीं करा पाई तो ऐसी कौन सी उपलब्धि सरकार ने हासिल की है। पूर्व सीएम ने कहा कि हमारी पहलवान बेटियों को जंतर-मंतर पर घसीटा गया। हमारे देश के किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया गया था, लेकिन हालात क्या हैं? किसान परेशान हैं। किसान एमएसपी के लिए लड़ रहे हैं, वे मंडी भी जाते हैं, लेकिन उन्हें अपनी फसल का कोई एमएसपी नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि 2014 में गैस सिलेंडर की कीमत 400 रुपए थी और अब 1100 रुपए है और हमारी सरकार आएगी तो सिलेंडर 500 रुपए कर देंगे। मनरेगा पर भी ध्यान दिया जाएगा। पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है और धोखा दे रही है और लोगों से वादे तो किए, लेकिन कोई भी वादा पूरा नहीं किया। हमारी सरकार आते ही हम उन सभी पोर्टल को बंद कर देंगे, जिनकी वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने अग्निवीर योजना को युवाओं के साथ मजाक करार दिया। उनका कहना था कि यह योजना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसमें चार साल की सेना सेवा के बाद उन्हें वापस भेज दिया जाता है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा कि हुड्डा सरकार में बड़े-बड़े काम हुए थे, लेकिन भाजपा ने उन कामों को बर्बाद कर दिया और प्रदेश को कर्ज में धकेल दिया।

# विधायक कल्याण ने पौधे वितरित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। मां यमुना सेवा** समिति की ओर से ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि रविवार को गंगा दशहरा पर्व मां यमुना के कुंडा कला घाट पर श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। संत प्रेमपाल सागर के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने यमुना स्नान उपरांत हवन-यज्ञ किया। उसके बाद शंखनाद व घंटियों की घनघनाहट के साथ यमुना मैया की प्रातःकालीन महाआरती की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घरौंडा हलके से विधायक हरविंद्र कल्याण ने श्रद्धालुओं को गंगा दशहरे की बधाई देते हुए पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण और मानव के अस्तित्व के लिए पेड़ों का होना अति आवश्यक है। अपने बच्चों की तरह इन पौधों की देखभाल करें। इससे न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य भी सुखमय होगा। उन्होंने कोरोना काल का जिक्र करते हुए चेताया कि किस तरह से ऑक्सीजन की वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी थी। इसलिए प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण की चिंता करनी चाहिए। समिति के पदाधिकारियों ने शॉल व स्मृति चिन्ह भेंटकर विधायक का स्वागत किया। दिनभर यमुना तट पर अटूट लंगर चलाया गया। पंडित अनूप द्विवेदी व पंडित अरविंद द्विवेदी ने मंत्रोच्चारण कर हवन संपन्न कराया। सरपंच एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रतन सिंह, महमदपुर गांव के सरपंच महेंद्र सिंह, कुंडा कला के सरपंच शिवकुमार, कुंजपुरा के पूर्व सरपंच महेंद्र फौजी, समाजसेवी संतोष राणा, इंजीनियर रजनीश, शिमला देवी व अन्य श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डालकर भारत के विकसित राष्ट्र बनने की कामना की। शिव मंदिर कुंजपुरा कमेटी के प्रधान प्रसिद्ध भजन गायक अश्विनी छाबड़ा ने तेरी यमुना दा मीठा-मीठा पाणी मां टंकियां भर लैण दे.. भजन गाया तो श्रद्धालु झूमने पर विवश हो गए। शिक्षक अश्विनी शर्मा, कपिल शर्मा, हरिओम पांचाल, सचिन प्रोचा, तरुण, काजल गहलोत, पंकज की भजन मंडली ने मां यमुना की महिमा का बखान किया। इस मौके पर सेवादार जिम्नास्टिक कोच विजय कश्यप, अंशुल राणा, विक्की सिंह, राजपाल रोजड़ा, दीपांशु गुगलानी, रामेश्वर देव, सुनील धारीवाल, शीशपाल कल्याण व अन्य ने सेवा की। समिति की ओर से पिछले वर्ष गंगा दशहरे पर गंगा मैया की तर्ज पर यमुना मैया की महाआरती की शुरूआत की गई थी। वर्ष भर में यह तीसरा सफल आयोजन किया गया है। इसको लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। पूरा दिन घाट पर स्नान करने वालों का तांता लगा रहा।

### पीपीपी डाटा वेरिफिकेशन व अपडेशन के लिए 22 जून तक लगाए जाएंगे शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। एसडीएम अशोक** कुमार की अध्यक्षता में नागरिक संसाधन सूचना विभाग द्वारा परिवार पहचान पत्र डाटा वेरिफिकेशन व अपडेशन के लिए रविवार को एसडीएम कार्यालय व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों शिविरों में परिवार पहचान पत्र की लगभग 66 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 62 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया है तथा शेष शिकायतों का समाधान भी शीघ्र कर दिया जाएगा। इसके अलावा शिविर में 57 बुजुर्गो की बुढ़ापा पेंशन भी लगाई गई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में तथा शहरी क्षेत्र के लिए शिविर एसडीएम कार्यालय में लगाया गया। उन्होंने बताया कि यह शिविर 22 जून तक लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में आमजन जन्मतिथि की वेरिफिकेशन, नेम डेमो-ओथेंटिक वेरिफिकेशन, वैवाहिक स्थिति सत्यापन, फैमिली स्ट्रक्चर अनवाटिड व अनटैग वेरिफिकेशन, व्यवसाय, डुप्लीकेट मोबाइल नंबर, बैंक अकाउंट, जाति वेरिफिकेशन, फैमिली आईडी करेक्शन वेरिफिकेशन का कार्य किया जाएगा। इस शिविर में गुरसिख और नीलम सैनी खंड इंचार्ज के तौर पर रहे।

### दशहरा पर यमुना में नहाने गए युवक की डूबने से हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंद्री हलके** के गांव नबियाबाद में यमुना घाट पर गंगा दशहरा के अवसर पर नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब तीन युवक यमुना में स्नान करने के लिए पहुंचे थे। युवक इंद्री के इलाके में लेबर का काम करते हैं और मृतक मूल रूप से यूपी के सिद्धार्थनगर का रहने वाला था। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और डूबने के 30 मिनट बाद ही युवक के शव की तलाश कर ली गई।

## इन्द्री वासियों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। आज कस्बा** इन्द्री के बजाज पैलेस में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नायब सिंह व उप पुलिस अधीक्षक इन्द्री सुभाष चंद द्वारा लोगों को नशे से होने वाली बीमारियों, दुष्प्रभावों और दुष्परिणामों बारे अवगत करवाया गया। डीएसपी नायब सिंह ने कहा कि भारत को युवाओं का देश माना जाता है और हमें युवाओं को नशे से बचाकर युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में प्रयोग करना है। आंकड़ों से पता चलता है कि देश में लगभग 10 करोड़ लोग नशे की गिरफ्त में हैं व इनमें से अधिकतर युवा हैं और यह बहुत ही चिंता का विषय है। हर वर्ष कई सौ युवा नशे की लत के कारण मौत का शिकार हो रहे हैं, जो देश के लिए एक बहुत बड़ी हानि है। उन्होंने कहा कि नशे से बचने के लिए युवाओं को सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड?ा होगा और स्कूल, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में एनसीसी, स्काउटस, एनएसएस तथा स्टूडेंट पुलिस कैडेटस को इन गतिविधियों से जोडकर समाज को जागृत करना है। इस प्रकार से हमारे युवा नशा मुक्त अभियान में संवाहक का कार्य कर सकते हैं और देश को प्रगति की ओर ले जा सकते हैं। उप पुलिस अधीक्षक इन्द्री सुभाष चंद ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। यह व्यक्ति की सेहत व परिवार पर बुरा प्रभाव डालता है। सही संगठन और समुदाय की सहायता नशा मुक्ति में मददगार साबित होती है। उन्होंने कहा कि नशे से जुझने वाले व्यक्ति को समर्थन और प्रेरणा की जरूरत होती है। नशा मुक्ति के लिए समय-समय पर शिक्षा व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिएं, ताकि सही समय पर देश की युवा पीढ़ी को नशा रूपी बिमारी के दुष्परिणामों से अवगत करवाया जा सके और उन्हें सही मार्गदर्शन मिल सके।

### इस समय तबादले करना बहुत जरूरी: कृष्ण कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शिक्षक तबादला** संघर्ष समिति का साफ मानना है कि यदि अब ट्रांसफर नहीं किए गए तो न केवल शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी, बल्कि शिक्षा विभाग में मामला होच-पोच भी होगा। उपरोक्त दावा संघर्ष समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण, राज्य महासचिव रामनिवास संगोही और प्रदेश प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल ने किया। राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि अभी लोकसभा चुनाव से पूर्व 2004 में लगे जेबीटी के 400, 2008 में लगे जेबीटी के 161, 2011 में लगे जेबीटी के 1103 और 2017 में लगे 9190 जेबीटी के शिक्षकों के अंतरजिला तबादले हुए, जिनके कारण कई स्कूलों में जरूरत से अधिक संख्या में शिक्षक हो गए और बहुत सारे स्कूल शिक्षक रहित ही हो गए। परिणाम स्वरूप प्रदेशभर के ट्रांसफर हुए जेबीटी के साठ प्रतिशत का वेतन कई महीनों से अटका पड़ा है और भी कई तरह की समस्याएं आ रही हैं जैसे कि एचआरएमएस पर पोस्टें शो नहीं हो रहीइ आदि-आदि। उन्होंने कहा कि ये सभी 10854 टीचर अभी अस्थाई स्टेशनों पर हैं। इसी प्रकार इससे पहले भी अंतरजिला तबादलों में 2576 शिक्षक गए थे, वह भी अस्थाई स्टेशनों पर हैं। अतः कुल मिलाकर 13430 जेबीटी अस्थाई स्टेशनों पर बैठे हैं

## प्रवीण बंसल एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल चेयरमैन नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने नैशनल टीम का विस्तार करते हुए हिसार के विख्यात समाजसेवी एवं उधमी प्रवीण कुमार बंसल को नैशनल चेयरमैन नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन शर्मा ने प्रवीण कुमार बंसल को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। प्रवीण कुमार बंसल ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि प्रवीण कुमार बंसल फाउंडेशन में पहले नैशनल चीफ पद पर कार्यरत थे और फाउंडेशन में उनके विशेष कार्यों एवं समर्पण भाव को मद्देनजर रखते हुए उन्हें फाउंडेशन के विशेष पद नैशनल चेयरमैन पर सुसज्जित किया गया है। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, आवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि शामिल हैं।

## दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में निकाली गई योग जागरण यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। 10वें अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस को लेकर आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के अधिकारियों, कर्मचारियों व योग सहायकों द्वारा असंध खंड के विभिन्न गांवों में योग जागरण यात्रा निकाल योग के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ योग को अपने जीवन में अपनाने और इसके असंख्य लाभों व महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा. सतपाल के आदेशानुसार व होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.समर्थ के मार्गदर्शन में योग जागरण यात्रा गंगाटेहड़ी, अरडाना, बाहरी, चौगामा, खेड़ी सर्फअली, ठरी, शेखुपुरा, मंचूरी व कबुलपुरखेड़ा इत्यादि गांवों में निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों को करो योग, रहो निरोग के संदेश के माध्यम से जागरूक किया गया। इस यात्रा में गांवों के सरपंच, पंच, बच्चों व ग्रामीणों ने बढ़-चढकर भाग लिया। इस दौरान योग सहायक प्रदीप कुमार, हरीश, नरेन्द्र सिंह, रामपाल व अन्नु ने संदेश देते हुए बताया कि प्रतिदिन निरंतर योग करने से हमारे शरीर की आधे से ज्यादा बीमारियां खत्म हो जाती हैं और शरीर मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है। योग सहायकों ने योग को जीवन के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि योग हमें दैनिक जीवन के कार्य करने में सक्षम बनाता है। स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर करता है। हमारा बेहतर स्वास्थ्य ही हमारा असली धन है। योग सहायकों ने सभी से उपमंडल स्तर पर असंध की नई अनाज मंडी में आयोजित किये जाने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील भी की।

## महर्षि वाल्मीकि ने सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया:वाल्मीकि

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौरः रविवार को गन्नौर जीटी रोड़** फ्लाईओवर के नीचे आयोजित महर्षि भगवान वाल्मीकि मूति की प्राण प्रतिष्ठा की गई । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री बिसंबर वाल्मीकि ने शिरकत की। मंत्री ने महर्षि भगवान वाल्मीकि की मूर्ति पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जमीन की सतह से धर्म की पराकाष्ठा प्राप्त करने वाले महात्मा थे जिन्होंने आदिकाव्य रामायण जैसी रचना कर समाज को सत्य व कर्तव्यनिष्ठा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा दी गई सामाजिक समरसता, मानवता जैसे नैतिक मूल्यों की आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिकता है। उनके विचार एवं आदर्श हमें समतामूलक समाज की स्थापना की प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को महर्षि वाल्मीकि के महान दृष्टिकोण एवं उनके द्वारा दी गई शिक्षा को अपने व्यवहार में अपनाने का संकल्प लेना होगा। यही उनके प्रति हमारा सम्मान तथा सच्ची श्रद्धा होगी। हरियाणा में सभी वर्गों के संत-महात्माओं व महापुरूषों की जयंती आदि से संबंधित कार्यक्रम राज्यस्तर पर मनाए जाते हैं। हरियाणा में भाजपा सरकार ने ही महर्षि वाल्मीकि, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, संत कबीरदास व संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के आयोजन प्रदेश स्तर पर मनाने की शुरूआत की है कार्यक्रम में पहुंचे विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एवं मन्नत ग्रुप आफ होटल के अध्यक्ष देवेंद्र कादियान ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए, वे महान समाज सुधारक थे। भगवान वाल्मीकि महान चिंतक, विचारक और युग द्रष्टा के साथ-साथ समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अंधविश्वास, कुरीतियों और रूढ़िवादिता का डटकर विरोध किया और समाज को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि देश में समय-समय पर अनेक महापुरुषों ने जन्म लेकर मानव जाति का मार्गदर्शन किया है। महर्षि वाल्मीकि भी ऐसे ही महापुरुष थे, जिनके सिद्धांत आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने पवित्र रामायण की रचना कर पूरी मानव जाति के कल्याण हेतु धर्म का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं की शिक्षाएं पूरे मानव समाज की धरोहर हैं

## यमुना व सिद्धपीठ सतकुंभा धाम में लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया**





**गन्नौर : ज्येष्ठ माह के दशहरे** पर रविवार को श्रद्धालुओं ने यमुना के बेगा , पबनेरा आदि घाटों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने यमुना में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालु सुबह से ही अपने वाहनों में बैठकर यमुना घाट पर पहुंचे और पूजा अर्चना के बाद यमुना मैया से संबंधित गीत गाए और यमुना में आस्था की डुबकी लगाई । आस्था है कि इस दिन यमुना में स्नान करना बेहद कल्याणकारी है। दशहरा पर्व का महत्व स्नान और दान से जुड़ा है। प्रिंस शास्त्री ने बताया कि दशहरा का त्योहार ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर मनाया जाता है। इस त्योहार पर चित्रा नक्षत्र और शुभ मुहूर्त साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग और अमृत सिद्धि योग बन रहा था । जो सालों बाद देखने को मिल रहा है. इसलिए आज के दिन यमुना मैया दर्शन पूजन का विशेष महत्व है । दशहरा का सनातन धर्म में बेहद खास महत्व होता है। इस दिन यमुना मैया की आराधना करने से सभी प्रकार के पापों से व्यक्ति मुक्त हो जाता है। शास्त्री प्रिंस मुदगिल ने बताया कि इसके साथ ही गंगा स्नान से सभी कष्ट दूर होते हैं। आज के दिन दान पुण्य का भी विशेष महत्व है। यही वजह है कि लोग यमुना में स्नान करते हैं ।

**सिद्धपीठ सतकुंभा धाम पर लगा मेला, हजारों श्रद्धालुओं ने कुंड में स्नान किया और इष्ट देवों की पूजा की**

हरियाणा के प्रसिद्ध 68 तीर्थों में शामिल सिद्धपीठ सतकुंभा धाम, खेडी गुज्जर में रविवार को ज्येष्ठ के गंगा दशहरे पर भव्य मेला लगा। हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर पूजन-अर्चना की। पीठाधीश्वर राजेश स्वरूप महाराज ने इस महापर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्येष्ठ के महीने में गंगा दशहरे का पावन
पर्व धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में महत्वपूर्ण है। इस दिन गंगा मैया का आगमन हुआ था, और इस स्नान और पूजन को पुण्यदायी माना गया है।

## मर्डर के गवाह को किया किडनैप, पत्नी बोली-गन प्वॉइंट पर उठा ले गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में एक** महिला ने अपने पति के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने बताया है कि 14 जून को उसके पति को कुछ लोग बंदूक की नोंक पर ड्यूटी से अगवा कर ले गए। बता दें कि यह मामला रांवर गांव के नरेंद्र हत्याकांड से जुड़ा है। यह केस कोर्ट में विचाराधीन है और इसमें प्रेमपाल एक गवाह है, जिसका किडनैप किया गया है। प्रेमपाल की पत्नी ने आरोप लगाया है कि मामले के आरोपी उस पर केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। महिला पूरे मामले पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी दफ्तर पहुंची थी। रविवार को एसपी दीपक सहारन से गुहार लगाने पहुंची प्रेमपाल की पत्नी राजरानी ने बताया कि प्रेमपाल 14 जून को काम पर गए थे। वह नहर पर सिक्योरिटी गार्ड हैं। पत्नी ने बताया कि शाम को बेटी नहर पर खाना लेकर गई थी, लेकिन प्रेमपाल वहां नहीं मिले। वहां कुछ बच्चे मौजूद थे, जिन्होंने बेटी को बताया कि उसके पापा को पिस्टल की नोंक पर एक गाड़ी में कुछ लोग लेकर गए हैं। अब वह पुलिस वाले थे या कोई और, इसका पता नहीं। इसके बाद बेटी घर पहुंची और पूरी बात बताई। तब परिवार के सदस्यों ने प्रेमपाल की तलाश शुरू की। महिला ने बताया कि प्रेमपाल नरेंद्र के मर्डर का गवाह है। यह मामला कोर्ट में चल रहा है और आरोपी बार-बार राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं। शिकायत में प्रेमपाल की पत्नी ने बताया है कि पिछली 22 मई को भी दोनों पक्षों के बच्चों में झगड़ा हुआ था। इसमें बच्चों को चोट भी लगी, लेकिन आरोपियों की जान-पहचान के डॉक्टर ने उनके ही बच्चों की चोट ज्यादा दिखाई। इसके बाद पुलिस ने हमारे बच्चों पर केस दर्ज किया।

# दिल्ली में पाइपलाइन काटने की हो रही साजिश: आतिशी

## दिल्ली में जलसंकट की स्थिति को और बिगाड़ने के लिए साज़िशन मुख्य पाईपलाइन को काटकर नुकसान पहुंचाने का षड्यंत्र किया जा रहा: आप





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का कहना है कि दिल्ली में जलसंकट की स्थिति को और बिगाड़ने के लिए साज़िशन मुख्य पाईपलाइन को काटकर नुकसान पहुंचाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। आतिशी के अनुसार दिल्ली जलबोर्ड की ग्राउंड पेट्रोलिंग टीम ने दक्षिण दिल्ली राइजिंग मेन्स - मुख्य जल पाइपलाइन जो सोनिया विहार डब्ल्यूटीपी से दक्षिण दिल्ली तक पानी ले जाती है - में एक बड़े रिसाव की सूचना मिली। इस टीम ने गढ़ी मेढू में डीटीएल सब स्टेशन के पाया कि यहाँ मौजूद पाइपलाइन से कई बड़े 375 मिमी बोल्ट और एक 12 इंच बोल्ट काट दिया गया था, जिससे रिसाव हो रहा था। जो किसी बड़ी साज़िश को दिखाता है। पाइपलाइन की रिसाव को तो जलबोर्ड द्वारा 6 घंटे में दूर कर दिया गया लेकिन इस षड्यंत्र के कारण दक्षिणी दिल्ली में 25 प्रतिशत कम पानी पहुंचा है। इस बाबत जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा, शहर में पानी की मुख्य पाइपलाइनों को सुरक्षा देने की मांग की। उन्होंने दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा से अगले 15 दिनों के लिए दिल्ली में पानी की प्रमुख पाइपलाइनों की गश्त और सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात करने की मांग की। जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, इस जलसंकट में शरारती और असामाजिक तत्वों को पानी की मुख्य पाईपलाइनों में छेड़छाड़ और तोड़फोड़ करने से रोकने के लिए इनपर पुलिसकर्मियों की तैनाती जरूरी है। आतिशी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को लिखे पत्र में कहा कि, वर्तमान में दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। यमुना में पानी की कमी के कारण पानी के उत्पादन में लगभग 70 एमजीडी की गिरावट आई है और दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की कमी हो रही है। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती हो जाती है। उन्होंने आगे लिखा कि, दिल्ली जल बोर्ड के पास मेन वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के लिए पेट्रोलिंग टीम हैं जो पानी को स्त्रोतों से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) तक और फिर डब्ल्यूटीपी से शहर के विभिन्न हिस्सों में हमारे मुख्य यूजीआर तक पहुंचाने वाले पाइपलाइनों की मॉनिटरिंग कर रहे है। साथ ही दिल्ली सरकार द्वारा इस काम में सहयोग के लिए एडीएम की देखरेख में भी टीमें तैनात की हैं। जल मंत्री अतिशी ने कहा, 'अभी दिल्ली में गंभीर हीटवेव भी चल रही है और पानी की कमी भी हो रही है। इस सब के दौरान ऐसा लग रहा है कि कुछ लोग पानी की पाइपलाइन तोड़ कर इस पानी की कमी को और बदतर बनाने का षड्यंत्र रच रहे हैं।

**साउथ दिल्ली की सप्लाई पाइप लाइन में बहुत बड़ा लीकेज हुआ:** साउथ दिल्ली की सप्लाई पाइप लाइन में बहुत बड़ा लीकेज हुआ। जब हमारी टीम को पता चला तो रिपेयर के लिए टीम भेजी गई तो वहां यह पाया गया कि बहुत बड़े-बड़े बोल्ट को काट कर छेद किया गया है।

मैंने इसी संदर्भ में आज पुलिस कमिश्नर को लिखा है कि हमारी मुख्य पाइप लाइन को पुलिस द्वारा सुरक्षा दी जाए।' दिल्ली सरकार में मंत्री व आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'कुछ दिनों पहले कुछ वीडियो को कुछ खास तरह के लोगों ने वायरल किया कि दिल्ली में बहुत लीकेज हो रही है। मुझे नहीं लगता कि वह लीकेज प्राकृतिक है, मुझे लगता है कुछ लोग जानबुझकर लीकेज कर रहे हैं। कल दक्षिण दिल्ली में पाइप को बांधने वाले नट-बोल्ट कटे हुए मिले, वह किसने काटे? उसकी वजह से आज पूरे दक्षिण दिल्ली में पानी नहीं आया। मैं जनता से निवेदन करूंगा कि वे इसपर निगरानी रखें क्योंकि कुछ लोग इन पाइपलाइनों को तोड़ने का षड्यंत्र कर रहे हैं।'

### जल मंत्री आतिशी ने अधिकारियों के साथ की आपात बैठक

**जल** संकट के बीच जल मंत्री आतिशी ने अधिकारियों के साथ आपात बैठक कर समस्या दूर करने का आदेश दिया। साथ ही, जरूरत के आधार पर पानी के टैंकरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जलापूर्ति बेहतर बनाने के लिए हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से फोन पर बातचीत भी की। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बैठक के बाद आतिशी ने बताया कि दिल्ली में जलसंकट की स्थिति बढ़ रही है। हरियाणा से पर्याप्त पानी नहीं मिलने से उत्पादन 70 एमजीडी तक घट गया है। 932 एमजीडी उत्पादन ही हो रहा है। वजीराबाद बैराज का जलस्तर सामान्य से 6 फीट घटकर 668.5 फीट पर पहुंच गया है। मुनक नहर से मिलने वाला पानी भी घटकर 902 क्यूसेक पहुंच गया है। कच्चा पानी मिलने में आई दिक्कत के बाद जल शोधन संयंत्र पर असर पड़ा है।

इस समस्या से निपटने के लिए पश्चिमी दिल्ली के कई हिस्सों में बोरवेल को यूजीआर से जोड़ा गया है। साथ ही, जलबोर्ड ने दिल्ली में टैंकरों के फेरे बढ़ाकर प्रतिदिन 10 हजार कर दिया है। जल बोर्ड करीब 10 एमजीडी पानी टैंकरों से सप्लाई कर रहा है। आतिशी ने अपील की कि हिमाचल से मिलने वाले पानी पर जब तक अपर यमुना रिवर बोर्ड का निर्देश नहीं आ जाता तब तक हरियाणा दिल्ली को कुछ अतिरिक्त पानी दे। दिल्ली के लोग भी पानी बर्बाद न करें। यदि कहीं लीकेज दिखे तो तुरंत सोशल मीडिया पर खबर दें। इस पर तुरंत संज्ञान लेंगे। एक दिन पहले कोंडली की शिकायत मिली थी जिसे 12 घंटे में ठीक कर दिया गया था।

**1005 एमजीडी पानी का उत्पादन होता था**

आतिशी ने बताया कि वजीराबाद बैराज और मुनक नहर से मिलने वाले पानी की मात्रा कम होने से दिल्ली के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कम उत्पादन हो रहा है। सामान्य रूप से रोजाना इन प्लांट से 1005 एमजीडी पानी का उत्पादन होता है।

### ट्यूबवेल से की जा रही आपूर्ति

**आपातकालीन स्थिति में** ट्यूबवेल को सप्लाई नेटवर्क से जोड़ा गया है। ये ट्यूबवेल विशेष रूप से बवाना, नरेला, द्वारका, नांगलोई सहित पश्चिमी दिल्ली के कई हिस्सों में करवाए गए हैं। इन जगहों पर पानी की विशेष कमी है। आतिशी ने कहा कि स्थिति सुधारने के लिए अपर यमुना रिवर बोर्ड की बैठक हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। हिमाचल ने इस बैठक में दोबारा ये बात दोहराई गई है कि दिल्ली को अपना सरप्लस 139 एमजीडी पानी देने के लिए तैयार है, लेकिन बोर्ड ने इस पर हिमाचल से कुछ कागज मांगे हैं।

**आप विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र:** जल संकट से राहत दिलाने की मांग को लेकर आप विधायकों ने शनिवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को पत्र लिखा है। विधायकों ने मांग रखी है कि जल संकट से उबारने के लिए दिल्ली सरकार हर प्रयास कर रही है, लेकिन यमुना में पानी की उपलब्धता कम होने से दिल्ली की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं।

# जल संकट: अब बीजेपी का मटका फोड़ प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पानी की किल्लत को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विरोध-प्रदर्शन के साथ ही इस मुद्दे पर भाजपा सांसद भी सरकार को घेरने में जुटे हैं। पेयजल संकट पर भाजपा दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर 'मटका फोड़' प्रदर्शन किया। पश्चिमी दिल्ली से भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत और अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे पर दिल्ली सरकार के खिलाफ नजफगढ़ में विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले कल कांग्रेस ने कल जल संकट को लेकर मटका फोड़ प्रदर्शन किया था। भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 'दिल्ली में जल संकट का अगर कोई जिम्मेदार है तो वह अरविंद केजरीवाल और आप सरकार है। दिल्ली में जल संकट प्राकृतिक नहीं है। इनकी लापरवाही, पानी की चोरी, पानी की बबार्दी मूल कारण है जिसकी वजह से दिल्ली में जल संकट है। 10 साल से आप की सरकार है, 2024 तक हर घर जल का वादा अरविंद केजरीवाल ने किया था, उस वादे का क्या हुआ?' नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने दिल्ली में पानी की कमी को लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ 'मटका-फोड़' विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

**प्रदर्शन**

▶▶ राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे पर दिल्ली सरकार के खिलाफ नजफगढ़ में विरोध प्रदर्शन किया

**दिल्ली सरकार छिपा रही कमियां: योगेंद्र चंदोलिया**
सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने मुनक नहर के पास जाकर पानी की किल्लत पर आम आदमी पार्टी को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से दिए जा रहे पानी को स्टोर करने के लिए दिल्ली सरकार के पास जगह नहीं है और कमियों को छिपाने के लिए वे हरियाणा सरकार पर ठीकरा फोड़ रही है। जल मंत्री आतिशी बार-बार यह कहकर दिल्ली की जनता को गुमराह कर रही हैं कि हरियाणा सरकार की ओर से पर्याप्त पानी नहीं दिया जा रहा है। जल बोर्ड एक भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। दिल्ली के अंदर जल संकट हर पल गंभीर रूप ले रहा है। यमुना में जल स्तर नीचे जाने से पानी का उत्पादन कम हो रहा है। जिससे पानी की किल्लत पैदा हुई है।

# स्पेशल सेल ने पकड़ा अंतरराज्यीय हथियार तस्कर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अंतरराज्यीय हथियार तस्कर तरुण मेहरा को गिरफ्तार किया है। चेकिंग व पकड़े.जाने से बचने के लिए आरोपित ने पिस्टल छिपाने के लिए कार के दरवाजे में गोपनीय केविटी बनवा रखा था। कार की तलाशी लेने पर प्वाइंट 32 बोर की 10 पिस्टल बरामद की गई है। उक्त अवैध पिस्टल की आपूर्ति पंजाब के बदमाशों को की जानी थी। यह दिल्ली और पंजाब के बदमाशों को ड्रग्स, अवैध हथियार व कारतूस की आपूर्ति करता था। डीसीपी स्पेशल सेल प्रतीक्षा गोदारा के मुताबिक तरुण मेहरा, पूर्वी उत्तम नगर का रहने वाला है। एसीपी ललित मोहन नेगी और हृदय भूषण के नेतृत्व में इंस्पेक्टर प्रवीण दुग्गल और राकेश राणा की टीम ने हथियार तस्कर को छह जून को मेन गेट आईपी पार्क, रिंग रोड के पास से उस समय दबोच लिया जब वह अपनी कार के दरवाजे की केविटी में 10 पिस्टल छिपा कर ले जा रहा था। हथियार तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान के क्रम में स्पेशल सेल को इनपुट मिला कि एक तस्कर सफेद रंग की कार में रात साढे आठ बजे से साढे नौ बजे के बीच आइपी पार्क, रिंग रोड के पास आएगा और उसके पास अवैध हथियार होंगे। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने सफेद रंग की कोरोला एल्टिस कार कोई आईपी पार्क के पास रोककर पुलिस ने जब ड्राइवर का नाम पूछा तब तरुण मेहरा नाम बताते ही उसे पकड़ लिया गया। उसकी कार की तलाशी लेने पर उक्त कार के दोनों तरफ के सामने वाले दरवाजों की केविटी में छिपाकर रखी गई 10 अवैध पिस्टल बरामद हुई।

**काबू**

▶▶ आरोपित ने पिस्टल छिपाने के लिए कार के दरवाजे में गोपनीय केविटी बनवा रखा था


तरुण मेहरा ने बताया कि उसने बरामद हथियार एक दिन पहले बुरहानपुर, एमपी के एक हथियार डीलर से खरीदे थे और इन हथियारों को पंजाब के बदमाशों को पहुंचाना था। तरुण मेहरा ने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और बाद में वह ब्रिटेन और अन्य देशों में स्थित ज्वैलर्स को सोना निर्यात करने के अपने पारिवारिक व्यवसाय में शामिल हो गया। पिता की मृत्यु के बाद उसे अपने सोने के आभूषण व्यवसाय में भारी घाटा हो गया।
पंजाब आने जाने के दौरान उसकी दोस्ती भटिंडा के रहने वाले विशाल से हुई, जिसने उसे जल्द पैसा कमाने के लिए ड्रग्स का धंधा करने के लिए कहा। 2014-15 के बीच वह उत्तम नगर इलाके में किराए पर रहा था, जहां वह लकी के कोड नाम से नाइजीरियाई मूल के एक व्यक्ति के संपर्क में आया।

# शब्बीर शाह को कोर्ट से मिली नियमित जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पटियाला हाउस कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी शब्बीर शाह को जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में नियमित जमानत दे दी है। अदालत ने शाह को एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी है।

**जमानत के बावजूद शाह जेल से नहीं आ पाएगा बाहर:** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरज मोर की अदालत ने आरोपित को जमानत देते हुए कहा कि वो बिना अदालत की अनुमति देश के बाहर नहीं जा सकेगा। हालांकि, जमानत के बावजूद शाह जेल से बाहर नहीं आ सकेगा। चूंकि उसके खिलाफ एनआइए द्वारा दो अलग-अलग मामलों की जांच की जा रही है।

# पानी के लिए संघर्ष: दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय में तोड़फोड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर अलग ही सियासी माहौल बना हुआ है। भाजपा लगतार प्रदर्शन कर रही है। वहीं, लोगों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इसी बीच रविवार को छतरपुर इलाके में अज्ञात लोगों ने दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय में तोड़फोड़ की। वहीं, द्वारका में पानी को लेकर हुए विवाद में तीन लोग घायल हो गए। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, द्वारका जिला क्षेत्र में आम नल से पानी भरने को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में तीन लोग घायल हो गए और उन्हें इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोई सांप्रदायिक एंगल नहीं है। दोनों पक्षों के बयान पर दो क्रॉस केस दर्ज किये गये हैं। जांच चल रही है। वहीं, उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली में पानी की कमी को लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ 'मटका-फोड़' प्रदर्शन में हिस्सा लिया। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, 'हर साल जल संकट होता है...आतिशी किसे धोखा दे रही हैं? आतिशी को श्वेत पत्र लाना चाहिए, जिस पर पिछले 10 सालों में पाइप बदले गए हों। ये आलसी लोग हैं, इनके पास भी नहीं है'' न कोई कार्यनीति, न कोई मंशा, इन्हें सिर्फ खजाना लूटना है।' भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने कहा, 'यह एक भ्रष्ट सरकार है। वे खुद को भ्रष्टाचार के आरोपों से बचाने के लिए कहानी बदलने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड में कोई ऑडिट नहीं हुआ है। यह 70,000 करोड़ रुपये के घाटे में है। यह एक भ्रष्ट सरकार है, हमने इस सरकार से मुक्त होने की मांग रखी है।' छतरपुर में दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय में हुई तोड़फोड़ पर उन्होंने कहा, 'यह स्वाभाविक है, लोग गुस्से में हों तो कुछ भी कर सकते हैं मैं उन कार्यकताओं का आभारी हूं, जिन्होंने उन लोगों को नियंत्रित किया।'

**आप ने लगाया बीजेपी पर आरोप:** वहीं, आम आदमी पार्टी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सरेआम गुंडागर्दी। देखिए कैसे बीजेपी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर में भाजपा कार्यकर्ता तोड़फोड़ कर रहे हैं। एक तरफ हरियाणा की भाजपा सरकार दिल्ली के हक का पानी रोके हुए है तो वहीं दूसरी तरफ बीजेपी दिल्ली की जनता की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रही है। आखिर इन्हें दिल्लीवालों से इतनी नफरत क्यों है? आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि देखिए भाजपा के पटके पहने नेता और भाजपा नेता जिंदाबाद लगाते कार्यकर्ता दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर में सरकारी संपत्ति को तोड़ रहे हैं। जगह-जगह पानी की पाईपलाइन कौन तुड़वा रहा है? किसका षड्यंत्र है?

**तीन घायल**

▶▶ रविवार को छतरपुर इलाके में अज्ञात लोगों ने दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय में तोड़फोड़ की

**द्वारका में हुआ झगड़ा**
दिल्ली पुलिस ने बताया कि द्वारका के सेक्टर-23 में झगड़े को लेकर दो पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थीं और जांच के लिए एक टीम को मौके पर भेजा गया था। वहां पता चला कि नल से पानी भरने को लेकर झगड़ा हो गया। इस दौरान लात-घूंसे भी चले, जिसमें तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि शुरूआत में हमें पता चला कि झगड़े के कारण तीन लोग घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए इंदिरा गांधी अस्पताल ले जाया गया है।

पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बयानों पर दो क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई हैं।

# बदमाशों ने युवक पर बोला हमला, पुलिस ने बचाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि गश्त ड्यूटी पर तैनात दिल्ली पुलिस के सतर्क कर्मियों ने अंबेडकर नगर पुलिस स्टेशन के तहत दक्षिण पुरी के बी ब्लॉक में हमलावरों द्वारा हमला किए जा रहे एक युवक को बचाया। पीड़ित की पहचान 18 वर्षीय लकी के रूप में हुई, जिसे तीन लोग पीट रहे थे। चोट लगने के बाद उन्हें बचाया गया और अस्पताल ले जाया गया।

**पुलिस को गश्ती के दौरान सुनाई दी लड़ाई की आवाज:** दिल्ली पुलिस के मुताबिक, अंबेडकर नगर पुलिस स्टेशन की एक टीम बी ब्लॉक, दक्षिण पुरी में गश्त कर रही थी। तभी उन्हें बी ब्लॉक में मोहल्ला क्लिनिक के पास झगड़े की आवाजें सुनाई दीं। वे तुरंत मौके पर पहुंचे और देखा कि तीन लोग 18 साल के लकी नाम के लड़के को पीट रहे थे। हमलावरों के पास चाकू भी था।

**पीड़ित ने पूछताछ में पुलिस को बताई सच्चाई**
पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक हमलावर को पकड़ लिया और लोगों की मदद से घायल लकी को अस्पताल पहुंचाया। अपने बयान में लकी ने कहा कि तीन लोगों ने उस पर चाकू से हमला किया और उनमें से एक के पास देशी बंदूक थी। जांच के दौरान सभी हमलावरों की पहचान कर ली गई।

**कार्रवाई जारी**

▶▶ देखा कि तीन लोग 18 साल के लकी नाम के लड़के को पीट रहे थे। हमलावरों के पास चाकू भी था

**कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी:** पुलिस ने कहा कि यह पता चला कि लकी ने कुछ महीने पहले हमलावरों में से एक को पीटा था और बदला लेने के लिए उस व्यक्ति ने अन्य लोगों के साथ मिलकर लकी पर हमला किया।

# मुंडका की कार्डबोर्ड फैक्ट्री में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली के मुंडका औद्योगिक क्षेत्र में एक कार्डबोर्ड फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें सुबह 7:17 बजे आग लगने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां आग बुझाने की कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचीं।

**आग बुझाने के लिए दमकल की करीब 35 गाड़ियां मौके पर मौजूद:** अधिकारियों ने आगे बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल की करीब 35 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। आग लगने के पीछे का सटीक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

**भीषण आग**

▶▶ घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां आग बुझाने की कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचीं

**शनिवार को वसंत विहार के पांच दुकान में लगी आग:** इससे पहले शनिवार को दक्षिणी दिल्ली के वसंत विहार के सी ब्लॉक स्थित एक दुकान में शनिवार तड़के भीषण आग लग गई। एक दुकान की आग धीरे-धीरे अन्य दुकानों तक फैल गई।

# तीन दिन बाद भी नहीं बुझ पाई चांदनी चौक की आग

## अभी तक आग को बुझाने में सौ से अधिक अग्निशमन की गाड़ियों का आग बुझाने के लिए उपयोग हो चुका



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक की नई सड़क स्थित मारवाड़ी कटरे में लगी आग तीसरे दिन भी पूरी तरह शांत नहीं हो पाई है। गुरुवार शाम पांच बजे लगी आग पर तो शुक्रवार को ही काबू पा लिया गया था लेकिन बार-बार धुंआ उठने और आग की लपटे दिखने की वजह से अग्निशमन के कर्मी मोर्चा संभाले हुए हैं। अभी तक आग को बुझाने में सौ से अधिक अग्निशमन की गाड़ियों का आग बुझाने के लिए उपयोग हो चुका है लेकिन अभी पूरी सफलता नहीं मिली है। आग लगने की वजह से कमजोर हुई इमारत गिर गई है। चूंकि अंदर कपड़े की दुकाने थी तो बार-बार वह सामान आग पकड़ ले रहा है। अग्निशमन कर्मियों के सामने दिक्कत आ रही है करीब 15 फिट के मलबे के नीचे पड़े सामान में लग रही आग को कैसे बुझाए। इसलिए जहां से भी धुंआ उठता हुआ देखा जाता है वहां पर पानी की सहयता से उसे आग में तब्दील होने से रोकने की कोशिश फायर कर्मी करते हैं। पुलिस ने आग की घटना को लेकर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कटरा मारवाड़ी की दूसरी मंजिल पर लगे एसी के आउटर डोर में निकली चिंगारी के बाद आग लगी थी। क्राइम और एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंच हालात का जायजा लिया। अग्निशमन विभाग के अनुसार नई सड़क स्थित कटरा मारवाड़ी में आग लगने के बाद से सौ से ज्यादा गाड़ियों का इस्तेमाल किया जा चुका है। दस लाख लीटर पानी आग बुझाने के लिए अब तक डाला जा चुका है। पूरी मार्किट में साड़ी, सूट, लहंगे व ड्रेस मैटेरियल का काम हाता था। ऊपरी सतह पर लगी आग तो बुझ चुकी है, लेकिन तेज गर्मी के कारण पानी सूखते ही आग फिर से धधक उठती है। कूलिंग का काम पूरा होने में अभी भी एक दो दिन और लग सकते हैं।

**अभी तक नुकसान भी नहीं देख पाए हैं दुकानदार:** चांदनी चौक के जिस मारवाड़ी कटरे में आग लगी है उसमें दो मार्केट हैं। इसमें एक अनिल मार्केट व दूसरी भगवती मार्केट। दोनों में चसवा से ज्यादा दुकानों के आग की चपेट में आई है। इसमें सौ करोड़ से ज्यादा के नुकसान का अनुमान है। वहीं, दुकानदारों के सामने सबसे बड़ी समस्या यह आ रही है कि आग लगने के बाद वह यह ही नहीं देख पा रहे हैं कि उनकी दुकान की आखिर स्थिति क्या है।

# आप के पूर्व एमएलए नितिन त्यागी बीजेपी में शामिल




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई ने कई नेताओं को अपनी पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर आप के पूर्व विधायक नितिन त्यागी ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया। बता दें, नितिन त्यागी को हाल ही में पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था। नितिन त्यागी के निलंबन के पीछे का कारण लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियां बताई गई थी। दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने निलंबन आदेश में कहा था कि नितिन त्यागी लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। पार्टी ने अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित रहने तक उन्हें प्राथमिक सदस्यता से निलंबित करने का निर्णय लिया है। अपने निलंबन पर नितिन त्यागी ने कहा, "आजकल पार्टी के भीतर सच बोलना भी पार्टी विरोधी गतिविधि बन गई है।" आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, "पार्टी की बुनियादी नींव को नष्ट करना पार्टी विरोधी गतिविधि है।" बता दें, लक्ष्मी नगर के पूर्व विधायक नितिन त्यागी ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया और दिल्ली में लोकसभा चुनावों में भारी हार के लिए आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की आलोचना की थी।

# अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद ने महिला विंग का किया गठन: डॉ नवीन नैन भालसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**अंतरराष्ट्रीय जाट संसद** के के नवनियुक्त राष्ट्रीय व राज्य कार्यकारिणी को गठित करते अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा डॉ नवीन नैन भालसी व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानियां व वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी प्रेम सिंह भालसी व पूरी टीम द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद ने सोनिया देशवाल को महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष, अन्चला देवी (मेरठ) को महिला विंग की राष्ट्रीय प्रतिनिधि,प्रिया तोमर को गुजरात प्रदेश की महिला अध्यक्ष, नीलम चौधरी को गुजरात प्रदेश की महिला प्रतिनिधि व डॉ रामनिवास चौधरी को राजस्थान प्रदेश का अध्यक्ष व इन्दराज पलसानियां को राज्यस्थान प्रदेश का प्रदेश प्रतिनिधि बनाकर व लदंके बोरो काऊंसलर रोहित अहलावत का पूरी टीम अंतरराष्ट्रीय जाट संसद द्वारा सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया ने बताया कि जाट समाज वर्तमान में सामाजिक व राजनीतिक रूप से बेहद कमजोर हो चुका है जाट समाज के सामाजिक भाईचारे की बुनियाद को कमजोर किया जा रहा है इन सब हालातों पर चर्चा कर कौम के जागरूक व सक्रिय लोगों को जाट संवाद यात्रा से जोड़ा जाएगा। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि कौम के गौरवशाली इतिहास, कौम की सभ्यता संस्कृति व युवाओं को जाट इतिहास के प्रति जागरूक करने रोजगार सृजन व शिक्षा, व्यापार के प्रति जागरूक किया जाएगा सामाजिक नेटवर्क तैयार किया जाएगा समाजिक कुरीतिओं के खात्मे पर चर्चा, समाज के जागरूक, प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी, लोगों से इस यात्रा के दौरान संवाद कर समाज के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पूरे देश-दुनिया के जाट समाज को सामाजिक रूप से मजबूत करने के लिए विश्व जाट एकता के लिए कार्य किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया देशवाल ने बताया कि जाट समाज की बहन-बेटियों व मातृशक्ति को मजबूत करने के पूरे भारत के साथ साथ विदेशों तक जोड़ने का काम करेंगे जिससे समाज को जोड़कर आने वाली नई पीढ़ीयों को जागरूक किया जाएगा।

# लोकसभा एवं विधानसभा उपचुनाव को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। भाजपा कार्यालय** कर्ण कमल में हाल ही में सम्पन्न करनाल लोकसभा चुनाव एवं करनाल विधानसभा उपचुनाव को लेकर समीक्षा बैठक हुई, जिसमें लोकसभा चुनाव क्लस्टर संयोजक एवं राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, पूर्व सांसद संजय भाटिया, जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, जिला अध्यक्ष पानीपत दुष्यंत भट्ट, लोकसभा संयोजक विधायक हरविंदर कल्याण, विधायक राम कुमार कश्यप, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, पूर्व विधायक बक्शीश सिंह, अमरनाथ सौदा, चेयरमैन निर्मला बैरागी, गजेंद्र सलूजा, लोकेश नागरू, जिला महामंत्री सुनील गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे। इस समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी ने बीते चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा की एवं राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई। राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार ने कहा कि जनता ने जो हमें जनादेश दिया है, उसका हम स्वागत करते हैं और भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में कोई कमी न रह जाए, उस दिशा में हमने काम करना है। उन्होंने देवता तुल्य कार्यकताओं के सहयोग और समर्पण के प्रति भी आभार व्यक्त किया एवं संपन्नता, उन्नति एवं विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हरियाणा राज्य के जागरूक मतदाताओं का लोकसभा चुनाव में भागीदारी निभाने पर आभार जताकर उनका अभिनंदन किया।

## न्यूज फ्लैश

### गंगा स्नान के लिए जयभगवान आंतिल ने दी फ्री बस सेवा की सुविधा



**राई। गंगा दशहरा पर्व** पर हरिद्वार में मां गंगा स्नान के लिए जैनपुर से अनेक श्रद्धालु रवाना हुए है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने फ्री बस सेवा देते हुए जय मां गंगे-हर हर गंगे के जयकारे के साथ बस को रवाना किया है। बस से श्रद्धालु मार्ग में आने वाले कई तीर्थ स्थलों का दर्शन भी कर सकेंगे। जैनपुर गांव से श्रद्धालुओं से भरी बस को रवाना करते हुए कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि गंगा दशहरा पर गंगा जी में स्नान करने से आरोग्य अमृत की प्राप्ति होती है। गंगा दशहरा पर गंगा जी की पूजा करने वालों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और जीवन में चल रही परेशानियों से छुटकारा मिलता है। जयभगवान आंतिल ने कहा कि श्रद्धा भाव से की गई भक्ति कभी विफल नहीं होती है। जयभगवान आंतिल इससे पहले भी फ्री बस सेवा की सुविधा देकर विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करवा चुके हैं। जयभगवान आंतिल की इस मुहिम की सराहना करते हुए श्रद्धालुओं ने कहा कि निस्वार्थ भाव से किया गया पुण्य एक दिन जरूर सफलता का मार्ग खोलता है।

### व्यक्ति अपना रक्त देकर दूसरों की जिंदगी बचा सकता है : देवेंद्र कादियान




**गन्नौर। लायंस क्लब** गन्नौर एवं भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा, हरियाणा मध्य प्रांत द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर रविवार को गन्नौर अड्डा पर फ्लाईओवर के नीचे लगाया गया। शिविर में युवाओं के साथ महिलाओं ने जरूरतमंद लोगों की जिंदगी बचाने को लेकर उत्साह से रक्तदान किया। सेहत कर्मियों की टीम ने शिविर में करीब 135 यूनिट ब्लड एकत्र किया। इसके साथ ही लायंस क्लब अध्यक्ष विकास भगवती के नेतृत्व में उनके कार्यकाल में 1 हजार यूनिट रक्त जमा करके वर्ष का कीर्तिमान स्थापित किया। शिविर में देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक देवेंद्र कादियान ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने के साथ ही अपने हाथों से प्रशंसा पत्र व हेलमेट देकर सम्मानित किया। कादियान ने कहा कि रक्तदान एक अनमोल उपहार है, जो मानवता में जीवन को बचाने में मदद कर सकता है। यह एक अद्वितीय प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति अपना रक्त देकर दूसरों की जिंदगी बचा सकता है। इस दौरान संस्था की ओर से मीठे शरबत की छबील भी लगाई गई। मौके पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक, अध्यक्ष विकास भगवती, अंकित त्यागी, सुरेश भुटानी, संदीप सिंघल, योगेश कौशिक, कृष्ण जिंदल, राजकुमार अग्रवाल, काजल सिंघल, निशा कौशिक, दीपिका शर्मा, आरपी वर्मा, गौरव त्यागी, डॉक्टर प्रीति, मनोज कुमार आदि ने शिविर सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

### जेठ दशहरे पर विशाल भंडारा व मीठे पानी की छबील लगाकर पुण्य कमाया



**गन्नौर। जेठ के दशहरे** पर गांव राजलू गढ़ी में दादे वाले खा सैयद पर विशाल भंडारा व मीठे पानी की छबील लगाई गई। भंडारे के आयोजक गांव भोगपुर निवासी सुरेंद्र ने बताया कि बाबा की कृपा से दशहरा के उपलक्ष में भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि सच्चे दिल से मन्नत मांगने पर दादा वाले का सैयद भक्तों की मुराद पूरी करते हैं। भंडारे में आसपास के गांव के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ड्राइवरों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**समाज को नशा मुक्त** करने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ एक विशेष अभियान नशे मुक्त भारत पखवाड़ा शुरू किया गया है। जिले में अभियान के सफल आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए हुए है। अभियान के तहत रविवार को उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार गौतम ने थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश को साथ लेकर रिफाइनरी में ट्रक ड्राइवरों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरूक किया। उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार गौतम ने बताया कि नशा एक अभिशाप है। इस अभिशाप को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। नशा व्यक्ति के शरीर के लिए तो हानिकारक है ही, साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है तो वह नशा पूर्ति के लिए पैसे ना होने पर आपराधिक वारदातों को अंजाम देने लग जाता है। उन्होंने बताया कि नशे का सड़क दुर्घटना होने में भी एक अहम कारण है। आजकल काफी लोग विभिन्न प्रकार का नशा करके गाड़ी चलाते हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरे व्यक्ति की जान के लिए भी खतरा पैदा करते हैं और कई बार तो अपनी जान से हाथ भी धो बैठते हैं। इसलिए कभी भी नशा करके ड्राइविंग ना करें। इस अवसर पर ड्राइवरों को नशा ना करने की भी शपथ दिलाई गई।

**नशा तस्करी पर अंकुश लगाने में पुलिस का सहयोग करें**

पानीपत पुलिस की आमजन से अपील है कि ड्रग्स के कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिये पुलिस का सहयोग करें। कोई भी व्यक्ति जिसके पास ड्रग्स के कारोबार या इसमें संलिप्त लोगों के बारे में विश्वसनीय सूचना है तो वह पानीपत एंटी नारकोटिक्स सैल इंचार्ज के मोबाइल नंबर 7419600124 या संबंधित थाना प्रभारी, सीआईए प्रभारी या चौकी इंचार्ज के नंबर पर दे सकते हैं।

# राज्यपाल ने युवा भारत युवा साथ ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष मुरली को किया सम्मानित




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,: हरियाणा राज्य** शाखा चंडीगढ़ के तत्वावधान में विश्व रक्त दाता दिवस के अवसर पर सनातन धर्म कालेज अंबाला कैंट के सभागार में महिला रक्त दाता एवं सेवा संस्थान सम्मान समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में किए गए कार्यों को देखते हुए टीम युवा भारत युवा साथ ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष मुरली शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. मुकेश अग्रवाल महासचिव भारतीय रेड क्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ एवं डा. सुनील कुमार, ओमप्रकाश भी मौजूद रहे।

# वीरेंद्र स्मारक भवन में 'समर कैंप' आयोजित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिह )**

**हरियाणा ज्ञान विज्ञान** समिति व शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति के संयुक्त तत्वाधान में वीरेंद्र स्मारक भवन में "समर कैंप " आयोजित किया गया। इस कैंप का उद्देश्य किशोर छात्र तथा छात्राओं व युवा विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों के प्रति प्रेरित करना तथा जन हितकारी सांस्कृतिक वातावरण बनाने के लिए साहित्य के साथ-साथ गायन तथा वादन की रुचियां पैदा करना था। इसके लिए " टेंग ग्रुप " से प्रवेश त्यागी व कविता त्यागी तथा कवर सिंह छौक्कर व रोडवेज कर्मचारी रामपाल ने रिसोर्स पर्सन के तौर पर भूमिका निभाई। इन्होंने प्रतिभागियों को गायन तथा वादन की विद्या सिखाई।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति की अध्यक्षा शीतल तथा वीरेंद्र स्मारक समिति के सचिव डॉक्टर शीशपाल ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर युवा लड़के लड़कियों ने अपने अनुभव भी साझा किये, उन्होंने बताया कि जब से वह ज्ञान विज्ञान के साथ जुड़े है तब से वे छुआछूत, धार्मिक पाखंड तथा स्त्री पुरुष की गैर बराबरी की संकीर्णता से बाहर आए हैं।

सतीश चौहान और स्टीफन ने अपने जीवन की कहानियों के माध्यम से सामाजिक कार्यों के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

# गरीब परिवारों के घरों का निरक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**कांग्रेस नेता संदीप भारद्वाज** खलीला ने सेवा ही धर्म टीम के साथ मिल कर पानीपत ग्रामीण की कॉलोनियों में जाकर गरीब परिवारों के घरों का निरक्षण किया। उन्होंने गरीबों के वास्तिव दयनीय हालत के बारे में मीडिया को बताया। उन्होंने बताया की भारत के सभी बेघर नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर देने की घोषणा की गई थी। इस योजना में जिन लोगों के पास अपना खुद का घर नहीं है, सरकार उन्हें वित्तीय सहायता देकर घर बनाने में मदद करने की बात बोलती है। 25 जून 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ढटअ) का उद्घाटन किया। साल 2023 तक, प्रधानमंत्री आवास योजना का मुख्य लक्ष्य था कि गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले हर परिवार को अपना खुद का घर होना चाहिए ताकि वे किराया पर घर नहीं लेना पड़े.। पर धरातल पर हकीकत कुछ और है। सरकार के पास इस योजना के तहत वास्ताविक लाभ पाने योग्य परिवारों का आंकड़ा तक नही। हमने आवास संघर्ष यात्रा के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो के घरों के हालत को समाज व सरकार के सामने रखने का काम किया है। पानीपत विधान सभा क्षेत्र में बहुत सारे घर ऐसे है जो कभी भी घिर सकते है और बड़ा हादसा हो सकता है। बहुत से परिवार ऐसे है जिनके घर में सोच्यालय तक नही। ये परिवार इतने समर्थ नही है की बिना किसी सहायता के घर बना सके। इस योजना के तहत भी लगभग ऐसा ही हुआ जैसा आज तक सरकारी योजनाओं में होता आया है। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ नही पहुंचा पाई।

घरों की वास्तविक स्थिति न देख कर नेताओ और अधिकारीयो के नजदीकी लोगो को सहायता दी जाती है।

# हलके की जनता फिर अपना आशीर्वाद दें: रविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**हलका समालखा** के गांव डिकाडला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सरपंच सुनील कुमार व पूर्व चेयरमैन बिजेन्द्र डिकाडला और पूर्व सरपंच अजीत ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान पूर्व विधायक रविंद्र मच्छरौली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि को हजारों बाईकों के काफिले से ढोल बजाकर समालखा से गांव तक लाया गया,िजससें करीब 3 किलोमीटर जाम लग गया। कार्यक्रम सुबह 9 बजे शुरू हुआ,लेकिन पूर्व विधायक करीब 11 बजे कार्यक्रम में पहुंचें। भारी गर्मी होने के कारण भी ग्रामीण अपनी जगह से नही हिले और रविन्द्र मच्छरौली का फूलों व नोटो की माला से पगडी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मच्छरौली ने हजारों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हलका समालखा विकास कार्यो को तरस रहा है। जबकि उसने अपने कार्यकाल के दौरान हर गांव में करोड़ों रूपए के विकास कार्य करवाए है। हलके के अंदर गुंडागर्दी जोरो पर है,लेकिन आम जनता की सुनने वाला कोई नही है। मच्छरौली ने हलका की जनता से आवाहन किया कि वो पहले की तरह एक बार फिर उसे अपना आर्शिवाद दे,ताकि समालखा को फिर से भय मुक्त बनाकर विकास कार्यों की बाढ़ लाई जा सकें। मच्छरौली ने कहा कि डिकाडला गांव में करीब 10 करोड़ रूपए की लागत से विकास कार्य अपने कार्यकाल के दौरान कराए है जिनमें पङ्क्षडत चौपाल,बंगला चौपाल,गौसान चौपाल,एससी चौपाल,प्रजापत चौपाल,एससी समाज की नई चौपाल,जतैण चौपाल सहित 8 चौपाल और अम्बेडकर भवन की मरम्मत,मन्दिर हाल निर्माण,पीएचसी व सीएचसी का निर्माण,करीब 1 करोड की लागत से स्टेडियम निर्माण,सभी गलियों का निर्माण,फिरनी निर्माण,श्मशान घाट व रास्ते का निर्माण कार्य सहित करीब 138 एकड लम्बे खेतों का रास्ता पक्का करवाया गया है।

# समस्त गाँव खेवड़ा के द्वारा 134 ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**




**भारतीय सेना के** लिए खेवड़ा गांव के कम्युनिटी सेंटर में माँ भारती रक्तवाहिनी व समस्त गाँव खेवड़ा ने लगाया रक्तदान शिविर। जिसमे सूबेदार सुधांशु के नेतृत्व में ऐ एफ टी सी दिल्ली केंट व नागरिक अस्पताल के लिए कुल 134 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं में सेना के प्रति दिखाई दिया उत्साह। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्था ने बताया कि गर्मी के दिनों में हर ब्लड सेंटर में रक्त की कमी हो जाती है जिस वजह से संस्था इस माह 6 केम्प लगा चुकी है जिनमे 329 यूनिट रक्तदान करवा चुकी है। संस्था की युवाओं से अपील है कि हर 3 माह में नियमित रक्तदान करे और जरूरतमंद मरीज की मदद करे। इस अवसर पर गाँव के समस्त गणमान्य व्यक्ति व संस्था कार्यकरिणी मौजूद रही।

# हरियाणा से नशे को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित: ओपी सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। हरियाणा** राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह,अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के नेतृत्व और निर्देशन में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पंचकूला में 17 हुक्का बारों में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो पंचकूला के उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया गया। इन टीमों में निरीक्षक कर्मवीर सिंह व उप निरीक्षक राजेश कुमार एवं निरीक्षक सतबीर सिंह सह उप निरीक्षक दिनेश कुमार की टीमों ने सर्च अभियान चलाया, जिसमें 10 हुक्का बार बन्द मिले व 7 हुक्का बारों पर तलाशी की गई। तलाशी के दौरान कोई भी नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ।

# गंगा दशहरे पर श्रद्धालुओं ने यमुना मे लगाई श्रद्धा की डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**ज्येष्ट माह की दशमी** के दिन गंगा दशहरे के शुभ अवसर पर यमुना नदी में स्नान करने वालो की पूरा दिन लाईन लगी रही। और यमुना पुल पर मेले में भंडारे व छबीलो का भी आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में स्नान कर पूजा अर्चना कर सुख शान्ति की कामना की। ज्येष्ट माह की दशमी के दिन गंगा दशहरे के शुभ अवसर पर श्रद्धालु दूर-दराज से निजी व किराए के वाहनों से यमुना नदी पर पहुंचे और पूरी आस्था के साथ तपती गर्मी व लू के थपेड़ों के बीच श्रद्धालुओं ने जमकर यमुना में स्नान कर पूजा अर्चना की और मेले में जमकर खरीदारी की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यमुना की रेती के तरबूज व खरबुजो का भी पूरा आनंद उठाया। और बच्चो ने झूलो मे झूलकर यमुना नदी पर नहाने के बाद जमकर आनंद लिया। यह सिलसिला पूरा दिन चलता रहा। सनौली खुर्द निवासी मास्टर सतनारायण शास्त्री ने बताया ज्येष्ट माह की दशमी के दिन गंगा दशहरे के स्नान का विशेष महत्व है। इस दिन यमुना नदी में स्नान करने के बाद दान करने से बहुत बडे पुण्य की प्राप्ति होती है और और भगवान की विशेष कृपा रहती है। उन्होने बताया कि इस ज्येष्ट माह की दशमी के दिन गंगा दशहरे को लोग स्नान करने के बाद दान करते है। और जगह-जगह पानी की छबीले लगाते है जिससे बहुत बडे पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन गंगा व अन्य पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है सत्यनारायण शास्त्री ने बताया कि आज के दिन गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था जिस कारण इस दिन को गंगा दशहरा कहा जाता है।

**बनी रही जाम की स्थिति**

ज्येष्ट माह की दशमी के दिन गंगा दशहरे के शुभ अवसर पर यमुना नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का पूरा दिन जमावड़ा लगा रहा,जिससे पानीपत हरिद्वार रोड पर जाम लगने से दुर-दुर से आए श्रद्धालु जाम मे फंस गए। वाहनों की लम्बी कतार को देखकर पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभाला और बडी मशक्कत के बाद जाम पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन श्रद्धालुओं और वाहनों की लगातार बढ रही संख्या के आगे पुलिस प्रशासन की भी एक नही चली और श्रद्धालु पूरा दिन जाम में फंसे रहे। लेकिन पुलिस की लगातार चल रही कोशिश के बाद शाम के समय हल्की सी श्रद्धालुओं को निजात मिल पाई। ज्येष्ट माह की दशमी के दिन गंगा दशहरे के शुभ अवसर पर यमुना नदी मे स्नान करने आए श्रद्धालुओं ने बताया कि वो हर वर्ष ज्येष्ट माह की दशमी के दिन गंगा दशहरे पर यमुना नदी मे स्नान करने के लिए आते है।

लेकिन आज तक उन्होंने अपने जीवन काल मे पहले कभी इतने श्रद्धालुओं की संख्या व वाहनों की लंबी कतार नही देखी और ना ही इस प्रकार कई-कई घंटों तक जाम मे फंसा रहना पडा। उन्होंने बताया कि अबकी बार तो वाहनों को करीब दो किलो मीटर दूर रोकर पैदल ही खेतों के रास्ते यमुना नदी मे स्नान करने के लिए जाना पड़ा है।

# फिलीपींस में जनवरी से अब तक डेंगू ने 197 लोगों के प्राण हरे



एजेंसी

**मनीला।** फिलीपींस में इस वर्ष जनवरी से एक जून तक डेंगू के कारण 197 लोगों की जान चली गयी। स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) ने बताया कि एक जनवरी से एक जून तक डेंगू के लगभग 70,500 मामले दर्ज किये गये। उन्होंने कहा कि प्रति सप्ताह डेंगू के नए मामलों की बढ़ती संख्या पर निगरानी रखी जा रही है, क्योंकि पहले की गिरावट का रुझान 'अब स्थिर होने लगा है।'

स्वास्थ्य विभाग ने उल्लेख किया कि मुख्य लूजोन द्वीप के उत्तरी भाग और दक्षिणी फिलीपींस के सात क्षेत्रों में हाल के तीन से चार सप्ताह में डेंगू के मामलों में वृद्धि देखी गई। मौसम ब्यूरो ने बताया कि 29 मई को फिलीपींस में वर्षा की शुरुआत होने के आसार हैं। स्वास्थ्य मंत्री टेओडोरो हर्बोसा ने कहा, ÷एक जगह पर एकत्र पानी से मच्छरों की संख्या में वृद्धि होती है। लोगों से आग्रह है कि अपने आसपास पानी एकत्र नहीं होने दें।

# फिलीपींस में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत

**मनीला।** मध्य फिलीपींस के नेग्रोस ऑक्सिडेंटल प्रांत में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गये। बैकोलोड सिटी आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन कार्यालय की प्रमुख मारिया लार्नी पोर्नन ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार शाम करीब 05::40 बजे तब हुई, जब सरकारी बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। बस में चालक सहित 36 लोग सवार थे। इनमें से एक महिला (40) की मौत हो गयी और 34 लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें 11 लोगों की हालत गंभीर बतायी गयी है।

# भूमध्य सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे रूस, मिस्र

**मॉस्को।** रूस के प्रशांत बेड़े के दो युद्धपोत मिस्र की नौसेना के साथ भूमध्य सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लेंगे।रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की। मंत्रालय के मुताबिक मिसाइल क्रूजर वैराग और फ्रिगेट मार्शल शापोशनिकोव सहित प्रशांत बेड़े के लड़ाकू जहाजों का एक समूह मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में शामिल होने के लिए मिस्र के बंदरगाह



अलेक्जेंड्रिया के लिए रवाना हो गया है। अभ्यास के दौरान मिस्र की नौसेना का प्रतिनिधित्व फ्रिगेट ईएनएस अल-कादिर द्वारा किया जाएगा मंत्रालय ने कहा कि अभ्यास उस विशेष प्रारूप में आयोजित किये जायेंगे, जो विभिन्न देशों के बेड़े के बीच युद्ध समन्वय तकनीकों में महारत हासिल करने पर केंद्रित है। संचार प्रशिक्षण और निरीक्षण कार्रवाई संयुक्त युद्धाभ्यास के हिस्से होंगे।

# अमरीका के वॉटर पार्क में गोलीबारी, 9 घायल

**शिकागो।** अमरीका के मिशिगन प्रान्त के पास डेट्रॉइट में एक वाटर पार्क में एक अज्ञात व्यक्ति ने अचानक गोलीबारी कर दी जिसमें कम से कम नौ लोग घायल हो गए। ओकलैंड काउंटी शेरिफ माइकल बाउचर्ड ने कल शाम एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि घटना डेट्रॉइट के उत्तरी उपनगर रोचेस्टर हिल्स के एक वाटर पार्क में स्थानीय समयानुसार शाम करीब पांच बजे तब हुयी जब एक संदिग्ध व्यक्ति ने वाटरपार्क में लोगों पर ताबड़तोड़ 28 गोलियां दाग दीं। माइकल बुचार्ड ने कहा, इस घटना में लगभग नौ लोग घायल



हुये हैं और सभी पीड़ित अलग-अलग उम्र के हैं। घायलों में सबसे कम उम्र का आठ वर्ष का एक बच्चा है। उन्होंने कहा, पुलिस ने संदिग्ध को वाटर पार्क से आधे किलोमीटर दूर एक मकान में घेर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक हैंडगन और तीन मैगजीन बरामद कीं। पुलिस ने शनिवार शाम को रोचेस्टर हिल्स के निवासियों के लिए एक आपातकालीन चेतावनी जारी की थी जिसमें एक शूटर से बचने और सावधानी बरतने का आग्रह किया गया था।

# रफाह में हमास का घातक हमला, धमाके में 8 इजराइली सैनिकों की मौत

एजेंसी

**येरुशलम।** हमास के खात्मे के लिए चल रहे इजराइल के अभियान को शनिवार को झटका लगा है। हमास के मजबूत गढ़ रफाह में हमास के भीषण धमाके में 8 इजराइली जवानों की मौत हो गई। इसे पिछले कई महीनों में किये गये अब तक का सबसे घातक हमला कहा जा रहा है।

हमास के खात्मे के लिए इजराइल रफाह में व्यापक सैन्य अभियान चला रहा है। जिसमें इजराइल को भी समय-समय पर हमास के जवाबी कार्रवाई में खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी गाजा में किये गए एक विस्फोट में उसके आठ सैनिकों की मौत हो गई। यह विस्फोट रफाह के ताल अल-सुल्तान क्षेत्र में शाम 5 बजे हुआ।इजराइली सेना प्रवक्ता रीयर एड. डेनियल हगारी के मुताबिक यह धमाका हमास की तरफ से लगाए गए विस्फोटक या एंटीटैंक मिसाइल से किया गया। उन्होंने कहा कि हमें हमास के रफाह ब्रिगेड को हराने की



जरूरत है और हम संकल्प के साथ यह कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इजराइल और फिलिस्तीन में पिछले करीब आठ महीने से लड़ाई चल रही है। इजराइली हमलों में फिलिस्तीन में भीषण तबाही को देखते हुए इसे रोकने के वैश्विक प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले साल 7 अक्टूबर में इजराइल पर हमास आतंकवादियों के हमले में 1200 लोगों की मौत हो गई थी और 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजराइल ने हमास के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया था।

# सड़क किनारे हुए विस्फोट में आठ सोमाली सैनिक मारे गये, 11 घायल

एजेंसी

**मोगादिशु।** सोमालिया के खाड़ी क्षेत्र में सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक वरिष्ठ कमांडर सहित सोमाली राष्ट्रीय सेना (एसएनए) के आठ सैनिक मारे गये और11 अन्य घायल हो गए। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अल-शबाब ने वरिष्ठ सैन्य नेताओं के खिलाफ हमले की जिम्मेदारी ली है। सोमाली सरकार ने अल-कायदा से जुड़े इस आतंकवादी समूह के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं।एसएनए के रक्षा बल के प्रमुख इब्राहिम शेख मुहिदीन ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि सेना कमांडर मोहम्मद ढेरे ने सेक्टर 60 में सोमाली सेना की आठवीं बटालियन का नेतृत्व कर रहे थे।इस दौरान सैन्य वाहन एक विस्फोटक उपकरण की चपेट में आ गया, जिससे कमांडर समेत आठ जवानों की



जान चली गई। इस विस्फोट में 11 जवान घायल हुए हैं।श्री मुहिदीन ने कहा कि यह घटना जिरागारोब गांव के पास हुई। यह गांव बेरडेल शहर के बाहरी इलाके में अल-शबाब चरमपंथी समूह का गढ़ है।

# इराकी शिया मिलिशिया ने इजरायल पर हमले की ली जिम्मेदारी

एजेंसी

**बगदाद।** इराक की एक शिया मिलिशिया ने इजरायल के हाइफा में क्रूज मिसाइल से हुए हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उसने गाजा पट्टी में लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए यह कदम उठाया और उसने 'दुश्मन के गढ़ों' पर अपने हमले जारी रखने का संकल्प लिया।रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के नाम से मशहूर मिलिशिया ने एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने तड़के लंबी दूरी की अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइल से 'हाइफ़ा में एक स्थान' पर हमला किया।

# यूक्रेन की रूस पर गोलाबारी, चार लोगों की मौत

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोड क्षेत्र के शेबेकिनो शहर में यूक्रेन की गोलाबारी में चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बेलगोरोड के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव



ने कहा कि गोलाबारी के कारण एक पांच मंजिला आवासीय इमारत का प्रवेश द्वार ढह गया और करीब 20 अपार्टमेंट क्षतिग्रस्त हो गए। रूसी आपातकालीन स्थिति मंत्रालय की बचाव टीमें घटनास्थल पर मलबा हटाने में जुटी हुई हैं। ताजा जानकारी के अनुसार मलबे से चार शव बरामद किए गए हैं।

# अमरीका को झटका, सऊदी अरब का पेट्रो डॉलर डील को आगे बढ़ाने से इनकार

एजेंसी

**रियाद।** सऊदी अरब की चीन-रूस के साथ लगातार करीबी बढ़ रही है। अब सऊदी मार्केट में अमरीका की संप्रभुता घटती जा रही है। सऊदी अपने कारोबार का दायरा बढ़ाते हुए रूस, चीन, जापान देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। इस कड़ी में एक बढ़ा कदम उठाते हुए सऊदी सरकार ने अमरीका को एक और झटका दिया है।

सऊदी ने अमरीका के साथ अपनी 50 साल पुरानी पेट्रो डॉलर डील को आगे बढ़ाने से मना कर दिया है, जो कि नौ जून को एक्सपायर हो गई है। इस कदम को दुनियाभर में कारोबार के लिए यूएस डॉलर के बदले दूसरी करेंसी के इस्तेमाल के बढ़ावे के रूप में देखा जा रहा है। इसका असर अमरीका पर



सीधे तौर पर देखने मिल सकता है। यह डील दुनियाभर में अमरीका की आर्थिक रूप से धाक जमाने के लिए एक बड़ा मील का पत्थर साबित हुई थी, लेकिन इसको दोबारा से शुरू करने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

# लाल सागर में जहाजों पर हमले के बाद 21 फिलीपींस नाविक सुरक्षित बचाये गये

एजेंसी

**मनीला।** लाल सागर में इस सप्ताह की शुरुआत में एक मालवाहक जहाज पर हमले के बाद उसमें सवार फिलीपींस के 22 नाविकों में से 21 को बचा लिया गया है और वे सुरक्षित हैं। फिलीपींस के प्रवासी श्रमिक मंत्री हंस कैकडैक ने यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि संयुक्त अंतरराष्ट्रीय बलों ने जहाज पर बुधवार को हुए हमलों से 21 फिलिपिनो नाविकों को बचाया है। तथा बचाव दल अभी भी जहाज के अंदर लापता नाविक की तलाश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि फिलीपींस सरकार ने अप्रैल में भू-राजनीतिक संघर्षों के कारण देश के नाविकों को लाल सागर से गुजरने वाले अन्य जहाजों पर तैनात रहने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बावजूद भी वे यहां से गुजरने वाले जहाजों में शामिल होने का खतरा मोल लेते हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, फिलीपींस दुनिया में समुद्री श्रम के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है, जो दुनिया भर में 12 लाख नाविकों में से लगभग पांचवां हिस्सा है।

# अमरीका में तिब्बत पर चीनी कब्जे के खिलाफ बिल पास

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमरीकी संसद में तिब्बत पर चीनी कब्जे के खिलाफ एक बिल पास किया गया है। इस एक्ट के तहत अमरीका दुनियाभर में चीन के तिब्बत को लेकर फैलाए गए झूठ का जवाब देगा। इसके अलावा वह चीन और दलाई लामा के बीच बिना शर्त समझौता कराने की कोशिश भी करेगा। इस दौरान अमरीकी अधिकारी चीन के तिब्बत को अपना हिस्सा बताने वाले दावों को भी खारिज करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडेन जी-7 सम्मिट से लौटने के बाद इस बिल पर साइन करेंगे। रिजॉल्व तिब्बत एक्ट बिल अमरीकी संसद के दोनों सदनों (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट) में पास हुआ था। इसके बाद तिब्बत के अधिकारी सिक्योंग पेनपा त्सेरिंग ने एक पोस्ट कर अमरीकी सांसदों का शुक्रिया कहा था।

उन्होंने लिखा कि अमरीकी संसद में पास हुए बिल का स्वागत करता हूं। यह तिब्बत के लोगों को



70 साल से अहिंसा के रास्ते पर चलने के लिए और मजबूत बनाएगा। इस बिल के लागू होने के बाद 18 जून को अमरीकी संसद की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी और रिपब्लिकन पार्टी के सांसद माइकल मैक्कॉल दलाई लामा से मिलने दो दिन के दौरे पर धर्मशाला आएंगे। नैंसी पेलोसी वही अमरीकी नेता हैं, जिनके ताइवान जाने का विरोध करते हुए चीन ने जंग की चेतावनी दी थी।

# टेंट सिटी मिना में हाजियों के आने का सिलसिला जारी

एजेंसी

**मक्का।** मक्का में दुनिया भर से आए हज तीर्थयात्री मिना के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। गुरुवार 7 ज़िलहिज्जा (महीने का नाम) की आधी रात के बाद तीर्थयात्रियों का कारवां धीरे-धीरे मिना के अस्थाई टेंट सिटी की ओर कूच करने की प्रक्रिया शुरू हो गई जो कि ज़िलहिज्जा की तारीख तक जारी रहेगा। इसी के साथ हज 1445 हिजरी के अनुष्ठानों को अदा करने की अधिकारिक तौर पर शुरुआत हो जाएगी।

मक्का के विभिन्न क्षेत्रों में ठहरे दुनिया भर के तीर्थ यात्रियों को हज सेवाएं प्रदान करने वाले संगठनों द्वारा शेड्यूल जारी कर दिए गए हैं ताकि उसके अनुसार हज तीर्थ यात्री ऐहराम (बिना सिलाइ वाला विशेष कपड़ा) बांध कर हज की अदायगी के लिए तैयार हो जाएं। मोअल्लेमीन द्वारा तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न भाषाओं के अनुवादक भी उपलब्ध कराए गए हैं ताकि वह समय से और ठीक ढंग से ऐहराम पहन सकें और हज करने के लिए निकल सकें।

इसके साथ ही हज की विशाल सभा को सफल बनाने के लिए सऊदी अरब की सरकार की ओर से बहुत चाक-चौबंद और व्यापक प्रबंध किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय, नागरिक सुरक्षा, नगर पालिका, दूरसंचार, मौसम विभाग और हज ऑपरेशन में अन्य सेवा प्रदाताओं की टीमें मिना शहर के अस्थायी शिविरों में मौजूद हैं। देश के विभिन्न शहरों से आने वाले सऊदी स्काउट्स भी मिना में अस्थायी शिविरों तक पहुंच गए हैं, जबकि वाणिज्य मंत्रालय द्वारा अवैध तीर्थयात्रियों को रोकने के लिए जांच दल भी तैनात किए गए हैं। मिना घाटी के सभी प्रवेश द्वारों पर अधिकारियों को तैनात किया गया है और प्रत्येक हज परमिट को जांच के बाद उन्हें मिना में प्रवेश करने की अनुमति दी जा रही है। बस सेवा उन तीर्थयात्रियों के समूहों के लिए आरक्षित है जिन्हें ट्रेन सुविधाएं प्रदान नहीं की जाती हैं। उल्लेखनीय है कि आज से हज के मनासिक (अनुष्ठान) को अदा करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। दुनिया भर से आए तीर्थयात्री मक्का में काबा का तवाफ (चक्कर) लगाने के बाद मिना पहुंचते हैं। शनिवार को सभी हाजी अराफात के मैदान में जमा होंगे। यहां पर हाजी शाम तक दिन ढलने से पहले तक रो-रो कर गिड़गिड़ा कर अल्लाह से अपने गुनाओं की माफी मांगते हैं। साथ ही अपने लिए, घर वालों, करीबियों के लिए भी मगफिरत की दुआ करते हैं। अराफात के मैदान के बारे में यह रिवायत है कि यही वह जगह है जहां जन्नत से निकाल कर दुनिया में भेजे गए पहले इंसान और पहले पैगंबर आदम और मां हव्वा की मुलाकात हुई और इसी जगह पर अल्लाह ने उनकी माफी की दुआ कबूल की।

# सत्तारूढ़ घटक दल की चेतावनी, सरकार से समर्थन वापसी पर हो सकता है विचार

एजेंसी

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड के साथ सत्ता साझेदार घटक दल ने सरकार छोड़ने की चेतावनी दी है। सरकार में मंत्री रहे घटक दल के नेता के तरफ से आए इस तरह के बयान से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है।

प्रचण्ड सरकार में शामिल दूसरी सबसे प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के तरफ से सरकार में युवा तथा खेल मंत्री रहे विराज भक्त श्रेष्ठ ने आज सरकार से समर्थन वापसी पर विचार करने का बयान देकर गठबन्धन में असंतुष्टि रहने की बात को साबित कर दिया। अपनी ही पार्टी की स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए विराज भक्त श्रेष्ठ ने कहा कि जिस ढंग से इस सरकार में काम हो रहा है उसे देख कर सरकार को जारी समर्थन पर विचार करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार से बाहर निकलने में उनकी पार्टी को



एक मिनट की भी देरी नहीं होने वाली है। मंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि मंत्री पद से इस्तीफा और सरकार से समर्थन वापसी का पत्र लेकर वो पॉकेट में घुमते हैं। अब किस दिन उस पर तारीख लिखना पड जाए कोई नहीं जानता।

सरकार में शामिल मंत्री की तरफ से ही सरकार छोड़ने और समर्थन वापसी का बयान दिए जाने को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के तरफ से दिए गए इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए माओवादी पार्टी के महासचिव देव गुरूंग ने कहा कि किस संदर्भ में और किन कारणों से विराज भक्त श्रेष्ठ ने ऐसा बयान दिया है यह पता करना होगा। गुरूंग ने कहा कि अगर उनकी कोई असंतुष्टि है तो उन्हें प्रधानमंत्री से बात करनी चाहिए। उधर विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा ने सत्तारूढ़ घटक दल के मंत्री के बयान को पब्लिसिटी स्टंट बताया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र पार्टी वाले सभी सांसद और मंत्री स्टंट के सिवा कुछ नहीं करते हैं। ये धमकी भी सिर्फ स्टंट ही है। थापा ने आरोप लगाया कि स्वतंत्र पार्टी के सभी मंत्री कुछ भी काम करने में असफल हो रहे हैं, इसलिए अब उन्होंने यह पॉलिटिकल ड्रामा करना शुरू किया है।

# कथित बेटी की सच्चाई छिपाने को लेकर फिर मुश्किल में इमरान, हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कथित बेटी के नाम को छिपाने के आरोप में खान को अयोग्य ठहराने वाली मांग को लेकर याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पूर्व पीएम के खिलाफ 2018 के चुनाव में नामांकन के दौरान गलत जानकारी देने के आरोप में उनका नामांकन रद्द करने की मांग को लेकर इस्लामाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया था। अब याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत का रुख अपना है। बता दें, पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ मोहम्मद साजिद नामक याचिकाकर्ता ने याचिका दायर की थी।

**याचिका में लगाए गए ये आरोप**

याचिका में कहा गया कि 71 वर्षीय इमरान खान ने 2018 के चुनाव के दौरान अपने नामांकन में अपनी कथित बेटी टायरिन के बारे में जानकारी नहीं दी थी। इमरान खान की पार्टी ने 2018 के चुनाव में जीत



दर्ज की थी और उसके बाद इमरान खान ने अगस्त 2018 से लेकर अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में काम किया था। याचिकाकर्ता का आरोप है कि इमरान खान ने अपने नामांकन में गलत जानकारी दी। इमरान ने अपने हलफनामे में सिर्फ अपने दो बेटों का जिक्र किया, लेकिन तीसरी संतान टायरिन का जिक्र नहीं किया।

**हाईकोर्ट से मिली थी राहत**

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट से पहले याचिकाकर्ता ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, यहां से उसे निराशा हाथ लगी। इस मामले पर सुनवाई कर रही इस्लामाबाद हाईकोर्ट की तीन जजों की पीठ को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस आमेर फारुख ने भंग कर दिया था। बाद में नई पीठ ने याचिका पर सुनवाई कर उसे खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी ने पिछले साल दिए गए दो न्यायाधीशों की राय पढ़ी और फैसला सुनाया कि मामला पहले ही खारिज किया जा चुका है।

याचिकाकर्ता मोहम्मद साजिद ने अपने वकील साद मुमताज हाशमी के माध्यम से शनिवार को सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दलील दी कि इस्लामाबाद हाईकोर्ट की पीठ ने तीन में से दो न्यायाधीशों की सहमति वाली राय को अदालती फैसला मानने में गलती की है। उसका कहना है कि खान ने मियांवाली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते समय अपनी बेटी के बारे में नहीं बताया था। केवल अपनी पत्नी बुशरा बीबी और विदेश में रहने वाले दो बेटों कासिम खान और सुलेमान खान के बारे में जानकारी दी थी।

साजिद ने कहा कि चूंकि खान ने झूठा हलफनामा दिया है, इसलिए वह अयोग्य करार दिए जाने योग्य हैं।

इमरान खान पर 2022 में हुए हमले के मामले में तीन दोषी करार

इमरान खान पर साल 2022 में जानलेवा हमला हुआ था। उस मामले में पाकिस्तान की आतंक रोधी अदालत ने मंगलवार को तीन लोगों को दोषी ठहराया है। इमरान खान पर 2022 में लाहौर प्रांत में एक विरोध रैली के दौरान हमला हुआ था। इस हमले में इमरान खान के पैर में कथित तौर पर तीन गोलियां लगीं थी। दोषी ठहराए गए लोगों की पहचान नावीद मेहर, वकास और तैयब के रूप में हुई है। नावीद मेहर को मुख्य दोषी बताया गया है और मेहर ने ही इमरान खान पर गोलियां चलाई थी। वहीं वकास और तैयब ने मेहर को हथियार मुहैया कराया था

उस हमले में पीटीआई के कार्यकर्ता की मौत हो गई थी और इमरान खान समेत 14 अन्य लोग घायल हुए थे। मेहर को मौके पर ही पीटीआई समर्थकों ने पकड़ लिया था। मंगलवार को गुंजरावाला स्थित आतंक-रोधी अदालत ने तीनों को दोषी ठहराया। कोर्ट 25 मई को इस मामले में सजा सुनाएगा। इमरान खान ने इस हमले का आरोप आईएसआई के मेजर जनरल फैसल नसीर, शहबाज शरीफ और तत्कालीन आंतरिक मामलों के मंत्री राणा सनाउल्लाह पर लगाया था। इमरान खान ने मेजरल जनरल फैसल नसीर पर केन्या में पाकिस्तानी पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या का भी आरोप लगाया था।

# भारतीय वायुसेना ने अमेरिका के अलास्का में दिखाया दम

एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारतीय वायुसेना के एक दल ने अमेरिका के अलास्का में आयोजित हुए युद्धाभ्यास रेड फ्लैग 2024 में शिरकत की। यह युद्धाभ्यास अमेरिका के अलास्का के इलसन एयर फोर्स बेस पर आयोजित किया गया। यह युद्धाभ्यास 4 जून से 14 जून तक आयोजित हुआ, जिसमें



अमेरिका के साथ ही भारत, सिंगापुर, ब्रिटेन, नीदरलैंड, जर्मनी की वायुसेनाएं शामिल हुईं। रेड फ्लैग 2024 का यह दूसरा संस्करण था। रेड फ्लैग युद्धाभ्यास एक एडवांस कॉम्बैट ट्रेनिंग एक्सरसाइज है। यह युद्धाभ्यास साल में चार बार आयोजित होता है। भारतीय वायुसेना के दल में राफेल फाइटर जेट और एयर क्रू के साथ ही तकनीशियन, इंजीनियर, कंट्रोलर और विषयों के विशेषज्ञ शामिल रहे। युद्धाभ्यास में शामिल होने के लिए आते वक्त राफेल फाइटर जेट को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर की मदद से हवा में ही ईंधन भरा गया। वहीं दल के सदस्यों को लाने के लिए सी-17 ग्लोबमास्टर विमान का इस्तेमाल किया गया। भारतीय वायुसेना का दल 29 मई को अलास्का स्थित इलसन एयर बेस पहुंच गया था।

# जनकल्याण व सेवार्थ कार्यों के लिए कई सेवा प्रकल्पों का हो रहा संचालन: अशोक मंगालीवाला

**संचालन**

**- जनकल्याण व सेवार्थ कार्यों के लिए कई सेवा प्रकल्पों का हो रहा संचालन : अशोक मंगालीवाला**




**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने हिसार के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित चाय कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर विभिन्न मुद्दों पर मंथन किया। सेक्टर-13, सेक्टर-33, महावीर कॉलोनी, अर्बन एस्टेट-दो व अनाज मंडी सहित कई स्थानों पर अशोक मंगालीवाला का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोगों ने स्थानीय समस्याओं को मंगालीवाला के साथ साझा किया। मंगालीवाला ने समस्याओं के यथासंभव निदान का आश्वासन दिया। इस दौरान मंगालीवाला ने अपनी योजनाओं व जनसेवा के कार्यों की विस्तार से चर्चा भी की।

अशोक मंगालीवाला ने कहा कि जनकल्याण व सेवार्थ कार्यों के लिए वे हमेशा तत्पर हैं। इसी सोच के चलते अनेक सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हिसार के बस स्टैंड के शौचालय का पुनरुद्धार व सौंदर्यीकरण करके उसे जनता को समर्पित किया जा चुका है। हिसार के बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों को शौचालय की समुचित व्यवस्था न होने से काफी परेशानी होती थी। इसलिए यहां पर स्वच्छ व सुंदर शौचालय का निर्माण करवाया गया है। इसी भांति राजगुरु मार्केट व हिसार के सिविल अस्पताल में शौचालय का निर्माण करवाया गया है। इसी तरह हिसार के मुंढाल गांव में बस स्टैंड के पास भी शौचालय का निर्माण करवाकर यात्रियों को सुविधा प्रदान की गई है। बेरोजगारी की बढ़ती समस्या को देखते हुए अपने स्तर पर बेरोजगार युवाओं को प्राइवेट नौकरी दिलवाने के लिए बाकायदा एक प्लेटफॉर्म स्थापित किया गया है। युवा ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप से हमारी टीम से मुलाकात करके नौकरी से संबंधित जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस माध्यम से बहुत से युवा नौकरी प्राप्त करके आजीविका भी कमा रहे हैं। बेसहारा व विधवा माताओं-बहनों को निशुल्क चरखा उपलब्ध करवाया जाएगा। चरखे से बने धागे को खरीदने की व्यवस्था भी की जाएगी। मंगालीवाला ने बताया कि किसानों के लिए भी बहुत ही पुख्ता योजनाएं है। इसके तहत ऐसी हवाई व्यवस्था करवाई जाएगी कि किसान भाई अपनी हरी सब्जियां गल्फ देशों में आसानी से बेच पाएंगे। मंगालीवाला ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए ऐसे क्लीनिक स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं जो 24 घंटे इमरजेंसी सेवाओं के लिए उपलब्ध होंगे। गांवों में गोबर के उचित निस्तारण के लिए बाकायदा गोबर खरीदकर उससे कुकिंग गैस बनाकर मात्र 200 रुपये में गैस उपलब्ध करवाई जाएगी।

# तीन महीनों में 50 हजार युवाओं को नौकरी देने का वादा ढकोसला: मास्टर सतबीर गोयत

**ढकोसला**

**3 महीनों में 50 हजार युवाओं को नौकरी देने का वादा ढकोसला: मास्टर सतबीर गोयत**



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
आम आदमी पार्टी एजुकेशन विंग प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत ने रविवार को सीएम नायब सिंह के तीन महीने में 50 हजार नौकरी देने के वादे पर बीजेपी को घेरा। उन्होंने कहा कि जो काम बीजेपी पिछले 5 साल में नहीं कर सकी। वो काम 3 महीनों में करने का वादा कर युवाओं को बरगलाने का काम कर रही है।
उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले 50 हजार पद देना हरियाणा सरकार के बस की बात नहीं है। पिछले 5 साल में बीजेपी सरकार ने पेपर लीक और पेपर रद्द करने के रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। प्रदेश के युवा दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।
उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं और जनता ने बीजेपी को सिरे से नकार दिया है। सीएम नायब सिंह को हरियाणा में बीजेपी की हार साफ नजर आने लगी है। इसलिए सीएम नायब युवाओं को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन प्रदेश का युवा जाग चुका है। इसलिए विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता और युवा बीजेपी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेंगे।
उन्होंने कहा कि प्रदेश के 182 सरकारी कॉलेज में प्रोफेसर के 7986 पदों में से 4618 रिक्त हैं।सबसे ज्यादा अंग्रेजी के 625 और ज्योग्राफी के 500 पद खाली है।कॉमर्स के 314, गणित के 195, बॉटनी के 118, केमिस्ट्री के 229, कंप्यूटर साइंस के 218 पद खाली पड़े है। बीजेपी सरकार ने प्रोफेसर की भर्ती की ओर कभी ध्यान ही नहीं दिया। अब जल्द ही विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो जाएगी,

## संक्षिप्त खबरें

### वृंदावन में जुए के अड्डे पर पुलिस की कार्यवाही

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने वृंदावन में जुए के अड्डे पर कार्यवाही करते हुए 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 3.7 लाख रुपए से अधिक की नकदी, दो गाडियां और 11 मोबाइल बरामद किये हैं।
तुलसी वन के सामने गेस्ट हाऊस श्री कृष्ण कुंज गेस्ट हाउस से अभियुक्त महेन्द्र सिंह पुत्र बदन सिंह निवासी बगदा थाना ताजगंज जनपद आगरा, गन्धर्व पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी बरोली अहीर थाना ताजगंज जनपद आगरा, तोताराम पुत्र कपूर सिंह निवासी नगला नाथू थाना बमरोली कायरा जनपद आगरा, तेज सिंह पुत्र बाबूलाल निवासी नौपुरा थाना ताजगंज जिला आगरा, संतोष पुत्र बिसम्बर सिंह निवासी मियापुर थाना ताजगंज जिला आगरा, सोनू पुत्र नेत्रराम निवासी बमरौली कटारा थाना बमरौली कटारा जिला आगरा, सुशील कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी बरौली अहीर थाना ताजगंज जिला आगरा, निशान्त पुत्र शिवराम सिंह निवासी गुतला थाना ताजगंज आगरा, नीरज पुत्र राजेन्द्र बाबू निवासी बमरौली कटारा थाना बमरौली कटारा जिला आगरा, अमर सिंह पुत्र स्व. रामगोपाल निवासी बमरौली कटारा थाना बमरौली कटारा जिला आगरा, रूपेश कुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी शमशाबाद रोड गुतला थाना ताजगंज आगरा को गिरफ्तार किया। एएसपी कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि एक गेस्ट हाउस पर छापामार कार्यवाही करते हुए जुआ खेलने के आरोप में 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

### बेहिसाब हो रही बिजली गुल, बिल फिर भी फुल

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी चरमरा गयी है। शनिवार की सुबह से देर रात और रविवार की सुबह तक बिजली का आना जाना लगा रहा। 24 घंटे में 10 से 12 घंटे भी मुश्किल से बिजली मिल पा रही है। इससे परेशान लोग बिजली विभाग के अभियंताओं और कंट्रोल रूम में फोन कर बिजली कब आयेगी। इसकी जानकारी लेने में जुटे रहे। लेकिन लापरवाह कर्मचारी फोन बंद कर आराम फरमाने में व्यस्त रहे। जबकि प्रदेश सरकार ने फोन पर उपभोक्ताओं के जवाब देने के लिए सभी अधिकारियों को सख्त आदेश दिए गए है। कहीं फेज कटने के कारण बिजली गुल रही तो कहीं लो वोल्टेज ने परेशान किया। बिजली विभाग के कर्मचारी बेहाल करने वाली गर्मी में खराबियों को दूर करने में जुटे रहे। सब स्टेशनों से निकलने वाले सभी फीडरों में लोड बढ़ा हुआ है। कभी कभी लोड इतना बढ़ जा रहा है कि बिजली विभाग के अभियंता सिस्टम को बचाने के लिए लाइन बंद कर दे रहे हैं। एक बार लाइन बंद होने के बाद लोड को मेंटेन करने के लिए बार बार सप्लाई बंद करनी पड़ रही है। रात भर बिजली के आने का इंतजार करते रहे। जनरल गंज, कर्षनापुरी, सदर बाजार, होली गेट, आर्य समाज रोड, होली गेट चौराहा, कोतवाली मार्ग, क्वालिटी चौराहा, डेम्पियर नगर आदि क्षेत्रों में बिजली आती जाती रही। रात में ब्रेकर में दिक्कत आई थी। जिसकी वजह से कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। अब सही करा दिया गया है। एसडीओ और जेई मौके पर थे फॉट को सही करा रहे थे इसलिए फोन नहीं उठा होगा।-**आशीष गुप्ता अधिशासी अधिकारी मथुरा कैंट**

### पुलिस की गोली से हुई मनोज की मौत की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उप जिलाधिकारी छाता श्वेता ने अवगत कराया है कि कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट मथुरा ने अपने कार्यालय के पत्र द्वारा अवगत कराया है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा ने अपने पत्र के द्वारा अवगत कराया गया है कि थाना महावन पर धारा 376, 392, 506 आईपीसी बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था। अभियोग की विवेचना के दौरान अभियुक्त उत्तम उर्फ मनोज पुत्र चंद्रभान निवासी ग्राम मई थाना शेरगढ़ का नाम प्रकाश में आया। 30 मई की रात्रि 1.10 बजे पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। जिसे उपचार के लिए पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल मथुरा से अभियुक्त उत्तम उर्फ मनोज 31 मई को पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। वांछित अभियुक्त उत्तम उर्फ मनोज की थाना शेरगढ़ पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम से थाना शेरगढ़ क्षेत्रांर्गत दलौता जाने वाले मार्ग पर बम्बा की पटरी पर हुयी मुठभेड़ के दौरान एक जून की प्रात 3.20 बजे गोली लगने से मौत हो गई थी।

## मुठभेड़ में दो गो तस्करों को लगी गोली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना कोसीकलां पुलिस द्वारा दो शातिर गौ तस्करों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। इसके पास से दो अवैध तमंचा, कारतूस बरामद किये हैं।
मुठभेड के बाद गोवंश के मुक्त करा गया। गौ तस्करी के लिये गोवंश (बैलों) को ले जाते समय दो गौ तस्करों एहजाद उर्फ ऐजाद पुत्र अतरे निवासी रोहिन्दा थाना अरनिया जिला बुलन्दशहर तथा रहीश पुत्र नबाब निवासी मढ़िया मोहल्ला कस्बा व थाना जेवर जिला गौतमबुद्धनगर को नई कोसी कामर रोड थाना कोसीकला से रविवार को करीब ढाई बजे पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

# हरियाणा दलित व पिछड़ा वर्ग कल्या[illegible]एसोसिएशन की अहम बैठक संपन्न

**बैठक**

**हरियाणा दलित व पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन की अहम बैठक की अध्यक्षता डॉ. अनिल मेहरा ने की।**




**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन की एक अहम बैठक भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन नेहरू कॉलोनी रोहतक में सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ. अनिल मेहरा ने की। जिसमें मुख्य एजेंडा आधुनिक भारत के निमार्ता, प्रथम कानून मंत्री व संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन द्वारा 14 अप्रैल 2024 को बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें 6से 8 वर्ष व 9 से 12 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए बाबा साहेब के ऊपर पेन्टिग प्रतियोगिता, निंबध प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 10-4-2024 को किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को, राज्य व राष्ट्र सत्र पर ख्याति प्राप्त खिलाड़ी व शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को भी 14 अप्रैल 2024 को सम्मानित किया गया। भण्डारे की व अन्य आय व व्यय का ब्यौरा प्रान्तीय कोषाध्यक्ष अनिल मेहरा ने एसो. के पदाधिकारियों, कार्यकताओं, समाज के बुद्धिजीवियों व गणमान्य व्यक्तियों के सामने लेखा जोखा प्रस्तुत किया। सभी ने लेखे-जोखे की जाँच व पड़ताल करके उस पर अपने हस्ताक्षर कर दिए। सभी ने खर्चों को स्वीकार कर लिया। संस्था द्वारा सुशील कुमार को भारत के गृह मंत्री द्वारा पुलिस प्रशिक्षण उत्कृष्टता केन्द्रीय गृहमंत्री पदक मिलने पर उन्हें फूल मालाएं पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर किशन मुंडे, कुलदीप राठी, ऋषि राजनिनानिया, शकुन्तला सम्भरवाल, वजीर सिंह भौरिया, पवन सूतवाल, अशोक कलसन, रिषभ, हरीश, सोहल, राजबीर दहिया, धर्मचन्द भोला, कविता रानी, सुनील कुमार सौहल, हरकेश रंगा, मानसिंह, रामनिवास दहिया, सतबीर सिंह, राजकुमार रंगा, संध्या, सुमन मेहरा, अमित, दिलबाक सिंह, बबीता, विकास कुमार, पवन कुमार, राकेश कुमार, डॉ. सुरेन्दर सिंह, पुष्पा देवी, जयंती देवी, विनोद रोहिला, नीतू,धर्मपाल, सूरजमल, राजीव कुमार, सुशील कुमार, रेनू आदि उपस्थित थे।
फोटो फाईल - 2 जेपीजी
कुलदीप राठी प्रान्तीय महासचिव
हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन
फोन नं. : 9416947356

# एक्यूप्रेशर पद्धति से पहुंचा रहे लोगों को लाभ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जागरूक पंजाब लाइव के वरिष्ठ पाटस्कलादास विनोद पुरी ने नंद बाबा के मंदिर में श्री राधावल्लभ चेरिटेबल ट्रस्ट परिक्रमा मार्ग गोवर्धन के सहयोग से 65 मरीजों की बीपी, शुगर, बीएमआई की जांच की। एक्यूप्रेसर से जांच कर लोगों को दर्द से राहत दी। पंडित मनोज कुमार ने निशुल्क दवा वितरित कीं। इस पद्धति में आयुर्वेदिक पद्धति से मरीजों का इलाज किया जाता है। इस पद्धति में किसी तरह का कोई अन्यत्र दुष्प्रभाव शरीर पर नहीं होता है। लोगों का रुझान इस पद्धति की ओर बढा है।
गुरुद्वारा एनजेडएनजेडके बगुचू मी ट्रस्ट ने 29 मरीजों की जांच की। गुरुद्वारा कमेटी के सहयोग से दवाओं का भी निशुल्क वितरण किया गया।
एस बलविंदर सिंह ने अपनी टीम के साथ थाने में सरलाट का लंगर लगाया।



**फोटो**
फोटो परिचय-कथा व्यास योगेश्वर दास अपना मेडिकल चेकअप कराते हुए।

## ट्रैक्टर से कुचलकर महिला की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जिला सोनीपत में थाना खरखौदा पुलिस ने ट्रैक्टर से कुचलकर महिला की हत्या करने के आरोपी सुशील रविवार को गिरफ्तार किया है।
सुशील, निवासी बिधलान, जिला सोनीपत का रहने वाला है।
सुनील ने शिकायत दी थी कि 14 जून की शाम को उनके भाई रवि खेत में पानी चला रहे थे, जब सुशील और उसके बेटे मोहित ने उन पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की। सुनील की मां कमला को ट्रैक्टर से कुचल दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना पर पुलिस ने केस दर्ज किया गया था।

# ग्रामीणों ने मिट्टी से भरे ओवरलोड डंफरों को फाटक पर रोका



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
सफीदों उपमंडल के गांव बहादुरगढ़ की रेलवे फाटक के पास रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव में से होकर गुजर रहे ओवरलोड मिट्टी के डंफरो को अवरोधक डाल कर रोक लिया। ग्रामीणों ने ओवरलोड़ डंफरों के द्वारा गांव की गलियों व लिंक सड़कों को बुरी तरह से तोड? तथा अवैध खनन के आरोप लगाए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर डायल 112 को दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।
ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव के खेतों से पिछले काफी समय से अवैध खनन का कार्य चल रहा है। इस कार्य के लिए बड़े-बड़े डंफरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये डंफर ओवरलोड होकर चलते हैं और इनके ऊपर कोई तिरपाल वगैरह भी ढका हुआ नहीं होता। जिसके कारण पूरे गांव में चारो ओर मिट्टी फैल गई है और धूल के गुबार उड़ रहे हैं। ओवरलोड़ डंफरों के कारण गांव की तमाम गलियां क्षतिग्रस्त हो गई है। गांव में अनेक स्थानों पर पानी सप्लाई की लाईनें टूट गईं है और घरों की दीवारों में दरारें आ गई हैं। इसके अलावा हाल ही में नई बनी मलार-बहादुरगढ़ तथा सिल्लाखेड़ी-रोझला सड़कों को भी इन ओवरलोड़ डंफरों ने तोड़ दिया है। ग्रामीणों का कहना था कि खेतों से दो से तीन फूट मिट्टी उठाने की इजाजत है लेकिन सभी नियमों को ताक पर रखकर पांच से छह मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। जब वे इन डंफर चालकों को आराम से चलाने व मिट्टी के ऊपर तिरपाल वगैरह लगाने की बात कहते हैं तो वे उन्हे भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं। इन डंफरों के कारण उनका व उनके परिवारों विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों का जीना दूभर हो गया है। गांव की इस समस्या की ओर शासन व प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। ग्रामीणों ने साफ किया कि वे अब उनके जीवन को संकट में झोंकने वाले इन ओवरलोड़ डंफरों को गांव में नहीं चलने देंगे। अगर खेतों से मिट्टी उठाई भी जानी है तो उन्हे हल्के वाहनों के द्वारा उठाया जाए। अगर यह सिलसिला यूं ही जारी रहा तो गांव की बची गलियां व सड़के पूरी तरह से तहस-नहस हो जाएंगी।

# भगवान वाल्मीकि करुणा के सागर-डॉ रजनी कांत शर्मा

**अभिनंदन**

**मनोज कुमार द्वारा उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया।**



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ भीम राव अम्बेडकर अध्ययन केंद्र, के संयुक्त तत्वाधान में महर्षि वाल्मीकि उनकी कथा और वाल्मीकि समाज विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ जिसमें मुख्यतिथि के रूप में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रजनीकांत शर्मा रहे, कार्यक्रम के अध्यक्ष हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो कुलदीप चन्द अग्निहोत्री और विशिष्ट अतिथि हरियाणा साहित्य एवं संस्कृत अकादमी के संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ चितरंजन दयाल सिंह कौशल रहे, मनोज कुमार द्वारा उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया।
इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ रजनीकांत शर्मा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि का व्यक्तित्व बहुत ऊंचा है उसके बारे में जितनी चर्चा की जाए उतनी कम पड़ती है भगवान राम के जीवन को लेकर अनेक टिकाए लिखी गई हैं किंतु प्रमाणिक वाल्मिकी जी की रामायण है, वाल्मिकी रामायण में करुणा का भाव समाहित है इसलिए वाल्मिकी जी को करुणा का सागर कहा जाता है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समुदाय की स्वतंत्र संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका रही है और मातादीन वाल्मिकी 1857 की क्रांति के प्रमुख नेता रहे है इसके साथ ही गंगू मेहतर जिसने अकेले ही दो सौ से अधिक ब्रिटिशों को मौत के घाट उतारा, इसलिए वाल्मिकी समाज के योगदान को भुलाया नही जा सकता।

# अग्रवाल संगठन द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन हिसार में करवाएगा: गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में वैश्य समाज के संगठन का विस्तार किया गया। अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रवाल संगठन जनता के हित के कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाएगा और हर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में 27 अक्टूबर को लगने वाला विशाल वार्षिक मेले में पूरी टीम बढ़ चढ़कर भाग लेगी और संगठन के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की हर संभव मदद करने का हमारा प्रयास रहेगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रवाल संगठन के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष युवक-युवती परिचय सम्मेलन करवाया जाएगा और बच्चों के रिश्ते करने के लिए संगठन कार्य करेगा और जरूरतमंद परिवारों को अपने खर्चे पर शादी करने के साथ-साथ युवती को 1.5 लाख रुपए का समान साथ में देगा। इस अवसर पर सर्वसम्मति से हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन को हिसार का प्रधान अनिल सिंगला मंगाली वाले को बनाया गया औरमुख्य संरक्षक अंजनी खारिया वाला, एनके गोयल, सत्यपाल अग्रवाल, मुकेश गर्ग, पवन गर्ग असरावां, दीपक गर्ग, संजय गर्ग, पवन कुमार रावलवासिया, सतीश अग्रवाल और वरिष्ठ उप प्रधान प्रवीण जैन, पार्षद जगमोहन मित्तल, दुनीचंद गोयल व अरुण सिंगल, उप प्रधान पवन सिंगला, गजान्न गर्ग, सुरेंद्र बागड़ी,अनिल जैन, अंजनी कोहलीवाला, प्रतीक बंसल व सुरेंद्र बागड़ी, महासचिव निर्मल गर्ग व अजय गोरखपुरिया, सहसचिव अनूप बिंदल, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सुनील मित्तल, प्रमोद गर्ग, प्रवीण सिंगल, विनीत अग्रवाल, मुकेश गर्ग, अभिमन्यु बंसल, सौरभ गोयल व अतुल बागड़ी बनाया गया है। बजरंग गर्ग ने नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी और कहा कि आगे विचार-विमर्श करके जल्द ही इकाइयों का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर संजय डालमिया, जगदीश तायल, रतन बंसल, सत्य प्रकाश आर्य, मनीराम अग्रवाल, त्रिलोक कंसल, राजेंद्र बंसल, निरंजन गोयल, बजरंग असरावां, गौसेवक सीताराम सिंगल, सोनू बंसल आदि समाज के प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# गंगा दशहरा: स्ट्रीट चिल्ड्रन ने पतंग से छूआ आसमान

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंडस सोसायटी ने गंगा दशहरा पर्व स्ट्रीट चिल्ड्रन के साथ मनाया। वंचित और उपेक्षित बच्चों ने जमकर पतंग बाजी की और पतंग से सपनों आसमान छूने की कोशिश की। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित स्ट्रीट स्कूल पर बच्चों के साथ पतंगबाजी की। पीयूष बंसल ने बताया कि गंगा दशहरा दान पुण्य का दिन है। हिंदुओं में इस पर्व का बहुत महत्व है। गंगा दशहरा पतंगबाजी का भी पर्व है। बच्चों से लेकर बड़ों में भी इसे लेकर काफी उत्साह रहता है। बच्चों में इस दिन पतंग उडाने की उत्सुकता रहती है। समाज में ऐसे बच्चे भी हैं जो अभवों के चलते इच्छा पूरी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में हमने उन बच्चों के साथ त्योहार मनाने का फैसला किया। बच्चों को उपहार भी वितरित किये। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।
राजन गुप्ता, अश्वनी मित्तल, दिशा इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर शिखा अग्रवाल, अंकिता शर्मा, प्रियांशी, कृपाल, रनंजय, वरुण आदि मौजूद रहे।



**फोटो**
फोटो परिचय-पतंगों के साथ खुश स्ट्रेट चिल्ड्रन।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bharadwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 17 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# इलाज के लिए मिलेगी आर्थिक मदद: सीएम

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 350 लोगों की समस्याएं, हर व्यक्ति की पीड़ा को दूर करने के लिए संकल्पित है सरकार

**सुनवाई**

**जो भी जरूरतमंद आयुष्मान हेल्थ कार्ड से वंचित रह गए हैं, उनके कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवाए जाएं।**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता प्रभावी रहने के चलते मार्च माह से स्थगित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनोपयोगी जनता दर्शन कार्यक्रम एक बार फिर प्रारंभ हो गया है। इसकी शुरूआत गत दिनों लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास से हुई। शनिवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गोरखपुर में पिछला जनता दर्शन लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व 9 मार्च को हुआ था।

रविवार सुबह जनता दर्शन में काफी संख्या ऐसे लोगों को थी जो गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने के लिए तत्पर है। हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के मेडिकल इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कर शासन को जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिन पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं

गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और समयबद्ध,गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में पहुंची एक महिला ने मुख्यमंत्री से इलाज में मदद की गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने उससे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने बताया कि आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में जो भी खर्च आना है, अस्पताल से इस्टीमेट बनाकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को उक्त महिला का आयुष्मान कार्ड बनवाने का भी निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जो भी जरूरतमंद आयुष्मान हेल्थ कार्ड से वंचित रह गए हैं, उनके कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवाए जाएं।

### हर व्यक्ति की समस्या की होगा समाधान: सीएम

जनता दर्शन में पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे दंड का भागी बनना पड़ेगा। इसलिए अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह मंदिर की गोशाला में गोसेवा की।

# काशी में पीएम मोदी का पुष्पवर्षा के बीच शाही अंदाज में होगा स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काशी में भव्य स्वागत होगा। भाजपा काशी क्षेत्र ने बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ ही मेहंदीगंज ग्राम सभा स्थल पर भव्य स्वागत की पूरी रूपरेखा तैयार की है। शहरी क्षेत्र में पुलिस लाइन से लेकर दशाश्वमेधघाट, दशाश्वमेध से लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर गेट नम्बर चार तक स्वागत के लिए गेट बने हैं। पूरे यात्रा मार्ग में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार द्वय रविन्द्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ता काशीवासियों संग ढोल, नगाड़ा, डमरू दल के साथ शंखनाद एवं गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर जोरदार स्वागत करेंगे।

लगातार तीसरी बाद प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद प्रथम काशी आगमन पर कार्यकर्ता भी बेहद उत्साहित है।

**भाजपा ने झोंकी ताकत,डोल**

**तैयारी**

**बाबतपुर एयरपोर्ट, सभा स्थल के साथ सजाई जा रही हैं शहर की सड़कें**

**नगाड़ा संग किया जन जागरण:** भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने रविवार को बताया कि सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के मेहंदीगंज ग्राम सभा में 18 जून को किसान सम्मेलन आयोजित है। इसमें 50 हजार किसानों की भागीदारी का लक्ष्य है। इसके लिए भाजपा ने व्यापक जनजागरण अभियान चलाया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा आदि नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम स्थल के आस-पास हरसोस, मेहंदीगंज, बिरभानपुर आदि गांवों में जुलूस की शक्ल में ढोल-नगाड़े संग जन जागरण किया। गांव के एक -एक घर में जनसंपर्क कर अन्नदाताओं को किसान सम्मेलन में आने का निमंत्रण दिया। क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कार्यभार संभालते ही दो बड़े निर्णय लिये। पहला किसानों की 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि को अपनी स्वीकृति दी और दूसरा संकल्प पत्र में किये गए वायदे के तहत पहली ही कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए 3 करोड़ नए आवास को मंजूरी दी।

# जींद जिले से पिछड़ेपन का दाग हटा देगें: सतपाल ब्रह्मचारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद: सोनी**पत संसदीय क्षेत्र से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि तीन माह बाद ज्यों ही हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी त्यों ही जींद जिले के पीछे पिछड़ेपन का जो दाग लगा हुआ है, उसे हटाने पर काम शुरू हो जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से आग्रह किया गया है कि जींद को पूर्ण तौर से विकसित करने के लिए यहां ज्यादा से ज्यादा औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएं। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के दौर में जो जिप्सम जैसी औद्योगिक इकाइयां इस क्षेत्र से पलायन हुई है उनकी भरपाई के लिए कांग्रेस सरकार में नए-नए उद्योग लगाए जाएंगे ताकि इस क्षेत्र में उन्नित का मार्ग खुल सके। सांसद ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा औच्छे हथकंडे अपनाने के बाद भी केंद्र में बहुमत नहीं ले पाई। क्योंकि जनभावना भाजपा के विरोध में थी। हरियाणा में यदि भाजपा दाम-दमन का चक्रव्यूह नहीं रचती तो निश्चित तौर पर दसों की दसों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी जीत दर्ज करते। हरियाणा में जिस तरह कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है, उसके नतीजन यह तय हो गया है कि तीन माह बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। ब्रह्मचारी ने कहा कि जनता ने जो साथ दिया, उसका आभार जताने के लिए नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। 22 जून को जींद में पूर्व मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम के सिलसिले में आ रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद ने संविधान बदलने की बात की थी, जिसके नतीजन पब्लिक ने कड़ा रिएक्शन दिया।

**दावा**

**सरकार के दौर में जो जिप्सम जैसी औद्योगिक इकाइयां इस क्षेत्र से पलायन हुई है**

# पिंजौर में 15 जुलाई से शुरू होगी सेब मंडी: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने घोषणा की है कि पिंजौर में सेब (फल) और सब्जी मंडी 15 जुलाई, 2024 को चालू हो जाएगी। सेब बेचने के लिए मंडी में सभी बुनियादी सुविधाएं 15 जुलाई से पहले उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे विक्रेताओं को अधिक जगह मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने आज यहां हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) के अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य भर में कृषि बाजारों को चलाने की दक्षता और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।



**मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना की आयु सीमा 75 वर्ष तक बढ़ाई:** मुख्यमंत्री ने कृषि कार्य के दौरान लाभार्थी पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत आयु पात्रता 65 वर्ष से बढ़ाकर 75 वर्ष करने की घोषणा की है। विभाग ने पिछले 7 वर्षों में योजना के तहत लाभार्थियों को 134 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। दो अंगों के विच्छेदन या स्थायी गंभीर चोट के मामले में 1,87,500 रुपये, स्थायी गंभीर चोट या एक अंग के विच्छेदन के लिए और जहां चार उंगलियों के विच्छेदन को एक अंग के नुकसान के बराबर माना जाता है,

उसके लिए मुआवजा 1,25,000 रुपये, यदि पूरी उंगली कट जाती है, तो प्रदान की जाने वाली सहायता 75,000 रुपये, उंगली के आंशिक विच्छेदन के लिए, वित्तीय सहायता 37,500 रुपये की गई है।

**फैसला**

**सात नई अटल किसान मजदूर कैंटीन खुलेंगी, अब कैंटीनों की संख्या बढ़कर हुई 47**

# प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करें: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि प्रकृति और पर्यावरण की भारतीय संस्कृति का संरक्षण जरूरी है। उन्होंने अधिकाधिक पेड़ लगाए जाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रकृति के आंतरिक संतुलन को क्षति पहुंचाए बगैर विकास की सोच को मूर्त रूप दें। उन्होंने कहा कि वृक्ष एवं वनस्पतियां भूमि को उन्नत और उर्वरा ही नहीं बनाते बल्कि सबका भरण पोषण भी करते हैं। मिश्र रविवार को श्री कल्पतरू संस्थान द्वारा आयोजित "वृक्ष मित्र सम्मान समारोह" में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संस्थान की ओर से वृक्ष मित्र के रूप में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक सम्मान के रूप में प्रतिदिन एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने वाली उमा व्यास को सम्मानित किया।

उन्होंने वृक्ष मित्र के रूप में पर्यावरण कार्यकर्ता के.पी. कनाल, अशोक थोरात, गौतमराज शर्मा, रेणु राष्ट्रदीप, संदीप, उषा, अंजू चौधरी, ऋषि, रितेश दुबे को सम्मानित किया। उन्होंने वहीं परिंदो के लिए परिण्डा अभियान की भी शुरूआत की।

# नागरिक जल का अधिक से अधिक संचय करें: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों का आव्हान किया है कि वे समय की जरूरत को पहचान कर पानी के अपव्यय को रोके तथा जल का अधिक से अधिक संचय करें। पर्यावरण सुधार के लिये अधिक से अधिक वृक्षारोपण भी किया जाए। उन्होंने कहा कि गिरता हुआ भू-जल स्तर चिंता का विषय है। भू-जल स्तर में वृद्धि के लिये सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। समय की जरूरत को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। डॉ. यादव रविवार को यहां शहर के भंवरासला में स्थित एक अनुपयोगी तालाब को उपयोगी बनाने, उसकी जल क्षमता बढ़ाने तथा उसके सौंदर्यीकरण के लिये आयोजित श्रमदान कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

**आह्वान**

**अधिक से अधिक वृक्षारोपण भी किया जाए। उन्होंने कहा कि गिरता हुआ भू-जल स्तर चिंता का विषय है**

# पटना में नाव हादसा, परिवार के चार लोग लापता

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** पटना में गंगा नदी में अचानक नाव पलट गई। नाव पर सवार परिवार के 17 लोग नदी में डूबने लगे। फौरन स्थानीय तैराकों और नाविकों उन्हें बचाने की कोशिश करने लगे। 13 लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। वहीं परिवार के चार लोगों की तलाश जारी है। इधर, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस एसडीआरएफ की टीम की मदद से गंगा नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है। लापता लोगों की तलाश जारी है।



**13 लोगों को बाहर निकाल लिया गया:** इधर, घटना की पुष्टि करते हुए बाढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि उमानाथ घाट पर रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर लोग गंगा स्नान करने आए थे। नाव पलटने से परिवार के 17 लोग नदी में डूबने लगे। इनमें से 13 लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। वह फिलहाल ठीक है। इधर, एसडीआरएफ की टीम ने छह लोगों को तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। इनमें से दो लोगों को बचाकर नदी से बाहर निकाल लिया गया। वहीं चार लोगों की तलाश जारी है। इसमें एनएचएआई के एक सेवानिवृत्त अधिकारी अवधेश प्रसाद भी लापता हैं। अवधेश प्रसाद एक माह पहले ही सेवानिवृत्त हुए हैं। जबकि उनकी पत्नी को बचा लिया गया है।

**दुखद**

**तैराकों और नाविकों उन्हें बचाने की कोशिश करने लगे। 13 लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया**

**चार लोगों की तलाश जारी है:** गंगा नदी में नाव पलटने की हादसा में नदी में लापता चार लोगों में अवधेश कुमार 60 वर्ष, हरदेव प्रसाद 65 वर्ष , नीतीश कुमार 30 वर्ष एवं मंजू देवी 45 वर्ष शामिल हैं। यह सभी नालंदा के मालती गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। गंगा नदी में शव तलाशने की अभियान जारी है।

# मंत्री किरोड़ीलाल वादे के पक्के: मीना

**टीम एक्शन इंडिया**

**दौसा: केबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी**लाल मीणा के भतीजे व दौसा जिले के महुवा से भाजपा विधायक राजेन्द्र मीना ने कहा वे वादे के पक्के हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनावों में उनको प्रदेश की सात सीटों पर प्रचार की जिम्मेदारी थी।

इस पर उन्होंने कहा था कि अगर एक सीट पर भी भाजपा चुनाव हारी तो वो मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे और प्राण जाय पर वचन न जाई की पालना करूंगा।

# राजस्थान में कहीं बारिश तो कहीं तपिश, पश्चिमी हवा का प्रभाव होने से गर्मी तेज

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर: राजस्थान में इन दिनों** मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश में कभी तेज हवा के साथ बारिश हो रही हैं, तो कभी लोग गर्मी की तपिश में तप रहे हैं। बारिश का दौर हल्का पड़ने और पश्चिमी हवा का प्रभाव होने से गर्मी तेज हो गई है। पिलानी, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू समेत कुछ जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। श्रीगंगानगर, पिलानी, चूरू में हीटवेव चलनी शुरू हो गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार राजस्थान के दक्षिण-



पश्चिमी हिस्से पर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना है। इस सिस्टम के प्रभाव से उदयपुर, कोटा और अजमेर संभाग के नौ जिलों में दोपहर बाद आंधी चलने और बादल छाने की चेतावनी दी गई थी। जयपुर में शनिवार सुबह से ही तेज गर्मी रही। दोपहर 3 बजे बाद मौसम में थोड़ा बदलाव हुआ और कुछ जगहों पर धूलभरी हवा चली। बादल छाए। इससे देर रात लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। जयपुर में कल दिन का तापमान शनिवार की तुलना में 1.2 डिग्री बढ़कर 42.7 डिग्री सेल्सियस पर मापा गया। जयपुर के साथ अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक के एरिया में भी मौसम कुछ इसी तरह का रहा। यहां दोपहर बाद धूलभरी हवा चली और आसमान बादलों से ढक गया। भीलवाड़ा, अजमेर में कल दिन का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस, उदयपुर में 38.2, बाड़मेर-जैसलमेर में 41.5 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 40.6, बीकानेर में 43.4 और कोटा में 42.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम केन्द्र जयपुर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक कल सर्वाधिक गर्मी पिलानी शहर में रही। यहां का अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो यहां के सामान्य तापमान से 6.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। तापमान ज्यादा होने से यहां गर्मी के साथ कई जगह हीटवेव चली।

**गर्मी का सितम**

**चूरू समेत कुछ जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया**

# स्टंट व रेसिंग करना युवकों को पड़ा महंगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**फगवाड़ा (पंजाब):** पंजाब के कपूरथला जिले के गांव डोमेली में चल रही ट्रेक्टर रेस दौरान एक ट्रेक्टर बेकाबू होकर दर्शको पर चढ़ने की खबर है। जिसमे 5 लोगो के गंभीर घायल होने का बताया जा रहा है। जिनका उपचार जालंधर के निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने 4 लोगो को हिरासत में लेकर जाँच शुरू कर दी है। बता दे कि पंजाब में ट्रैक्टरों के साथ स्टंट करने और रेसिंग करने का चलन शुरू से ही चला आ रहा है। और इन गतिविधिओ के चलते कई बार हादसे भी हुए हैं। लेकिन फिर भी इस तरह के खेल बंद नहीं हो रहे हैं। इसी क्रम में फगवाड़ा के गांव डोमेली में भी हो रही ट्रैक्टर रेसिंग दौरान एक ट्रैक्टर अचानक से बेकाबू हो गया। जिसके बाद उक्त ट्रैक्टर ने रेस देखने के लिए किनारे खड़े दर्शको को रौंद दिया। इस घटना में करीब 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस घटना के कुछ दिल दहला देने वाले वीडियो भी सामने आए हैं। जानकारी अनुसार फगवाड़ा पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। फगवाड़ा ने मौके पर पहुंचकर तीन ट्रैक्टर भी जब्त किए हैं। हालांकि घटना में अन्य गिरफ्तारियां होनी अभी बाकी हैं। डीएसपी फगवाड़ा जसप्रीत सिंह के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि गांव डोमेली में अवैध रूप से ट्रैक्टर रेस चल रही थी और उसी दौरान हादसा हो गया। जिसके बाद वह तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही पूरी भीड़ मौके से भाग गई।

**ट्रैक्टर बेकाबू**

**सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने 4 लोगो को हिरासत में लेकर जाँच शुरू कर दी**

**धरपकड़**

## एक रात में पकड़े आठ हजार अपराधी, रात एक बजे बीएनपी देवास, ढाई बजे कोतवाली सीहोर और चार बजे कोहेफि जा थाने पहुंचे डीजीपी

# मप्र: एक साथ कॉम्बिंग पर निकले 15 हजार से अधिक पुलिसकर्मी

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए मप्र पुलिस लगातार अपराधियों की धरपकड़ कर रही है। इसी अनुक्रम में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात प्रदेश भर की पुलिस एक साथ, एक ही समय पर नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन पर निकली। डीजीपी सुधीर सक्सेना के मार्गदर्शन में हुए इस नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन में सभी जिलों में आईजी, डीआईजी, एसपी, एसडीओपी, थाना प्रभारी तथा भोपाल और इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के सभी अधिकारी/कर्मचारी शामिल रहे।



इस ऑपरेशन में प्रदेश के 15 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 370 डीएसपी व उच्च स्तर के अधिकारी भी सम्मिलित रहे। डीजीपी स्वयं रात भर सड़कों पर रहे तथा उन्होंने रात एक बजे बीएनपी देवास, ढाई बजे कोतवाली सीहोर और चार बजे कोहेफिजा थाना पहुंचकर नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन का जायजा लिया। साथ ही रात्रि में ही जोनल आईजी से बात कर उनके जिलों में नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन की जानकारी ली। जनता की सुरक्षा, प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था की सुदृढ़ता बरकरार रखने और अपराधियों में भय उत्पन्न करने के उद्देश्य से यह कॉम्बिंग गश्त की गई। कॉम्बिंग गश्त में फरार अपराधियों की धरपकड़, सभी स्थायी और गिरफ्तारी वारंटों की तामीली और जिला बदर अपराधियों की चैकिंग सुनिश्चित की गई। कॉम्बिंग गश्त के लिए सभी जिला मुख्यालयों पर अधिक से अधिक पुलिस बल को एकत्रित कर विस्तार से ब्रीफिंग की गई तथा कार्यवाही की जानकारी देकर अलग-अलग टीम बनाकर कॉम्बिंग गश्त के लिए रवाना किया गया। पूरी रात चली इस गश्त के दौरान लगभग आठ हजार अपराधी व वारंटी पकड़े गए। इस प्रदेशव्यापी कॉम्बिंग गश्त के दौरान गिरफ्तारी वारंट के लगभग पांच हजार से अधिक अपराधियों, लगभग 2500 स्थायी वारंटियों, लगभग 75 फरार अपराधियों तथा 1800 से ज्यादा जिलाबदर अपराधियों की चैकिंग की गयी, कुछ जिला बदर के अपराधी जिला बदर की शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाये गये, जिनके विरूद्ध पृथक से कार्यवाही की जा रही है।

**125 से अधिक इनामी बदमाशों को किया गिरफ्तार:** विभिन्न अपराधों में वांछित 125 से अधिक ऐसे बदमाशों को गिरफ्तार किया गया, जिन पर इनाम घोषित था।

**एक्शन में पुलिस**

**अपराधों में वांछित 125 से अधिक ऐसे बदमाशों को गिरफ्तार किया गया, जिन पर इनाम घोषित था**